सूर्योदय 5:58 सूर्यास्त 6:43

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 18.4 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82134.61 |
| निफ्टी | 25235.90 |
| सोना 71,450 | चांदी 88,400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 31 अगस्त 2024 | 16 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 254, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



अवनि ने लगातार दूसरी बार पैरालंपिक में जीता स्वर्ण, मोना को कांस्य पदक

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### पाक में भूस्खलन की चपेट में आया घर, 12 की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक घर ढह गया जिसमें नौ बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 12 सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले के मैदान इलाके में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि सभी 12 शवों को मलबे से निकाल लिया गया है और उन्हें चिकित्सीय-कानूनी औपचारिकताओं के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### सेना के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के मामून मिलिट्री स्टेशन में ड्यूटी पर तैनात एक सेना नायक ने खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान युद्धवीर सिंह निवासी मेन पुरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। घटना का पता चलते ही सेना के जवान घायल युद्धवीर के पास पहुंचे और उसे अस्पताल के लिए लेकर गए। डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया।

### असम में जुमे की नमाज के लिए नहीं मिलेगा ब्रेक

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने आज एक बड़ा फैसला सुनाया है। सरकार ने जुम्मा ब्रेक पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। सरकार ने 2 घंटे के जुम्मा ब्रेक को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और निशान को हटा दिया है। यह प्रथा मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में शुरू की थी।

### बिहार में डेंगू का कहर, 24 घंटे में 50 नए मरीज मिले

**पटना।** बिहार में लगातार डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में डेंगू के 50 नए मरीज मिले हैं। इतना ही पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती 16 साल के मरीज की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इधर, पिछले 24 घंटे में पटना में 17 डेंगू के मरीज मिले हैं।

### चक्रवात 'असना': अरब सागर में आया चक्रवाती तूफान

**नई दिल्ली।** गुजरात में शुक्रवार को मूसलाधार बारिश और बाढ़ का कारण बना गहन 'अवदाब' कच्छ के अपतटीय और पास के पाकिस्तानी इलाके में चक्रवात 'असना' के रूप में तबदील हो गया। वर्ष 1976 के बाद से अरब सागर में अगस्त महीने में आया यह पहला चक्रवाती तूफान है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अग्निशमन विभाग के 14 कर्मियों को हुआ चर्म रोग -पेज 2
- गगल का हर व्यापारी एयरपोर्ट विस्तार से परेशान: देवेंद्र -पेज 4
- ऊना जिले में कल से जीपीएस प्रणाली से होगी पशुधन की गणना -पेज 7
- पंचायत में छोड़े गए बैलों को पुनः गोसदन में छोड़ा जाएगा -पेज 11
- दो वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी -पेज 13


# जयराम ने उठाया ड्रोन से जासूसी का मसला सुक्खू ने आरोप नकारे, कहा–जांच करवाएंगे

## विधानसभा मानसून सत्र : प्रश्नकाल शुरू होते ही खूब बरपा हंगामा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उनकी जासूसी करने का मामला उठाया, जिस पर सदन में खूब हंगामा हुआ। प्रश्नकाल शुरू होते ही सदन में जयराम ठाकुर अपनी सीट पर खड़े हुए और विधानसभा अध्यक्ष से अपनी बात को सदन में रखने का आग्रह किया।

अध्यक्ष से अनुमति मिलते ही जयराम ने सदन में प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत उनके निवास स्थान पर ड्रोन चलाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि मुझ पर नजर रखी जा रही है। शिमला के एसपी मेरी निजता का हनन कर रहे हैं। विपक्ष के नेता के घर में कौन आ रहा, कौन जा रहा है, इस पर नजर रखी जा रही है। विपक्ष के विधायकों के फोन पहले ही टैप किए जा रहे हैं, जो सही परंपरा नहीं है।

जयराम ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अधिकारी अपनी सीमाओं को न लांघें। वक्त बदलता रहता है, सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन अधिकारियों को सीमाओं में रहकर काम करना होता है।

उन्होंने कहा कि वे शुक्रवार को भी जब घर से निकले तो आंगन के पास ड्रोन घूम रहा था जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन सब चुप हैं।





विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन ड्रोन से जासूसी का मामला उठाते जयराम तथा (दाएं) उनके सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### विधानसभा अध्यक्ष के 'विधायकों के सिर कलम' करने वाले बयान पर बवाल

**विधानसभा** में हमीरपुर के बड़सर से भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सवाल उठाया कि चुनाव के दौरान विधासभा अध्यक्ष ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। ऐसे में कुलदीप सिंह पठानिया के पुराने इस बयान को लेकर सदन में बवाल हो गया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में ऐसा कुछ नहीं हुआ था। इस तरीके के मामले सदन में नहीं उठाए जा सकते। लखनपाल ने सदन में प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के तहत मामला उठाते हुए कहा कि आपने चुनाव के दौरान कहा था कि 6 विधायकों के सिर कलम कर दिए गए हैं और 3 के आरी के नीचे हैं। क्या आप अपना बयान वापस लेंगे या नहीं? इस पर अध्यक्ष ने कहा कि सदन में उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया और न देता हूं। सदन के बाहर उनका अधिकार क्षेत्र अलग है, जो कानून भी है। कानूनन दृष्टि से जो निर्णय उन्होंने दिए हैं, अदालत ने भी उन निर्णय को अप्रूव किया है, इसलिए ऐसा कोई विषय सदन में उठाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। तभी इस दौरान हंगामा शुरू हो गया और बेल में आकर विपक्ष ने नारेबाजी शुरू की। इस दौरान लगभग 10 से 15 मिनट तक सदन की कार्यवाही भी चलती रही, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के बीच स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही लंच से 25 मिनट पहले ही स्थगित कर दिया। उसके बाद 2 बजे कार्यवाही शुरू हुई। वहीं, इस बीच संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सदन में इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा लाए प्रस्ताव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो ऑपरेशन लोटस चलाया था, जनता ने उसका करारा जवाब दिया है। अब इन्हें 2027 तक विपक्ष में बैठना है। सरकार जिस प्रकार की आर्थिक स्थितियों से गुजर रही है, उसमें सहयोग करें। लंच के बाद विपक्ष काले बिल्ले लगाकर सदन में आया। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि नियम 318 के तहत सदन के अंदर कोई भी किसी प्रकार का बिल्ला लगाकर नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि स्पीकर के तौर पर उनका कार्यकाल निष्पक्ष रहा है। सदन का रिकॉर्ड इस बात का साक्षी है। उन्होंने सत्तापक्ष से ज्यादा समय विपक्ष के साथियों को दिया है। सदन में स्पीकर ने कहा, अब कोई मुझे सिखाना चाहे तो मेरी उम्र सीखने की नहीं है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी जनसभा में स्पीकर ने यह बयान दिया था। इस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई थी। इससे नाराज विपक्ष ने 26 अगस्त को स्पीकर द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक का भी बहिष्कार किया था।

वहीं, सदन में नेता प्रतिपक्ष के घर पर ड्रोन से जासूसी करने के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जयराम के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी की जासूसी नहीं करवा रही है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आरोपों को नकारते हुए मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराएंगे व ईडी–सीबीआई को भी पत्र लिखेंगे।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को सनसनी फैलाने की आदत पड़ गई है। यह जांच का विषय है कि कहीं ईडी या सीबीआई तो इस तरह की जांच तो नहीं करा रही है। नेता प्रतिपक्ष के घर के ऊपर ड्रोन उड़ना व खिड़कियों के पास आना गंभीर विषय है। सीएम सुक्खू ने कहा कांग्रेस सरकार 68 विधायकों में से किसी की भी जासूसी नहीं करवा रही है। पुलिस का कोई अधिकारी इसमें सम्मिलित नहीं है। नेता प्रतिपक्ष को अपना आपा नहीं खोना चाहिए, वह संयम रखें मामले की पूरी जांच होगी। (अनंत ज्ञान)

# हमारी फिनटेक विविधता को देखकर दुनिया हैरान : मोदी



**एजेंसी, मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित किया।

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया फिनटेक के मामले में भारत की विविधता को देखकर हैरान रह जाती है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक समय था, जब लोग हमारी सांस्कृतिक विविधता को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते थे। अब लोग भारत आते हैं और हमारी फिनटेक विविधता को देखकर भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। मुंबई में कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पहले संसद में लोग पूछते थे कि देश में पर्याप्त बैंक शाखाएं नहीं हैं, गांवों में बैंक उपलब्ध नहीं हैं, इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं...फिनटेक क्रांति कैसे आएगी? वे मुझ जैसे चायवाले से ऐसा पूछते थे...अब एक दशक के भीतर ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता 60 मिलियन (6 करोड़) से बढ़कर 940 (94 करोड़) मिलियन हो गए हैं।

मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की फिनटेक क्रांति वित्तीय समावेशन में सुधार के साथ–साथ नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है। आज भारत में बैंकिंग सर्विस चौबीसों घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती हैं।

### हम डिजिटल तकनीक के जरिए पारदर्शिता लाए

**पीएम** ने कहा कि हम भारत में डिजिटल तकनीक के जरिए पारदर्शिता लेकर आए हैं। आज सरकार की सैकड़ों योजनाओं के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया जाता है। इसमें सिस्टम से लीकेज बंद हुई है। आज लोगों को फॉर्मल सिस्टम से जुड़ने में अपना लाभ नजर आता है। उन्होंने कहा कि फिनटेक ने वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

## पाकिस्तान के साथ निर्बाध संवाद का कालखंड समाप्त हो चुका है: जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध संवाद का कालखंड अब समाप्त हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत 'निष्क्रिय नहीं' है और घटनाएं सकारात्मक हों या नकारात्मक, भारत प्रतिक्रिया देगा। जयशंकर ने पुस्तक विमोचन समारोह में यह भी कहा कि दुनिया में किसी भी देश के लिए पड़ोसी हमेशा 'पहेली' होते हैं और बड़ी महाशक्तियां भी ऐसी होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रमुख महाशक्तियां 'पहेली' होती हैं क्योंकि वे बड़ी हैं, क्योंकि उनके हित व्यापक हैं।

# आंध्र प्रदेश : गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम के 300 वीडियो फुटेज लीक, हड़कंप

**एजेंसी, कृष्णा**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल छात्रा से हुई रेप की घटना को लेकर पूरे देश में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, आंध्र प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेज से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में खुफिया कैमरा मिला है। कहा यह भी जा रहा है कि यहां पढ़ने वाली 300 लड़कियों का प्राइवेट वीडियो भी लीक हो गया है। यह मामला सामने आने के बाद यहां पढ़ने वाली छात्राएं आंदोलन पर उतर आई हैं। छात्राओं ने इस मामले पर कार्रवाई करने की मांग की है।



वहीं, मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले एक छात्र विजय को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी के लैपटॉप को भी जब्त कर लिया है। वहीं, छात्रों की मानें तो उन्होंने लड़कियों का वीडियो विजय से खरीदा है और इसके बदले विजय को मोटी रकम भी दी है।

## हसीना की विशेष सुरक्षा खत्म करने के लिए कानून में संशोधन करेगी बांग्लादेश की सरकार



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा वीरवार को वापस ले ली। अंतरिम सरकार ने कुछ दिन पहले ही उनके राजनयिक पासपोर्ट भी रद्द कर दिए थे। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा को हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया है।

## कोलकाता रेप कांड: पुलिस ने अस्पताल को ठहराया दोषी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पीजी ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या की शिकार पीड़िता के पिता ने अस्पताल के स्टाफ के साथ उनकी बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर कई सवाल उठाए हैं।

पीड़िता के पिता ने अस्पताल के एक कर्मचारी के साथ अपनी पहली तीन बातचीत के कथित ऑडियो क्लिप पर प्रतिक्रिया दी। खबर के मुताबिक, यह ऑडियो क्लिप गुरुवार को वायरल हो गए, जिसको लेकर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। वहीं, कोलकाता पुलिस ने इस मामले में कथित तौर पर अस्पताल को दोषी ठहराया।

कोलकाता पुलिस की डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखर्जी ने गुरुवार को लालबाजार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि आरजी कर मामले में वायरल हुए ऑडियो क्लिप से यह स्पष्ट है कि अस्पताल के अधिकारियों ने सबसे पहले 9 अगस्त को मृतक के परिवार से संपर्क किया था। इससे पहले पुलिस ने उनसे किसी तरह का संपर्क नहीं किया।

## भाजपा में शामिल हुए पूर्व सीएम चंपई सोरेन



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को रांची में आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गए। चंपई सोरेन को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर लक्ष्मीकांत वाजपेयी और अर्जुन मुंडा समेत कई सीनियर नेता भी मौजूद रहे।

## फिल्म रिलीज के लिए कोर्ट जाएंगी कंगना

**एजेंसी, मुंबई**



फिल्म 'इमरजेंसी' के रिलीज पर कानूनी संकट पैदा हो गया है। कंगना रनौत फिल्म की रिलीज के लिए अब कोर्ट का दवाजा खटखटाएंगी।

फिल्म, जो 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल पर आधारित है, को लेकर बैन की मांग उठ रही है। ट्रेलर के लॉन्च के बाद से ही इस फिल्म के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं, लेकिन अब इसका एक और मुद्दा सामने आया है। कंगना रनौत ने खुलासा किया है कि उनकी फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। फिल्म को सेंसर से पास कर दिया गया था, तो सर्टिफिकेट मिलने के दिन विवाद उत्पन्न हो गया और अब तक सर्टिफिकेट नहीं मिला है। कंगना के अनुसार, सेंसर बोर्ड के साथ भी बहुत सारे मुद्दे हैं और मुझे पूरा भरोसा था कि मुझे सर्टिफिकेट मिल जाएगा, लेकिन अब वे मुझे सर्टिफिकेट नहीं दे रहे हैं।




**विनम्रता**

## महाराष्ट्र में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी–

# 'मैं सिर झुकाकर माफी मांगता हूं'

**एजेंसी, पालघर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह सिंधुदुर्ग में शिवाजी की मूर्ति गिरने से आहत महाराष्ट्र के लोगों से सिर झुकाकर माफी मांगते हैं।



महाराष्ट्र के पालघर जिले के मालवन में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने घटना के लिए माफी मांगते हुए विपक्ष की आलोचना भी की। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और उन्हें इससे गहरा दुख पहुंचा है, मैं उनसे सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग–अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है।

राज्य के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा 26 अगस्त को ढह गई थी। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर 'भूमिपुत्र' वीर सावरकर का अपमान करने और उन्हें गाली देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके 'मूल्य' अलग हैं। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं। आज मैं अपना सिर झुकाता हूं और अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं, हम वे लोग नहीं हैं जो भारत माता के महान सपूत, इस भूमि के सपूत वीर सावरकर को गाली देते और अपमानित करते रहें। वे माफी मांगने के लिए तैयार नहीं हैं, वे अदालतों में जाने और लड़ने के लिए तैयार हैं। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखी। इस परियोजना की कुल लागत करीब 76,000 करोड़ रुपए है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान करीब 1,560 करोड़ रुपए की लागत वाली 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पुनर्निर्माण के लिए युद्ध स्तर पर फैसले ले रही है और राज्य के मालवन इलाके में प्रतिमा के ढहने की जांच के लिए दो समितियों का गठन किया गया है।

### प्रतिमा गिरने के मामले में हुई पहली गिरफ्तारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में स्ट्रक्चरल कंसलटेंट चेतन पाटील को गिरफ्तार कर लिया है। पाटिल को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया है। वीरवार रात को चेतन पाटिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद सिंधुदुर्ग पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। कुछ दिनों पहले पुलिस ने मूर्ति बनाने वाले ठेकेदार और स्ट्रक्चरल कंसलटेंट (संरचनात्मक सलाहकार) के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### शामठा स्कूल के छात्रों ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शामठा के छात्रों ने राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कला अध्यापक केवल राम कांटा के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। छात्रों ने स्कूल के समीप शामठा में 50 देवदार के पौधे रोपित कर इनके संरक्षण का प्रण भी लिया। केवल राम ने कहा कि छात्रों में इस पौधरोपण को लेकर विशेष उत्साह है तथा छात्रों ने रोपित किये गए 50 देवदार के पौधों के संरक्षण की शपथ ली है।

### धामी कॉलेज में गठित हुई वाणिज्य विभाग की सोसायटी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी 16 मील में वाणिज्य विभाग द्वारा एक सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने की। सभा का प्रमुख उद्देश्य सत्र 2024-25 के लिए वाणिज्य सोसायटी का गठन करना रहा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत संकलानी ने नवगठित टीम को बधाई दी। प्राचार्य जनेश कपूर ने आशा जताई कि यह सोसायटी छात्र एवं महाविद्यालय हित के लिए कार्य करेगी। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए विक्रांत सकलानी, उपाध्यक्ष पीयूष भारद्वाज, महासचिव के लिए दीक्षा शर्मा तथा नम्रता, हर्षिता चौहान, पायल शर्मा, युगल चौहान तथा तनुजा को सदस्य चुना गया।



### स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**अनंत ज्ञान, जुब्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाडगी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय शिविर के दौरान विद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी धर्म प्रकाश वर्मा ने बताया कि स्वच्छता को अपने जीवन में आदत की तरह अपना कर स्वस्थ जीवन विकसित करना इस गतिविधि का मूल उद्देश्य है। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ हेड बॉय पियूष हरनोट और हेड गर्ल मुस्कान ठाकुर भी उपस्थित रही।

### सुन्नी के दोगरी में एक शव बरामद

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** समेज त्रासदी में लापता हुए 36 लोगों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार सुबह सुन्नी में कोल डैम के तहत दोघरी में एक शव बरामद हुआ है। यह शव काफी क्षत विक्षत हालात में मिला है। शव 14 से 15 साल की लड़की का बताया जा रहा है। बहरहाल शव को कब्जे में ले जाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि समेज त्रासदी में लापता हुए 36 लोगों को ढूंढने के सर्च ऑपरेशन के तहत अभी तक कुल 21 शव मिल चुके है। पुलिस की अगुवाई में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### रोहड़ू में चोरों ने घर में दिया वारदात को अंजाम

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत विक्रम ठाकुर पुत्र स्वर्गीय राजिंद्र कुमार निवासी गांव व डाकघर अढाल ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया है कि रोहड़ू के शक्तिनगर में उसका अपना मकान है। कुछ दिन से वह सेब सीजन के काम से अपने गांव अढाल गया हुआ था। 29 अगस्त को सुबह 7 बजे उसे पड़ोसी कैलाश का फोन आया कि शक्ति नगर रोहड़ू में उसके मकान से धुआं निकल रहा है। जब उसने आकर देखा तो पाया कि 28 व 29 अगस्त की मध्य रात्रि अज्ञात व्यक्ति ने सामान चोरी कर लिया। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामला दर्ज किया गया है।

### 5वीं वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शुक्रवार को 5वीं वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में पौधरोपण किया गया। वाहिनी आदेशक कुशल चंद कटोच की अध्यक्षता में पौधरोपण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। अधिकारी कटोच ने बताया कि होमगार्ड व फायर सर्विसेज के महादेशक के आदेशानुसार यह आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष विभाग की ओर से पौधरोपण किया जाता है। जिसमें छायादार और फलदार पौधे लगाए जाते हैं। इस अवसर वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र से सुरेंद्र चंदेल, ओम प्रभात, बाबू राम, कुलदीप सिंह, संजय कुमार, कुलदीप चंद, अंकुर जसवाल, राजेश कुमार, संजीव कुमार, श्याल लाल व अन्य मौजूद रहे।

### एचआईवी/एड्स को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला प्राचार्य डॉ ध्रुव पाल की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से एचआईवी एड्स पर एक जागरूकता नुक्कड़ नाटक का सयोला गांव में आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों व युवा पीढ़ी को एचआईवी एड्स से फैलने वाले भयंकर रोगों के बारे में जागरूक किया गया। गौरतलब है कि यह क्लब सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के आयोजन करवाता है। महाविद्यालय के स्वास्थ्य सेवाएं और नशा निवारण सैल द्वारा भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के समन्वयक प्रो डिंपल चैहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### पुलिस ने युवक से पांच कारतूस किए बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** इंटरनेट मीडिया पर गोली चलाने का वीडियो बनाने वाले एक युवक के पास से पुलिस ने पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही उसकी कार से बंदूक में उपयोग होने वाला गोला बारूद भी बरामद किया है। स्वारघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि सुमंत, जो कटीरडा का निवासी है, ने इंटरनेट मीडिया पर अपने नाम को चमकाने के लिए बंदूक से गोली चलाई और उसका वीडियो अपलोड किया। पुलिस ने जब सुमंत के घर पर छापा मारा, तो पाया कि उसका दोस्त मनोज, जो रीजावाण का निवासी है, ने पिस्टल से हवा में गोली चलाई थी और इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डाला था। जिसके बाद मनोज की कार से पुलिस ने गोला बारूद और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए।इस दौरान पुलिस ने फारेस्ट बेरियर स्वारघाट में नाकेबंदी कर दी। जिसके बाद मनोज की कार एचपी-09-ए-4708 को चेकिंग के लिए रोका। कार की डिक्की से लिफाफे में रखे गए पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए। डीएसपी बिलासपुर, मदन धीमान ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं 4 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला भाषा तथा संस्कृति विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के तहत जिले के स्कूली बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि बिलासपुर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन चंगर सेक्टर स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार में 4 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 29 अगस्त तक जिला से प्रतिभागियों के नाम मांगे गए थे, जो प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा। पहली भाषण प्रतियोगिता रहेगी, जिसका विषय 'तकनीकी युग में हिंदी भाषा' तथा 'हिंदी का वर्तमान और भविष्य' रहेगा। हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय 'हिंदी, भारत का गौरव' और 'आधुनिक शिक्षा पद्धति में हिंदी की दशा और दिशा' होगा। हिंदी प्रश्नोत्तरी भी करवाई जा रही है, जिसके लिए हिंदी साहित्य तथा हिंदी व्याकरण के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न तय किए गए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं गेयटी थिएटर शिमला में 12 सितंबर को प्रातः 10 बजे आरंभ हो जाएंगी।

# संजौली महाविद्यालय में एसएफआई का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएफआई संजौली इकाई द्वारा परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कैंपस सचिव अंशुल ने कहा की हिमाचल प्रदेश में 2013 में जब इआरपी प्रणाली को लागू किया। जिसके पीछे प्रशासन और सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया कि इसके द्वारा छात्रों के परीक्षा परिणाम शीघ्र अति शीघ्र घोषित किए जाएंगे और परीक्षा परिणामों में पारदर्शिता लाई जाएंगी।

आज छात्र मानसिक तौर पर प्रताड़ित हो रहा है क्योंकि उसके परीक्षा परिणाम लगभग 6 महीने बाद घोषित किए जा रहे हैं , उसमें भी किसी भी प्रकार की पारदर्शिता नहीं पाई जाती है। रिचेकिंग के नाम पर छात्रों से बार-बार फीस वसूल की जा रही है। बहुत से छात्रों का वार्षिक परिणाम इआरपी सिस्टम के कारण घोषित नहीं किया जाता परिणाम



एसएफआई संजौली इकाई के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

स्वरुप उसे विश्वविद्यालय में दर-बदर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर किया जाता है। जिसके कारण छात्रों को एक उपभोक्ता की तरह इस्तेमाल में लाया जा रहा है और शिक्षा का लगातार बाजारीकरण किया जा रहा है, जिसकी एसएफआई कड़े शब्दों में निंदा करती है।

धरना प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए कैंपस सह - सचिव कॉमरेड रितिक ने महाविद्यालय मे छात्र मुद्दों की बात रखी । रितिक ने कहा की एसएफआई पिछले लंबे समय से छात्राओं के छात्रावास की मांग कर रही है और पिछली सरकार मे शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज द्वारा महाविद्यालय में छात्रावास का शिलान्यास किया जाता है परंतु फिर भी तीन वर्ष के अंतराल पश्चात भी छात्रावास का काम शुरू नही हो पाया है, जो निंदनीय है।

एसएफआई मांग करती है कि इन मांगो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए अन्यथा आने वाले समय मे पूरे हिमाचल के छात्रों को लामबध करते हुए एक उग्र आंदोलन करेगी। जिसका जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन होगा।

## बारिश से 40 सड़कें, 19 पेयजल योजनाएं ठप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में भारी बारिश से 40 सड़के और 19 पेयजल योजनाएं ठप्प है।

जगह-जगह भूस्खलन के चलते कुल्लू, मंडी, शिमला व सिरमौर जिले में कई सड़कें अभी भी बाधित हैं। उधर मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के कई भागों में 5 सितंबर तक हल्की बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। 2 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। वहीं राजधानी शिमला में शुक्रवार को बादल झमाझम बरसे।

शिमला में न्यूनतम तापमान 16.0, सुंदरनगर 21.5, भुंतर 20.6, कल्पा 14.0, धर्मशाला 18.4, ऊना 20.4, नाहन 23.1, केलांग 12.6, पालमपुर 18.2, सोलन 19.7, मनाली 6.7, कांगड़ा 20.4, मंडी 20.1, बिलासपुर 23.5, चंबा 21.3, डलहौजी 13.1, जुब्बड़हट्टी 19.8, धौलाकुआं 24.4, समदो 15.5, कसौली 18.1, पावंटा साहिब 24.0, देहरा गोपीपुर 24.0 व सैंज में 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## कुलदीप पठानिया ने विद्यार्थियों को कौंसिल चैंबर की दी जानकारी



कुलदीप पठानिया के साथ विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मानसून सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही देखने आए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज हरि देवी घणाहटी तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते हुए विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने उन्हें कौंसिल चैंबर के इतिहास की जानकारी दी।

इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने इन छात्र-छात्राओं से संसदीय प्रणाली तथा भारतीय लोकतंत्र से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर कौंसिल चैंबर की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि इसका इतिहास अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि कौंसिल चैंबर का निर्माण 10 लाख रुपए की लागत से ब्रिटिश काल में 1920 से 1925 के बीच हुआ था। जिसकी हम शताब्दी मना चुके हैं। कौंसिल चैंबर को पंजाब विधानसभा, हिप्र पार्ट सी. स्टेट विधानसभा तथा 1 जुलाई 1963 से हिमाचल प्रदेश विधानसभा होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

कौंसिल चैंबर में कई ऐतिहासिक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया गया। जिसमें भारत की आजादी तथा मोती लाल नेहरू द्वारा महिलाओं के मताधिकार का प्रस्ताव भी यहीं पारित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना तथा अपनी शुभ कामनाएं दी।

## स्टाफ की कमी से लोग परेशान, 42 सीटर बस में 72 लोग कर रहे सफर

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**

नेरवा डिपो के अंतर्गत स्टाफ की कमी के चलते बस रुट बंद होने से पहाड़ों की सर्पीली सड़कों पर 42 सीटर बस में छह दर्जन लोग जोखिम भरा सफर करने को मजबूर है। यह स्थिति किरण और न्योल की आधा दर्जन पंचायतों को यातायात सुविधा प्रदान करने वाले पेदग रुट के बंद होने से पेश आ रही है।

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार नेरवा से कुटांगण के लिए साढ़े चार बजे चलने वाली बस के बंद होने से नेरवा-पेदग और नेरवा-कोटि, सरांह रूटीन प्रभावित हो रहे है । यह बस पहले दिन साढ़े चार बजे नेरवा से कुटांगण जाती थी, फिर दूसरे दिन सुबह कुटांगण से वापस आ कर आठ बजे स्कूल टाइम पर पेदग जाती थी। इसके बाद यह पेदग से वापस आकर कोटि सरांह जाती थी तथा वहां से वापस आने पर शाम को फिर पेदग जाती थी।इस अव्यवस्था के चलते गुरूवार को नेरवा से साढ़े तीन बजे मनेवटी के लिए चलने वाली 42 सीटर बस में 72 सवारियों को सफर करना पड़ा ।

उधर इस बारे बात करने पर क्षेत्रीय प्रबंधक नेरवा डिपो अनिल शर्मा ने कहा कि स्टाफ की कमी की वजह से कुटांगण रुट को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा है। निगम द्वारा स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है, उक्त तीनों रुट प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ही सुचारू कर दिए जाएंगे। इन दिनों नेरवा-जुब्बल मार्ग कठंग के समीप बंद है, लिहाजा मनेवटी में टूर्नामेंट के दौरान चौपाल-जुब्बल बस को वैकल्पिक तौर पर मनेवटी तक चलाया जाएगा ।

## बैठकों में होने वाली कार्रवाई होगी अब पेपरलेस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की सांविधिक बैठकों, अकादमिक परिषद, कार्यकारिणी परिषद, वित्त समिति, विश्वविद्यालय कोर्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में होने वाली कार्रवाई अब पेपरलेस होगी।

विश्वविद्यालय की 38वीं अकादमिक परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसके लिए अकादमिक परिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। धौलाधार परिसर-एक में विश्वविद्यालय की 38वीं अकादमिक परिषद की बैठक में विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों को संचालित करने की अनुमति दी गई।

बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। उन्होंने इस अवसर पर सभी सदस्यों के समक्ष विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को रखा। इस अवसर पर काफी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

## गीतिका बनी इकाई अध्यक्ष और अस्मिता को इकाई मंत्री की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धामी इकाई की नव कार्यकरणी का गठन किया गया, जिसमें विशेष रूप से विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी जी उपस्थित रहे। इस दौरान इकाई अध्यक्ष के रूप में गीतिका को व इकाई मंत्री का अस्मिता को दायित्व दिया गया। इकाई उपाध्यक्ष के रूप में पूजा, अभिषेक सपना, प्रियंका और साथ ही सह सचिव का दायित्व भूमिका, भर्वी, ललित, प्रीति को दायित्व दिया गया तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिल्पा, ज्योति, दिव्य, मानसी, दीक्षा, विमल, दिनेश, शुभम, कार्तिक आदि सभी कार्यकारिणी सदस्य बने।

## भ्रष्टाचार और बलात्कार करने वालों की आका बनी कांग्रेस : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की सरकार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार और बलात्कार करने वालों की आका बन चुकी हैं। कांग्रेस जहां भी जाती है, वहां लूट और कंगाली ले आती है। इसको हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रमाणित करने का काम किया है। बीते दिन हिमाचल प्रदेश की मुख्यमंत्री ने राज्य के आर्थिक दिवालिएपन का इजहार किया है। हिमाचल प्रदेश पर इस समय 87 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है और अगले वित्त वर्ष से पहले यह कर्ज का आंकड़ा एक लाख रुपए को पार कर जाएगा। सुरेश कश्यप ने कहा की हिमाचल में भ्रष्टाचार का बोल बाला है जिस प्रकार से एक्साइज पॉलिसी में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है उससे कई प्रश्न सरकार पर उठते है।

## पुलिस ने दो युवकों को चिट्टे सहित किया काबू

**शिमला।** पुलिस के स्पेशल सेल सिमिट्री से दो युवकों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी मुताबिक पुलिस के स्पेशल सेल गुप्त सूचना मिली कि सिमिट्री में दो संदिग्ध युवक है इनके पास अवैध नशा हो सकता है। जिस पर पुलिस ने दोनों युवकों से 6.08 ग्राम चिट्टा बरामद किया। चिट्टे के साथ गिरफ्तार हुए युवकों की पहचान राकेश पाल व सुभाष बैसला के रूप में हुई है। जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। दोनों नशे के आदि है । पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है।

## अग्निशमन विभाग के 14 कर्मियों को हुआ चर्म रोग

### कुछ दिन पहले काटी थीं झाड़ियां, स्वास्थ्य विभाग को निरीक्षण करने के लिए कहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अग्निशमन विभाग बिलासपुर में कार्यरत एक दर्जन से अधिक कर्मचारी चर्म रोग की चपेट में आ गए हैं। इन कर्मचारियों के शरीर पर धब्बे और रैशिश पड़ गए हैं, जिससे इनको अधिकतर शरीर में इस तरह के निशान पड़ गए हैं। हैरान करने की बात तो यह है कि एक ही विभाग और कार्यालय के लगभग 14 कर्मचारी इसी तरह की बीमारी की चपेट में आ गए हैं। इससे विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को इस संदर्भ में जानकारी भी दी है। जानकारी के अनुसार अग्निशमन विभाग के पास कुक और सफाई कर्मचारी के पद रिक्त चले हुए हैं। ऐसे में यह दोनों कार्य विभाग के



कर्मचारियों को ही करने पड़ रहे हैं। वहीं, कर्मचारियों का यह भी कहना है कि उनके द्वारा कुछ समय पहले झाड़ियां काटी गई है। इससे उनको अंदेशा है कि इसकी वजह से एलर्जी हो सकती है, लेकिन फिर भी प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम को निरीक्षण करने के लिए बोला गया है, लेकिन अभी तक टीम नहीं पहुंची है। अधिकतर कर्मचारी निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं।

गौरतलब है कि चर्म रोग को लेकर पहले ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में चर्म रोग के मामले अधिक आते हैं, क्योंकि बरसात के मौसम में उगने वाले बूटियों से चर्मरोग होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में यह भी क्यास लगाए जा रहे हैं कि कर्मचारियों द्वारा झाड़ियां साफ करने के चलते तो नहीं कहीं यह चर्म रोग हुआ है। इस संदर्भ में अग्निशमन विभाग बिलासपुर के फायर ऑफिसर जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों का अवगत करवा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग को निरीक्षण करने के लिए भी आग्रह किया गया है। विभाग के 14 कर्मचारी इस चर्म रोग की चपेट में आ गए हैं। विभाग में सफाई कर्मचारी और कुक का रिक्त पद चला हुआ है, यह सारा कार्य कर्मचारियों द्वारा की किया जा रहा है।

उधर, बिलासपुर अस्पताल में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश शर्मा ने कहा कि इस संदर्भ में जानकारी मिली है। दो सदस्यीय टीम भेजी जा रही है। सभी कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया जाएगा।

## क्रोएशियाई नाटक द डॉल का एक और दो सितंबर को होगा मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

संकल्प रंगमंडल शिमला व भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर में एक व दो सितंबर को प्रसिद्ध क्रोएशियाई नाटक द डॉल का मंचन किया जाएगा। इन दो दिनों में इस नाटक के दो शो होंगे। जिनका मंचन रोज शाम 3 बजे बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर में स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के ऑडिटोरियम में होगा। इस नाटक का मूल आलेख अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्रोएशियाई नाटककार मीरो गावरान ने लिखा है, जबकि जयपुर व मुंबई के प्रसिद्ध रंगकर्मी व सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने इसका हिंदुस्तानी नाट्य रूपांतरण किया है।

निर्देशक केदार ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के 6 जिलों में इस नाटक के 14 शो किए जा रहे हैं। इनमें कुल्लू, मंडी, सोलन, हमीरपुर और शिमला के साथ बिलासपुर जिला शामिल है। 2 दिनों तक बिलासपुर में शो करने के बाद शिमला, हमीरपुर, मंडी व कुल्लू में इसके शो होंगे। नाटक द डॉल की विषयवस्तु अत्याधुनिक कृत्रिम कुशलता आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संबंध रखती है, जो आज प्रत्येक व्यक्ति की जिज्ञासा का केंद्र है और आने वाले समय में सबके जीवन को प्रभावित करने का सामर्थ्य रखती है।

## सरकारी भूमि पर किए कब्जों को नियमित करने के लिए बनाई जाए कोई ठोस नीति : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने ग्रामीण इलाकों में लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर मजबूरन किए गए कब्जों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि सत्तर के दशक में लोगों को जहां उनकी नौतोड़ भूमि बताई गई, उन्होंने वहां पर मकान व गौशालाएं बना लीं। अब उन्हें अवैध करार दिया जा रहा है। यह स्थिति किसी एक विधानसभा क्षेत्र या जिला की नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल में है। लोगों ने खून-पसीने की जीवन भर की कमाई से अपने लिए आशियाने बनाए हैं। उन्हें तोड़ना ठीक नहीं है। सरकार चाहे तो नीति बनाकर उन कब्जों को रेगुलर किया जा सकता है। इससे जहां सरकार को राजस्व मिलेगा, वहीं लोगों को भी स्थाई तौर पर राहत मिल जाएगी।



विधानसभा सत्र के दौरान जीतराम कटवाल ने इस ज्वलंत मसले को लेकर संकल्प रखा। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान बुनियादी सुविधाएं हैं। यह सभी को हर हाल में मिलनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखकर गांधी कुटीर और प्रधानमंत्री आवास जैसी कई योजनाएं भी चलाई गई। जब सरकार घर बनाने के लिए पैसा दे रही है, तो भूमिहीनों को जमीन मुहैया करवाना भी उसका दायित्व है। इसके मद्देनजर सरकार ने ग्रामीण इलाकों में भूमिहीनों को 3 और शहरी क्षेत्रों में 2 बिस्वा भूमि देने का प्रावधान किया है, लेकिन ज्यादातर मामलों में एफसीए और एफआरए का हवाला देकर इसमें असमर्थता जता दी जाती है। यदि सरकार जमीन नहीं दे सकती तो ऐसे नियम बनाने का क्या फायदा है।

जीतराम कटवाल ने ताजा उदाहरण देते हुए कहा कि हिमाचल में 2 वर्षों में प्राकृतिक आपदा से बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। समेज गांव का नॉमोनिशान तक नहीं बचा है। आपदा पैकेज के तहत पीड़ितों को पहली किस्त के रूप में 1 से 3 लाख रुपए तक की राशि दी गई। दूसरी किस्त तब जारी होनी थी, जब वे अपने मकान की नींव डालने का काम कर लेंगे। इसमें यह बात नजरअंदाज कर दी गई कि जब आपदा पीड़ितों के पास जमीन ही नहीं बची है तो वे मकान या उसकी नींव कहां बनाएंगे। उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने में कई साल लग सकते हैं। पहले भी कई मामलों में ऐसा ही होता आया है।

## ओरिएंटेशन- इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में नव आगुंतक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन व इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सदर विधायक बंबर ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 12 बजे मल्टीपर्पज हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

## डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए बरतें सावधानियां: सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार ने जिलावासियों से बरसात के दौरान डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में अब तक डेंगू और मलेरिया का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। मगर बरसात में डेंगू और मलेरिया के फैलने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में उच्च जोखिम वाले जगह परलगातार फागिंग की जा रही है। ताकि डेंगू और मलेरिया की फैलने की संभावनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचने के लिए घर के आसपास की नालियों गमलों खाली पड़े बर्तनों, कूलर की जालियों फ्रिज और एसी की सफाई की जाए ,क्योंकि साफ पानी में ही डेंगू और मलेरिया का मच्छर पनपता है। गंदे पानी में दवा व काले तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने मलेरिया के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया की तीन अवस्थाएं होती है शीत वाली अवस्था तेज सर्दी, शरीर में कंपकंपी, सिर में दर्द, खूब कपड़े ओढ़ना गर्मी वाली अवस्था-तेज बुखार, अधिक पसीने के साथ बुखार व कमजोरी महसूस होना है। मलेरिया के लिए खून की जांच व उपचार निशुल्क किए जाते हैं। किसी भी सरकारी अस्पताल, स्वास्थ्य उपकेंद्र में रक्त पट्टिका की सूक्ष्म दर्शी द्वारा जांच पर मलेरिया की पुष्टि होने पर मूल उपचार मुफ्त दिया जाता है।

**समस्या** — लोगों ने बिलासपुर नगर परिषद के अध्यक्ष कमल गौतम को सौंपा ज्ञापन

## कॉलेज कॉलोनी से जल भंडारण तक सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अनगर परिषद बिलासपुर के कोसरियां वार्ड में कॉलेज कॉलोनी से जल शक्ति विभाग के जल भंडारण एवं आपूर्ति टैंक तक सड़क की दयनीय हालत लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर न केवल गहरे गड्ढे बन गए हैं, बल्कि कई जगह वह पूरी तरह से उखड़ गई है।

सड़क की सही ढंग से मरम्मत करवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को शिव शक्ति जन कल्याण एवं विकास समिति दनोह के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम को ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह के साथ ही प्रतिनिधिमंडल में



शामिल नरेंद्र ठाकुर, विनोद ठाकुर, सूरज सहगल, सुनील मेहता व रिशी शर्मा आदि ने कहा कि कॉलेज कॉलोनी से लेकर जल भंडारण एवं आपूर्ति टैंक कोसरियां तक की सड़क एक तरह से भगवान भरोसे ही है। बारिश के पानी के तेज बहाव से सड़क का महज 500 मीटर यह हिस्सा लगभग पूरी तरह से उखड़ चुका है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। दोपहिया वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। गड्ढों की वजह से चैपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचता रहता है।

हालांकि यह सड़क ओयल व दनोह गांवों के लिए है, लेकिन सिहड़ा व बंदला पंचायतों के लोगों के लिए भी यह बेहद सुविधाजनक है। इसकी वजह यह है कि बंदला की मुख्य सड़क की तुलना में यहां से दूरी लगभग 2 किलोमीटर कम पड़ती है।

### विभाग को कई बार बताई समस्या, नहीं हुई हल

**कोसरियां** के लोगों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी को सड़क की हालत से कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन उस ओर से मरम्मत के नाम पर लीपापोती करके पल्लू झाड़ लिया जाता है। कॉलेज से आगे इसकी सही ढंग से सुध लेने की जहमत नहीं उठाई जाती है। उन्होंने मांग की कि नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाली इस सड़क की सही ढंग से मरम्मत करवाई जाए। जहां पानी के तेज बहाव से सड़क बार-बार उखड़ जाती है, वहां इंटरलॉक टाइलें लगाई जाएं। बाकी सड़क पर भी जरूरत के अनुसार सोलिंग व टारिंग करवाई जाए। इससे कोसरियां, दनोह व ओयल के साथ सिहड़ा व बंदला के हजारों लोग लाभांवित होंगे।



शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की चौथे दिन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए सचिवालय की तरफ जाते पक्ष और विपक्ष के विधायक। 27 अगस्त से 9 सितंबर तक चलने वाले इस सदन में शुक्रवार को 66 सवाल लिस्टेड थे, इनमें 46 सवाल तारांकित है।

# सदन में गूंजा थुनाग में हॉर्टिकल्चर कॉलेज निर्माण का मामला, विपक्ष ने किया वॉकआउट

## कॉलेज के निर्माण कार्य को लेकर संतोष जनक जवाब न मिलने पर हुआ हंगामा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन हिमाचल विधानसभा में सिराज के थुनाग में हॉर्टिकल्चर कॉलेज निर्माण का मामला गूंजा। कॉलेज निर्माण कार्य को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सवाल उठाए। ऐसे में संतोषजनक जवाब न मिलने पर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा हो गया और विपक्ष ने वॉकआउट कर लिया।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने यह सवाल उठाया कि थुनाग में हॉर्टिकल्चर कॉलेज के निर्माण की पूर्व सरकार द्वारा घोषणा की थी और इसके लिए भूमि चयन भी किया था और भूमि पूजन भी कर दिया गया था। भवन के निर्माण के लिए 10 करोड़ बजट का प्रावधान भी किया था, लेकिन इस सरकार ने 2 साल बीत जाने के बाद भी टेंडर नहीं लगने दिया। इसको लेकर जब सदन में सवाल पूछा गया तो लोक निर्माण मंत्री और बागवानी मंत्री ने इसको लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सरकार से पूछा गया कि क्या इस कॉलेज को बंद किया जा रहा है या फिर कहीं और शिफ्ट किया जा रहा है।



इस पर मंत्री की तरफ से जवाब आता है कि इसमें 300 करोड रुपए खर्च होंगे, वह कहां से आएंगे, लेकिन यह जिम्मेदारी सरकार की है और सरकार पैसे का इंतजाम करें और यदि कहीं पर विपक्ष के सहयोग की जरूरत है तो विपक्ष सहयोग करेगा, लेकिन सरकार की तरफ से इस तरह का जवाब गैर-जिम्मेदाना है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का काम करने का तरीका ऐसा बन गया है कि सब कुछ बंद कर दो। मंडी में शिव धाम बंद कर दिया, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का काम बंद कर दिया और सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला में 30 करोड़ वन विभाग का जमा होना था, जानबूझकर वहां पर पैसा जमा नहीं करवाया जा रहा है। यही नहीं एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर की जमीन भी दान में दी जा रही है, वहां पर निजी होटल खोला जा रहा है। प्रदेश में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति प्रदेश में बनी है। (अनंत ज्ञान)

### कंसल्टेंट ने चयनित जगह पर कॉलेज निर्माण के लिए नहीं दी मंजूरी



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि कंसल्टेंट ने चयनित जगह पर कॉलेज निर्माण के लिए मंजूरी नहीं दी है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई हेलीपैड और रेस्ट हाउस बनाए हैं। सरकार विचार कर रही है कि इन जगहों पर कॉलेज को शिफ्ट किया जा सकता है।



सचिवालय की तरफ जाते पक्ष और विपक्ष के विधायक

# जयराम ने प्रदेश के हितों को बेचा : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लूहरी, सुन्नी और धौलासिद्ध बिजली परियोजनाएं यदि शर्ते नहीं मानती तो सरकार इन प्रोजेक्टों का अधिग्रहण कर लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की जयराम सरकार के समय इसको लेकर एमओयू साइन हुए, जिसमें हिमाचल के हितों को बेचा गया।



विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा पूछे सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लुहरी परियोजना का शिलान्यास किया। वे प्रधानमंत्री का मान सम्मान करते हैं। अगर सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड शर्तो को नहीं मानता है तो सरकार इन तीनों परियोजनाओं का अधिग्रहण करेगी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के डुगर परियोजना पर भी यह शर्त लागू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस निर्णय को एसजेवीएन ने कोर्ट में चुनौती दी है। एसजेवीएन 12 फीसदी रॉयल्टी इन परियोजनाओं में देने को लेकर तैयार हुआ है। इसके अलावा भी सरकार की शर्ते हैं जो पूरी होनी चाहिए। सरकार इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी, पूरी लड़ाई लड़ी जाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने हिमाचल के हितों को बेचा है। पूर्व सरकार ने जो शर्ते रखी थीं उसमें लूहरी परियोजना में 10 साल बाद 4 फीसदी बिजली रॉयल्टी लेने का प्रविधान किया था। 11 से 25 साल में 8 फीसदी और 26 से 40 साल तक 12 फीसदी रॉयल्टी की शर्त तय की थी। सुन्नी में केवल 12 फीसदी रॉयल्टी का प्रविधान रखा था। धौलासिद्ध में 40 साल तक 12 फीसदी का ही प्रविधान है। डुगर परियोजना में भी ऐसा ही किया गया है। लाडा व राहत राशि जो प्रोजेक्ट निर्माण के दौरान मिलती है उसका भी प्रविधान नहीं रखा है। 9 फीसदी जीएसटी भी माफ किया गया है। सरकार इन शर्तो को नहीं मान सकती।

## नगर निगम दफ्तर में नहीं बनेगा किसी मंत्री का कैंप ऑफिस

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि किसी भी नगर निगम या नगर परिषद कार्यालय में किसी भी मंत्री का कैंप ऑफिस नहीं बनेगा। किसी भी रेस्ट हाउस का इस तरह से उपयोग नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट राज्य सरकार नहीं, बल्कि केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है और पहले से यहां शिमला व धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाया गया है। अब कोई प्रस्ताव तभी आएगा, जब केंद्र सरकार कहेगी।

यह बात सीएम ने मंडी के विधायक अनिल शर्मा द्वारा मंडी को स्मार्ट सिटी बनाए जाने के सवाल पर कही। उन्होंने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि किसी को भी कहीं कैंप हाउस बनाने की इजाजत नहीं है, क्योंकि इससे पहले अनिल शर्मा ने पूछा था कि चुनाव के समय में विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में कैंप हाउस बनाने का एलान किया था और स्मार्ट सिटी में मंडी शहर को लाने का वायदा किया था, मगर यह केवल जुमले थे और जुमलों से चुनाव नहीं जीते जाते।

### इंदौरा के विधायक ने उठाया मामला

## शहीद दीक्षांत थापा के परिवार से किए वादे भूली सरकार

**शिमला** । विधानसभा मानसून सत्र के दौरान इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने शहीदों के परिवार का मामला उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि इंदौरा के शहीद दीक्षांत थापा 30 अगस्त, 2020 में लेह में शहीद हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उस समय शहीद के परिवार में से एक को नौकरी देने का वादा किया था जोकि आज तक पूरा नहीं हुआ।

विधायक ने कहा कि इंदौर विधानसभा क्षेत्र से मेजर के पद पर दिशांत थापा तैनात थे, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इस शहीद के परिवार के साथ पूर्व के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वादे किए थे, लेकिन दुख का विषय है कि 4 साल बीत जाने के बाद भी न तो इस शाहिद के परिवार से किसी को नौकरी मिली और न ही सड़क का नाम इस शाहिद के नाम पर रखा गया। इस मामले को सदन में उठाया गया और ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया।

**चेतावनी** कांट्रैक्ट पर आने की अवधि को 12 वर्ष से घटाकर कम किया जाए

# मांगों को लेकर विधानसभा के बाहर जलरक्षक करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सरकार के खिलाफ अब जल रक्षक ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है। अब अपनी आवाज जलरक्षक विधानसभा के बाहर उठाएंगे। 6 सितंबर को विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। शुक्रवार को जलरक्षक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रूपलाल उर्फ ज्वालू राम की अगुवाई में जलरक्षक विधानसभा के बाहर पहुंचे थे।

वह चौड़ा मैदान में एकत्रित हुए और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिलने आए थे और यहां पर उन्होंने 6 सितंबर को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए उन्होंने बाकायदा अनुमति प्राप्त कर ली है। जलरक्षक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रूपलाल उर्फ ज्वालु राम ने कहा कि जलरक्षक महासंघ की मुख्य मांग उनका कांट्रैक्ट पर आने की अवधि को 12 वर्ष से घटाकर कम किया जाए तथा उनके लिए स्थाई पॉलिसी बनाई जाए और जो



12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके है, उनके लिए पोस्ट सृजित की जाए, ताकि वह कांट्रैक्ट पर आ सके। 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा किए हुए उन्हें बहुत समय हो गया है, लेकिन अभी तक वह अनुबंध पर भी नहीं आए है। उन्होंने कहा कि पहले भी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से भेंट करके वह अपनी मांगों के बारे में विस्तार से बता चुके है और उन्हें सिर्फ आश्वासन ही हाथ लगे है। उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश जारी किए थे कि उनकी कांट्रैक्ट पर आने की अवधि को कटाया जाए और मुख्यमंत्री ने पॉलिसी में संशोधन करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए थे कि इनकी मांगों को कैबिनेट में लाया जाए, लेकिन बावजूद इसके भी सरकार ने जल रक्षक महासंघ की मांगों पर कोई गौर नहीं किया है। ऐसे में अब प्रदर्शन किया जाएगा।




# धर्मशाला के 22 गांवों को टीसीपी में शामिल करने के विरोध में भाजपा ने निकाली रैली

## विधायक सुधीर शर्मा के आह्वान पर जुटे सैकड़ों भाजपाई, एडीएम के जरिए सरकार को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के ग्रामीण एरिया को टीसीपी में शामिल करने पर धर्मशाला का गुस्सा सातवें आसमां पर है। धर्मशाला से भाजपा विधायक व दिग्गज भाजपा नेता सुधीर शर्मा के आह्वान पर शुक्रवार को समस्त भाजपा के साथ आमजन सडकों पर उतर आया। सैकड़ों लोगों ने डीसी ऑफिस पहुंचकर 22 गांवों को टीसीपी में शामिल करने का विरोध किया।

इस दौरान एडीएम के जरिए प्रदेश सरकार को ज्ञापन भी भेजा गया। मंडल भाजपा के नेताओं ने सरकार से मांग रखी कि इस फैसले को वापस लिया जाए। भाजपा नेताओं ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के इस फैसले को जनविरोधी करार दिया है। भाजपा नेताओं और लोगों ने कहा कि टीसीपी में 22 गांव के 1700 हेक्टेयर शामिल करके कांग्रेस सरकार ने जनता से धोखा किया है। लोगों ने कहा कि नक्शे पास करवाना कठिन होंगे। बिना विजन के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला हलके की जनता को तंग करने के लिए यह फैसला लिया है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। दूसरी ओर सुधीर शर्मा ने अपने बयान में कहा कि पूरे हलके से हजारों लोग इसपर आपत्ति दर्ज कर चुके हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर लिए गए इस फैसले से किसान, गरीब और मजदूरों में मायूसी है। सुधीर शर्मा ने कहा कि सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में जोरदार संघर्ष होगा। इसके लिए धर्मशाला की जनता सडक़ों में उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।




### गांव और किसान विरोधी फैसले ले रही सरकार

सुधीर शर्मा ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार बनी है, तब से वह गांव, किसान, गरीब और मजदूर विरोधी फैसले ले रही है। खासकर धर्मशाला के विकास को रोकने और जनता को परेशान करने के लिए आए दिन जनता विरोधी फैसले सरकार ले रही है, जिसका आम जनता में रोष है। कहा कि घनियारा खास, सौकणी दा कोट, ढगवार, सुकड़, शीला-भटेहड़, पासू-पंतेहड़, मनेड और चेतड़ू पंचायतों के 22 नए ग्रामीण एरिया शामिल है। इन इलाकों के लोगों को नक्शे पास करवाना कठिन होंगे। इन पंचायतों का 1700 से अधिक हेक्टेयर एरिया आता है, सरकार को यह फैसला वापस लेना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोर चंद ने संभाला एसएचओ रक्कड़ का पदभार



**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** रक्कड़ थाना में थाना प्रभारी किशोर चंद ने शुक्रवार को बतौर एसएचओ कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह कांगड़ा थाना में तैनात थे और करीब दो बार डाडासीबा पुलिस चौकी में प्रभारी रह चुके हैं। पदभार संभालने के बाद थाना प्रभारी ने कहा कि उनका मेन फोकस कानून व्यव्यस्था, महिला सुरक्षा और आम जनता को प्राथमिक तौर पर न्याय दिलवाना रहेगा। आपको बतों दे कि 1968 में जन्मे किशोर चंद विगत 37 वर्षो से लगातार पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे इससे पहले अलग-अलग थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### शहीद मेजर सुधीर वालिया का बलिदान दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया का बलिदान दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनुरी में गत दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। परिवार के सदस्यों ने शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया छात्रवृत्ति योजना के तहत 4 विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपए की राशि भेंट की। वहीं, विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए प्रमुख समाजसेवी राजीव जम्वाल ने प्रधानाचार्य को 11000 रुपए भेंट किए। इस अवसर पर शहीद के परिवार की ओर से उनकी बहन आशा वालिया, जीजा प्रवीण अहलूवालिया, शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया के दोस्त पंकज चड्ढा, स्कूल प्रधानाचार्य रवींद्र कुमार वर्मा, डीएम एचआरटीसी, अजय कुमार शर्मा, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी राजीव जमवाल, भारत विकास परिषद से कमल सूद, रिटायर्ड प्रधानाचार्य अरुण शर्मा, स्थानीय पार्षद मोनिका शर्मा, पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान अजय शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य व संपूर्ण अध्यापक गण उपस्थित रहे।

### अशोक बने दीवान चंद कूहल कमेटी के प्रधान



**अनंत ज्ञान, डरोह।** दीवान चंद कूहल कमेटी की कमान अब देवी पंचायत के प्रधान अशोक कटोच को दी गई है। कटोच की अध्यक्षता में कार्यालय ग्राम पंचायत डरोह में सारा चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में क्षेत्र की चारों पंचायतों के किसानों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में मौजूद सभी लोगों ने अशोक कटोच प्रधान देवी को कूहल कमेटी का प्रधान चुना। वहीं अन्य कमेटी सदस्यों का भी चुनाव किया गया। उपप्रधान पद के लिए बस्केहड़ पंचायत प्रधान भूपिंदर राणा, डरोह प्रधान पंकज चौधरी, बारी की प्रधान नीतू डढवाल को चुना गया। डॉक्टर शमशेर सिंह निवासी बस्केहड़ को मुख्य सलाहकार चुना गया। ओम प्रकाश राणा को संयोजक, सचिव पद के लिए कैप्टन दुर्गेश कुमार राणा को चुना गया। इस दौरान सदस्यों के रूप में संतोष राणा, कुलदीप सिंह, प्रवीण राणा, परमजीत कटोच, सुरिंदर नाथ, रवि कुमार, मस्त राम, रवि कुमार, बिंटू भूरिया, विनय राणा, कुलदीप शर्मा, त्रिलोक सिंह, मनोहर लाल, सुरजीत सिंह, अर्जुन सिंह, अजय पटियाल, शिवराज व गुरबचन को चुना गया।

## मैदाने दे मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक

**गरली।** 16 से 19 सितंबर तक गरली में आयोजित होने वाले चार दिवसीय मैदाने दे मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार बैठक का आयोजन किया गया। संकटमोचन हनुमान मंदिर गरली में आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से मेला कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर धर्मवीर सिंह, सचिव संदीप कुमार, सलाहकार चंद्रमोहन, कोषाधिकारी कुलभाषकर व अन्य उपस्थित रहे। इसमें मेले को और भी भव्य बनाने के लिए अहम चर्चा की गई। जानकारी देते हुए ठाकुर धर्मवीर सिंह ने बताया कि गरली में आयोजित होने वाला मैदाने दा मेला करीब 135 वर्ष पुराना है। इसमें जिलाभर के लोग पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुश्ती दंगल देखने योग्य होगा। मेला कमेटी ने देश भर के नामी पहलवानों को यहां बुलाने का निर्णय लिया है, जिसमें खासकर महिला पहलवान की कुश्तियां भी अपने आप में मेले की शोभा बढ़ाएंगी। उन्होंने बताया कि पहले की तरह 17 सितंबर को छोटा दंगल होगा व 18 सितंबर को बडा दंगल होगा, जिसमे देश भर के पहलवान दमखम दिखाएंगे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की आवेदन प्रक्रिया बारे दी जानकारी

**जितेंद्र कौशल बैजनाथ**

पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024-25 आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में छात्रवृत्ति संस्थागत नोडल अधिकारी डास पवन कुमार ने छात्रवृत्ति भरने की प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि इच्छुक और पात्र छात्र एनएसपी पोर्टल यानी scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया में सही दस्तावेजों का होना, समय पर आवेदन भरना और आवेदन पत्र में सही जानकारी देना कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान, प्रोफेसर रेनू भाटिया ने छात्रों को आवेदन पत्र भरने के चरणों को विस्तार से समझाया और इसके अतिरिक्त, छात्रवृत्ति के विभिन्न प्रकार और उनके पात्रता मानदंड पर भी चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति एक प्रकार की आर्थिक सहायता है जो छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग एवं मानसिक प्रोत्साहन प्रदान करती है। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को छात्रवृत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की जटिलताओं से अवगत कराना और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना था। (अनंत ज्ञान)

## डाडासीबा में तीन को लगेगा आयुष्मान आरोग्य शिविर

**डाडासीबा।** जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने जानकारी ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य के सौजन्य से स्वास्थ्य ब्लॉक डाडासीबा में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन सितंबर को डाडासीबा, 6 सितंबर को पीरसलूही, दस सितंबर को कसबा कोटला व 19 को रक्कड़ में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए चिकित्सा अधिकारियों (विशेषज्ञ) की टीम को एएसएस में तैनात किया गया है। सीएमओ ने बताया कि इन शिविरों में डॉ. निखिल सूद, डॉ. कनिका पठानिया, डॉ. सतिंदर वर्मा, डॉ. बरिंदर, डॉ. कनु प्रिया डॉ. नवतेज सिंह, डॉ. मंगला, डॉ. नितिन शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

## एससी/एसटी विकास निगम पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त और सस्ती दरों पर दे रहा ऋण

### 75 हजार से 1.50 लाख रुपए तक के लोन पर मात्र 4 प्रतिशत वार्षिक दर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के जिला प्रबंधक सौरभ शर्मा ने जानकारी दी कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ब्याज मुक्त और सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

उन्होंने बताया कि निगम की 'शिक्षा ऋण योजना' के अंतर्गत अनुसूचित जाति व जनजाति से संबंधित युवाओं को 10वीं अथवा बारहवीं पास करने के बाद तकनीकी विषयों और व्यवसायों में पढ़ाई करने हेतु अधिकतम 75 हजार रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अलावा 75 हजार रुपए से 1 लाख 50 हजार रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक दर पर उपलब्ध करवाया जाता है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं को लोन दिया जाता है जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो। इस योजना में जेबीटी, एमबीबीएस, इंजीनियरिंग, होटल प्रबंधन, एमबीए, एमएससी नर्सिंग, जीएनएम, बीएड आदि डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सेस के लिए ऋण देने की सुविधा है। ऋण की वसूली कोर्स पूर्ण होने के 2 वर्ष बाद अथवा नौकरी मिलने पर, जो भी पहले हो, शुरू हो जाती है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से भी शिक्षा ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए तक ऋण दिया जाता है। यह ऋण केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं को दिए जाता है, जिनके परिवार की वार्षिक आय तीन लाख से कम हो। यह शिक्षा ऋण 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है।

## किसानों को बताए बकरी पालन के फायदे

### द हंस फाउंडेशन ने लंबागांव और सुलह में आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



द हंस फाउंडेशन द्वारा जिला कांगड़ा के विकास खंड लंबागांव व सुलह में हंस आजीविका परियोजना के तहत किसानों को बकरी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय में 27 से 29 अगस्त तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की बकरी पालन व्यवसाय पर क्षमता विकास कर बकरी पालन व्यवसाय को आजीविका से जोड़ना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ सीएस के हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. लव भूषण इंचार्ज प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा किया गया। डॉ. लव भूषण द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी किसानों का स्वागत कर विश्वविद्यालय के द्वारा किए जा रहे कार्यो पर जानकारी दी गई। द हंस हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक पुरुषोत्तम थपलियाल द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित विकास खंड सुलह एवं लंबागांव के किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बकरी पालन से संबंधित सभी पहलुओं प्रबंधन, बीमारियों, विपणन एवं मूल्यवर्धन पर जानकरी प्रदान कर इस व्यवसाय को सफल रूप से संचालन करना है। इस परियोजना का भी मुख्य उद्देश्य किसानों की आजीविका में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाना है। परियोजना के तहत बकरी पालन एक मुख्य गतिविधि है, जिससे किसानों की आजीविका को बढ़ाया जा सके और किसानों को आत्मनिर्भर बन सकें।

विवि के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बकरी पालन व्यवसाय के अंतर्गत तकनीकी जानकारी दी गई और प्रक्षेत्र का भ्रमण करवाकर वैक्सीनेशन, डिवार्मिंग, बेतहरीन चारा पद्धतियों के बारे में दिखाया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दोनों विकास खंडों से 22 किसानों व द हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## गगल का हर व्यापारी एयरपोर्ट विस्तार से परेशान: देवेंद्र कोहली

**अनंत ज्ञान, गगल**



कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के चलते हुए आए दिन नई-नई खबरों से यहां रहने वाले और विशेष तौर से व्यापारी मानसिक रूप से परेशान हैं। गगल व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र कोहली ने कहा है कि सरकार अपना जिद्दी रवैया रखते हुए कांगड़ा एयरपोर्ट के भूमि अधिग्रहण पर लगभग 3200 करोड़ खर्च करने जा रही है। हालांकि, यह भी किसी से छुपा नहीं है कि सरकार के पास कर्मचारी को देने के लिए पैसे नहीं हैं। उनका वेतन-भत्ता पिछले दो साल से भी अधिक से लंबित है, जिसके लिए आय दिन प्रदर्शन भी हो रहे हैं। ऐसे में सरकार को वेतन देने से ज्यादा महत्वपूर्ण एयरपोर्ट विस्तार कैसे लग सकता है, यह बहुत विचित्र है और किसी की समझ में नहीं आ रहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि हजारों लोगों को उजाड़ कर और इतना ज्यादा जनता के टैक्स से दिया गया पैसा केवल एक ऐसे प्रोजेक्ट पर लगा दिया जाए, जिसके लिए सरकार के पास पर्याप्त धन ही नहीं। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार के लिए ये प्रोजेक्ट गले की हड्डी बन गया है, जो न निकलते बन रहा है न उगलते।

एयरपोर्ट विस्तार को लेकर आए दिन नई-नई खबरों से गगल के व्यापारियों को मानसिक रूप में प्रताड़ित किया जा रहा है। सब अपने वर्षो से चले हुए व्यवसाय के बंद होने की खबरों से चिंतित हैं। आज दिन तक सरकार यह स्पष्ट नहीं कर सकी कि इतने बड़े बाजार को आखिर कहां और कैसे सेटल किया जाएगा।

## टांकरी लिपि पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बालाहर स्थित वेदव्यास परिसर में आगामी 31 अगस्त से सात दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की मूल लिपि टांकरी रही है। इसमें यहां के सभी लोग अपने-अपने व्यवहार का लेखा-जोखा संरक्षित करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ इसमें ज्योतिष,वास्तु, यंत्र-मंत्र आदि शास्त्रीय विषयों के साथ कथा, लोकगीत आदि का भी लेखन करते रहे हैं, जिनको यहां वहां बिखरी पड़ी नष्ट हो रही पांडुलिपियों में देखा जा सकता है। राजाओं के समय भू-राजस्व का रिकॉर्ड इसी लिपि में आज भी प्राप्त होता है। यज्ञदत्त के अनुसार राजाओं के आदेश पत्र, दान पत्र, शिलालेख, ताम्र आदि धातु लेख भी इसी लिपि बहुत स्थानों पर प्राप्त होते हैं।

## सांबा-कौना आंगनबाड़ी केंद्रों में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य



**राकेश डोगरा, डरोह**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की आंगनबाड़ी सांबा व कौना में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में भवारना ब्लॉक की मेडिकल ऑफिसर आशा रानी व एएनएम दीपिका ने 0 से 6 वर्ष के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों की लंबाई व वनन मापा, उसके बाद उनका मेडिकल चेकअप किया। इस बीच मेडिकल ऑफिसर आशा रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष के बच्चों की स्क्रीनिंग आंगनबाड़ी में की जाती है जबकि 6 से 18 वर्ष के बच्चों की स्क्रीनिंग स्कूलों में की जाती है।

इन दोनों में अगर किसी बच्चे के स्वास्थ्य में कोई रोग पाया जाता है तो पहले उसे नजदीक वाले ब्लॉक अस्पताल में इलाज के लिए भेजा जाता है, अगर रोग बड़ा हो तो टांडा मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा जाता है। इस कार्यक्रम में दोनों आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, ग्रामीण महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## सिहोटू में वॉलीबाल टूर्नामेंट एक सितंबर को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा उपमंडल के साथ लगती सिहोटू पंचायत में लोकल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट एक सितंबर को सिहोटू के वार्ड नंबर एक के मैदान में होगा। इस टूर्नामेंट में एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी गई है। यह जानकारी टूर्नामेंट करवा रहे सिहोटू के युवा कुलजीत, मुकेश, विकास व प्रवीन कुमार ने दी है। उन्होंने बताया है कि इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता टीम को 3100 रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

## देहरा में डाक विभाग ने मनाया खेल दिवस

**देहरा।** डाक मंडल देहरा के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व देहरा डाक मंडल के अधीक्षक बलबीर चंद और देहरा उपमंडल के निरीक्षक राज कुमार द्वारा किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**बागवानी** | इस साल प्रदेश में बढ़ी पैदावार, नाममात्र हुई सरकारी खरीद, सूखे की न पड़ती मार तो होती बंपर पैदावार

## जिले के 12 खरीद केंद्रों में बिकने के लिए नहीं पहुंचा आम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



फलों के राजा आम का बाजार में इस बार प्रदर्शन बढ़िया रहा। ग्रामीण इलाकों में लगे सार्वजनिक देसी आम बेसहारा मवेशियों ने पेट भर खाए तो वहीं बाजारों में आम का मूल्य 40 रुपए से ऊपर ही रहा। प्रदेश के सबसे बड़े जिले में 12 रुपए के खरीद मूल्य पर सरकार को आम नहीं मिले।

बताते चलें कि पिछले 3 सालों की तुलना में कांगड़ा जिला में इस बार आम की ज्यादा पैदावार हुई। हालांकि इस साल 4 माह के सूखे से आम के साइज में कमी जरूर आई है। ऐसे में अगर मौसम की मार न पड़ी होती तो आम का अकेले कांगड़ा जिला में उत्पादन 25000 मीट्रिक टन से ऊपर होता। वहीं आम की सरकारी खरीद के लिए अकेले कांगड़ा जिला में एचपीएमसी के 5 तथा हिमफेड के 7 खरीद केंद्र होने के बावजूद बिकने को आम नहीं आया।

इस साल के आम उत्पादन के अंतिम आंकड़े विभाग के पास भले ही न हों, लेकिन इतना तय है कि इस साल पिछले दो सालों की तुलना में आम की पैदावार बढ़ी भी तथा मार्केट में आम को ठीक दाम मिले। इस साल आम 40 से लेकर 250 रुपए तक बाजारों में बिका। बाजार में अब इक्का-दुक्का लेट किस्मों के अलावा आम नजर नहीं आ रहा तथा अंतिम दिनों में बाजार में आम ने बड़ी छलांग लगाई। बाजार में औसतन 100 रुपए किलो के हिसाब से बिके आम का खरीद मूल्य सरकार ने 12 रुपए तय किया था। वहीं जानकारी के अनुसार सरकार की मूल्य निर्धारण की देरी के चलते कांगड़ा जिला में आम की खरीद जीरो रही। जानकारों की मानें तो जब मार्केट में आम को अच्छा खासा रेट मिले तो फिर बागवान 12 रुपए किलो आम क्यों बेचेगा। उधर, धर्मशाला स्थित बागवानी विभाग के उपनिदेशक कमल शील नेगी ने आंकड़ों की पुष्टि की है।

उधर, इस बारे में जब बागवानी विभाग के शिमला स्थित निदेशक विनय सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस साल आम की सरकारी खरीद कम हुई है। उन्होंने बताया कि खरीद का आंकड़ा हिमफेड तथा एचपीएमसी के पास होता है। देरी से मूल्य निर्धारण इसका कारण नहीं था, बल्कि जितना उत्पादन हुआ उसके मुताबिक उपभोग भी हुआ। यही कारण है कि लोगों ने सरकारी एजेंसी को आम बेचने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। (अनंत ज्ञान)

### कब, कितनी पैदावार

**बागवानी** विभाग की मानें तो साल 2022 में जिला में करीब 21000 मीट्रिक टन तथा 2023 में करीब 16500 मीट्रिक टन आम की पैदावार हुई। इस बार पैदावार 24000 से 25000 मीट्रिक टन तक होने का विभागीय अनुमान है। सूखे की मार न पड़ती तो उत्पादन 25000 से 28000 मी ट्रिक टन तक होने का अनुमान था। सूखे के चलते छोटे साइज के कारण इस बार आम की पैदावार 25 से 30 प्रतिशत घटी है।



## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी में 50 छात्र और छात्राओं का चयन




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शुक्रवार को प्रथम वर्ष एन.सी.सी. की पुरुष व महिला वर्ग की पंजीकरण प्रक्रिया करवाई गई, जिसके अंतर्गत पांच एचपी (स्वतंत्र) कंपनी एनसीसी धर्मशाला के कमांडेंट ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी, सूबेदार सुरेश तथा ऋषि कुमार और संजीव कुमार ने महाविद्यालय के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण किया और इनमें से 35 पुरुष कैडेट और 15 महिला कैडेट्स का चयन किया। इसके लिए कैडेट्स को कड़े शारीरिक परीक्षण से गुजरना पड़ा। प्राचार्य डॉ महेंद्र पाल ने सभी चयनित कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस पंजीकरण कार्यक्रम का संचालन सीटीओ प्रो आदित्य ओझा और सीटीओ प्रो. सुनीता सिरमोरिया द्वारा किया गया, इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो अरुणचंद्र भी उपस्थित रहे ।

### भाजपा मंडल जयसिंहपुर ने की कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पंचरुखी के एक निजी होटल में भाजपा मंडल जयसिंहपुर ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा ने की। देवेंद्र राणा ने कहा कि इस कार्यशाला में पार्टी में लोगों को जोड़ने का उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाने का अभियान देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के मार्गदर्शन में 2 सितंबर से दिल्ली से शुरू किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में आज जयसिंहपुर के पार्टी के पदाधिकारियों, मोर्चों, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों सहित विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को नये सदस्यता अभियान से लोगों को डिजिटल तरीके से सदस्यता दिलाने के तौर तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मंडलाध्यक्ष ने कहा कि जयसिंहपुर मंडल ने 25000 नऐ सदस्य जोड़ने का संकल्प लिया है जिसे हर कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेगा।।इसके साथ ही इस कार्यशाला में सुमित शर्मा जी जो प्रदेश सचिव हैं तथा पार्टी विस्तारक हैं कांगड़ा चंबा प्रवास पर हैं उन्होंने इस अभियान के लिए प्रशिक्षण पर मुख्य विषय अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। उन्होंने पार्टी में अपनी रजि करवाने के लिए 088000 02024 नंबर पर मिस्ड कॉल करने का आह्वान भी किया।।

### झुंगा देवी मंदिर में सुनाई सृष्टि निर्माण की कथा

**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत झुंगा देवी मंदिर भद्रोल में 2 सितंबर तक चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथा व्यास अनिल डोहरू ने सृष्टि के निर्माण की कथा सुनाई, जिसमें मनु और शतरूपा के वंश में पांच बच्चों के बारे में वर्णन किया गया। इन पांच बच्चों के नाम आकृति, प्रसूति, देवहुति, उत्तानपाद व प्रियव्रत था तथा इनके बारे में विस्तृत जानकारी श्रद्धालुओं को प्रदान की। इस अवसर पर सती का वर्णन करते हुए माता की झांकी भी निकाली गई। (अनंत ज्ञान)



# सराह में तेंदुए दिखने से दहशत

## वन विभाग की टीम ने किया क्षेत्र का दौरा, ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला के सराह क्षेत्र में दो तेंदुए दिखने की घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ये दोनों तेंदुए वीरवार रात एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में देखे गए हैं। शुक्रवार को वन विभाग धर्मशाला की टीम ने क्षेत्र का दौरा कर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा ग्रामीणों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्कता तथा सावधानी बरतने के लिए कहा है। साथ ही सुबह तड़के तथा शाम ढले अकेले बाहर नहीं निकलने की अपील की है। विभागीय जानकारी के अनुसार इसके बाद तेंदुओं की कोई हलचल नजर आने पर क्षेत्र में ट्रैप कैमरे तथा पिंजरा स्थापित करने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गुरविंदर सिंह के अनुसार रात करीब सवा 9 बजे बरामदे में बैठी उसकी मां ने बताया कि उसने घर के गेट पर तेंदुए या बाघ जैसा कुछ देखा जो करीब 8 मीटर दूर था तथा फिर लौट गया।



इसके बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज में दो तेंदुए गेट के पास नजर आए। घटना की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार सुबह रेंज अफसर सुमित शर्मा की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का दौरा किया तथा जिस जंगल से तेंदुए आए थे उस जंगल का मुआयना किया। इस दौरान लोगों से शाम ढले तथा सुबह तड़के घर से बाहर न जाने की अपील की गई है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रैप कैमरे और पिंजरा लगाएगा वन विभाग

रेंज ऑफिसर धर्मशाला सुमित शर्मा ने बताया कि फिलहाल ग्रामीणों को सावधान रहने का आह्वान किया गया है तथा इस संभावित नर तथा मादा तेंदुए की दोबारा कोई हलचल दर्ज होने पर क्षेत्र में ट्रैप कैमरे तथा पिंजरा लगाने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ की पुलिस से शिकायत

**पठानकोट।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में परिवार ने पुलिस पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने पीड़िता और परिवार के बयान पर जांच शुरू कर दी है। नाबालिग का सिविल अस्पताल से मेडिकल करवाया। पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पत्नी उसके साथ बार-बार लड़ती झगड़ती रहती थी। इसके चलते बाद में सहमति बनी कि उसका छोटा बेटा उसके साथ रहेगा। वह अपनी बेटी को अपने पास ले जाएगी। जिसके चलते उसकी बेटी अपनी मां के साथ रह रही थी। बीती रात को बेटी ने उनके पारिवारिक सदस्यों को बताया कि वह बहुत बुरी हालत में है और उसकी मां का दोस्त उसके साथ गंदी हरकतों पर उतर आया है। वह शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुकी है। वह उसके बाद बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसका मेडिकल करवाया गया। वहीं, डीएसपी सिटी राजिंद्र मन्हास ने बताया कि लेडी इंस्पेक्टर को भेजकर पीड़िता और परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की परिधि को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ऊना जिले के लोअर बडेहड़ा के नन्नू को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ऊना के देवांश आर्य को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बलविंद्र सिंह बबलू को चुना सद्दूं सहकारी सभा का प्रधान



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू सद्दूं सहकारी सभा के दोबारा प्रधान चुने गए हैं। शुक्रवार को आम सहमति से उनका चयन हुआ। इस दौरान मदन लाल को उपप्रधान चुना गया।

वरुण सूद, सुरजीत सिंह, सतीश कुमार, स्वर्ण सिंह को सदस्य चुना गया है। बलविंद्र सिंह बबलू ने अपने चयन के बाद जारी बयान में कहा कि क्षेत्र की तरक्की के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग व प्रदेश सरकार से समय पर राशन मुहैया करवाने की मांग रखी। बलविंद्र सिंह बबलू एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी भी हैं। उन्होंने बताया कि कई बार नगरोटा बगवां स्टोर में एकमुश्त राशन नहीं पहुंचता है। विभाग को एकमुश्त राशन मुहैया करवाना चाहिए।

बलविंद्र सिंह ने प्रदेश सरकार से यह भी मांग रखी कि कई बार डिपो में सर्वर डाउन होता है, उस हालात में लोगों को आफलाइन राशन मिलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## पठानकोट के चकरालवां में दिखे 6 संदिग्ध

### सूचना मिलते ही पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया पूरा क्षेत्र

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट जिले के भोआ के अधीन आते गांव चकरालवां में लोगों ने अलग-अलग जगह पर 6 संदिग्धों को देखा है। पुलिस ने वीरवार देर रात सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। इससे दो दिन पहले गांव तारागढ़ के पास गांव छोड़ियां में तीन संदिग्धों की मूवमेंट देखी गई थी। तीन दिनों से ही सुरक्षा एजेंसियां जोरों पर सर्च अभियान चला रही हैं।



शाम तक पुलिस, घातक कमांडों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों का सर्च ऑपरेशन जारी रहा। लेकिन, पुलिस के हाथ अभी तक कोई संदिग्ध नहीं लगा। दूसरी तरफ जानकारी देते हुए डीएसपी मनिंदर थापर और थाना तारागढ़ के प्रभारी मनजीत सिंह ने कहा कि पुलिस का लगातार तीन दिनों से संदिग्धों की तलाश में बार्डर क्षेत्र के अलग-अलग गांव में सर्च जारी है क्योंकि बुधवार को गांव छोड़ियां की रहने वाली एक महिला ने तीन संदिग्ध देखे थे, जिसके बाद पुलिस को सूचना मिलते ही अलर्ट जारी हो गया। ऐसे में जेएंडके से पठानकोट दाखिल होने वाले प्रत्येक वाहन चालक की गंभीरता से नाकों पर चेकिंग चल रही है। रात के समय भी सुरक्षा फोर्स को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है, ताकि किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था में ढील ना अपनाई जा सके।

बता दें कि गत दो माह में करीब 9 बार पठानकोट में संदिग्ध देखे जाने की सूचना सामने आ चुकी है हालांकि पुलिस का चप्पे-चप्पे पहरा भी नजर आ रहा है। परंतु ग्रामीण क्षेत्र के लोग अभी भी बार-बार संदिग्ध दिखने पर सहमे हुए है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध की सूचना पुलिस को दे सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पठानकोट से 6 साल का मासूम किडनैप

**पठानकोट।** पठानकोट की शाह कॉलोनी से शुक्रवार को छह साल के मासूम को किडनैप कर लिया गया। आरोपियों की कार का नंबर एचपी47डी1786 बताया जा रहा है। एएसआई धर्मचंद वर्मा ने बताया कि पुलिस किडनैपरों को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। हिमाचल पुलिस ने कंडवाल की तरफ नाका भी लगाया हुआ है। हर आने-जाने वाले की जांच की जा रही है।



## टिक्कर खास की प्रधान ने पंचायत सदस्यों व कर्मचारियों पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

**अजय पाल, पंचरुखी**

विकास खंड पंचरुखी की पंचायत टिक्कर खास की प्रधान ने अपनी ही पंचायत के पंचायत सदस्यों व विभागीय कर्मचारियों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान ने इसकी शिकायत पंचायती राज, जिलाधीश सहित मुख्यमंत्री शिकायत केंद्र में की है।

पंचायत प्रधान ने एक लिखित शिकायत में कहा है कि पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व कुछ पंचायत प्रतिनिधि मुझे विश्वास में लिए बगैर अपनी मर्जी से कार्य करवा रहे हैं। विरोध करने पर राजीनीतिक व सामाजिक प्रभाव के चलते मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर उन्हें और परिवार को मारने की धमकी देते हैं। विभागीय कर्मचारीइसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। प्रधान बिल्लो देवी ने कहा कि वह गरीब व अनुसूचित जाति से संबंध रखती हैं और पंचायत में ज्यादातर पंचायत प्रतिनिधि सामान्य वर्ग से हैं। विभागीय कर्मचारी कहते हैं कि बहुमत हमारे पास है इसलिए हम जिस कार्य के लिए कहेंगे वह करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा है कि कई बार खंड विभाग कार्यालय में भी शिकायत की पर वहां भी उन्हें ही गलत ठहराया गया। प्रधान ने आरोप लगाया है कि यह लोग स्वयं ही कार्य सामग्री मंगवाकर कार्य करवा रहे हैं और उन्हें हस्ताक्षर करने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कई बार इनके बारे में शिकायत की पर अभी तक इनके ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इस वजह से उसे काफी मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है।

वहीं, खंड विकास अधिकारी केएसराणा ने कहा कि इसके बारे में दो सितंबर को पंचायत कार्यालय टिक्कर खास में जांच की जाएगी। अगर प्रधान के आरोप सत्य हुए तो दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## दीक्षा कुमारी ने 6 विभागों की परीक्षा पास कर रचा नया इतिहास



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने घर जाकर दी बधाई**

कौन कहता है फरियाद नहीं सुनता किसी की क्या कड़ी मेहनत भी जाती है बर्बाद किसी की। यह विचार समाजसेवा को समर्पित इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने दीक्षा कुमारी के पिता धर्म चंद कपूर व माता रैना कपूर को बधाई देते हुए कहे।

बता दें कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रांम पंचायत आरठ झीकली के गांव घिसनपट्ट की निवासी कुमारी दीक्षा पुत्री धर्म चंद एवं रैना कपूर ने भारत सरकार के अलग अलग छह प्रतिष्ठित संस्थानों से परीक्षा उत्तीर्ण कर मां-बाप का ही नहीं, बल्कि पूरे इलाके का नाम रोशन कर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवाया है। पूर्व विधायक ने कहा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोर से जमा दो, बीएससी नर्सिंग ऋषिकेश व एमएससी नर्सिंग की शिक्षा आईजीएमसी शिमला से ग्रहण करने के उपरांत अब दीक्षा ने एक से बढ़कर एक भारत सरकार के प्रतिष्ठित छह विभागों की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर नया इतिहास रचा है। अब वह एक विभाग का चयन कर उस विभाग की अधिकारी बनेंगी। दीक्षा और युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी हैं।

### घराणा स्कूल में बताए आपदा से बचाव के उपाय

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल घराणा में उप अग्निशमन धीरा के सौजन्य से एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता घराणा स्कूल की प्रधानाचार्या राधा देवी ने की। उप अग्निशमन धीरा के प्रभारी मदन सिंह व उनकी टीम ने गैस सिलेंडर में आग लगने से बचने के उपाय बताए। साथ ही किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा जैसे भू-स्खलन, भूकंप आदि से बचाव के उपाय बताए गए। इस मौके पर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

## बैजनाथ प्रशासन ने खनन माफिया पर की कड़ी कार्रवाई

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ प्रशासन पुलिस ने खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगातार दूसरे दिन बैजनाथ के चोबू में एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर, डीएसपी अनिल शर्मा, खनन निरीक्षक चुन्नी लाल और वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त अभियान के तहत बैजनाथ के चोबू में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी देते हुए डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के नदी-नालों में अवैध तौर पर रेत बजरी निकाले जाने की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने चार ट्रैक्टरों सहित अनाधिकृत तौर पर रेत बजरी निकालने का चालान किया है। इसके एवज में 125000 का जुर्माना ठोका गया है। एक अन्य मामले में इसी टीम ने वन विभाग की भूमि पर रेत बजरी का डंप लगाने के लिए 70,000 रुपए का चालान किया है। डीएसपी अनिल शर्मा ने कहा कि बैजनाथ प्रशासन की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

काबिले गौर है कि क्षेत्र में कई लोगों ने कृषि उपयोग के लिए सब्सिडी पर ट्रैक्टर खरीदे हैं, जबकि उनका उपयोग खनन सामग्री ढोने के लिए किया जा रहा है। बैजनाथ प्रशासन और पुलिस की इस कार्रवाई की हर तरफ तारीफ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अब पेपरलेस होंगी केंद्रीय विवि की सांविधिक बैठकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की सांविधिक बैठकों 'अकादमिक परिषद, कार्यकरिणी परिषद, वित्त समिति, विश्वविद्यालय कोर्ट' एवं अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में होने वाली कार्रवाई अब पेपरलेस होगी। विश्वविद्यालय की 38वीं अकादमिक परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है। धौलाधार परिसर-एक में हुई बैठक में विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों को संचालित करने की अनुमित दी गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की।



**यूनिवर्सिटी की 38वीं अकादमिक परिषद की बैठक में लिया फैसला**

उन्होंने सभी सदस्यों के समक्ष विश्वविद्यालय की उपलबिध्यों को रखा। इस अवसर पर काफी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया गया है। अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विश्वविद्यालय के अध्यादेश में परिवर्तन लाए जाएंगे। अब इसके लिए कमेटी गठित कर दी गई है। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में यह कमेटी 15 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। कुलपति ने बताया कि अब विश्वविद्यालय में चल रहे कश्मीर अध्ययन केंद्र का नाम बदलकर जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन कर दिया गया है। वहीं भारत सरकार ने समर्थ पोर्टल के 44 मोड्यूलस को लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसमें से विवि ने 33 कर दिए हैं।

विश्वविद्यालय मौजूदा समय में विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ओर अधिक अग्रसर करने की आवश्यकता पर जोर दे रहा है। इसी के तहत नवीन अनुसंधान को बढ़ाने तथा पेटेंट पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पेटेंट सेल की स्थापना की गई है। इसके लिए कमेटी का भी गठन कर लिया गया है। उपरोक्त समिति विश्वविद्यालय में पेटेंट सेल की स्थापना के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया ( एसओपी) तैयार करेगी। इस समिति द्वारा तैयार किए गए मानक संचालन प्रक्रिया को अनुमोदन के लिए विवि की अकादमिक परिषद के समक्ष रखा जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में एसएमसी ने की बैठक

**घुमारवीं।** केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में शुक्रवार को एसएमसी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ने की। जबकि उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने नामित अध्यक्ष के रूप में बैठक में भाग लिया। प्राचार्या रिंकू कुमारी ने बताया कि छठी कक्षा की छात्रा शिवांजलि पंडित ने स्लोगन लेखन में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## धर्मशाला अस्पताल में लगेंगे ऑपटिक्ल फाइबर से निर्मित सीसीटीवी कैमरे

### अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में रोगी कल्याण समिति के माध्यम से वितीय वर्ष 2023-24 में विविध स्वास्थ्य सेवाओं पर लगभग एक करोड़ 56 रुपए खर्च हुए हैं। यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के सभागार में रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी के वार्षिक कार्यों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।




उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल में रोगियों की बेहतर सुरक्षा के लिए ओपटिक्ल फाइबर तकनीक से निर्मित दस अतिरिक्त सीसीटीवी स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही अस्पताल में शौचालय की बेहतर सुविधा तथा कैंटीन के बार तामीरदारों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था के लिए भी बैठक में मंजूरी दी गई है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि अस्पताल में पार्किंग की बेहतर सुविधा के लिए भी निर्णय लिया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला अस्पताल में तीन सौ के करीब बेड्स की सुविधा है तथा जनवरी 2024 से लेकर जुलाई-2024 तक ओपीडी में एक लाख 62 हजार 269 ने अपना पंजीकरण करवाया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को असुविधा पेश न आए। इस अवसर पर नगर निगम के कमीशनर जफर इकबाल, ज्वाइंट कमीशनर डॉ. अंजली गर्ग, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा आरके सूद, डा तरूण सूद, डा सुनील विष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 'शीशम का पेड़' राजस्व समस्याओं को उजागर करने वाला उपन्यास

**प्रभात** शर्मा द्वारा लिखित उपन्यास 'शीशम का पेड़' राजस्व संबंधी समस्याओं को उजागर करने वाला एक ऐसा दस्तावेज है, जो आम लोगों के जीवन और उनकी भूमि संबंधी जटिल पेचीदगियों को रेखांकित करता है तथा समाज की वर्तमान परिस्थितियों को उकेरता हुआ आधुनिक सोच को भी प्रतिबिंबित करता है। यह एक ऐसी औपन्यासिक कृति है, जिसमें पारिवारिक संबंधों में बिखराव, विदेश जाने की ललक तथा रिश्तो में संवेदनहीनता का परिचय मिलता है। प्रभात शर्मा स्वयं राजस्व अधिकारी रहे हैं और कई वर्षों तक राजस्व से जुड़ी अवधारणाओं को देखा परखा है। यह उपन्यास मात्र काल्पनिक नहीं है, अपितु लेखक के निजी अनुभवों का परिणाम है। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने इन सारी समस्याओं को देखा परखा है, आज भी आमजन को ऐसी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।

उपन्यास में मुख्य पात्र सादो और उसकी पत्नी जयबंती है। सारी कथा मुख्यत: इन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी का परिवेश हिमाचली कांगड़ी है। बेटा और बहू अमेरिका में नौकरी करते हैं और वहीं के हो गए हैं, वे अपनी पैतृक संपत्ति जमीन-जायदाद के



प्रभात शर्मा (लेखक)



युगल डोगरा (समीक्षक)

**समीक्षा**

प्रति न संवेदनशील है और न ही चिंतित। सादो-जयबंती जब सेवानिवृत्ति के बाद वापस अपने पैतृक घर कांगड़ा में आते हैं तो यह देखकर जल भुन जाते हैं कि धीरे-धीरे उनकी जमीन को घरैत-सरीक हथियाने की कोशिश में हैं। हद तो तब हो गई जब उनकी जमीन पर लगा शीशम का पेड़ सूरतू और उनके बेटे मेहरो ने जबरदस्ती काट लिया।

सादो क्या करता, हार-थक कर वह अपनी जमीन की निशानदेही करवाता है, परंतु सूरतु और बेटा मेहरो, जिन्होंने वह शीशम का पेड़ अपनी मलकीयत जता कर काट लिया, बिलकुल भी उस निशानदेही से सहमत नहीं हैं और कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं हैं। मुकदमा कोर्ट में चलता है, तारीख पर तारीख पड़ती है। आजकल कोर्ट-कचहरी जाना आसान नहीं है। किसी ने ठीक कहा है कि कोर्ट में वकील करना आसान है किंतु फिर अपने ही वकील से पीछा छुड़ाना आसान नहीं। हार-थक कर सादो-जयबंती किसी वृद्धाश्रम में चले जाते हैं, अपनी सारी संपत्ति, लेई पूंजी वहीं दान में दे देते हैं। लेखक का यह कहना कि संतान को अपने बुजुर्गों की जमीन-जायदाद से कोई विशेष लगाव नहीं और वे गांव के परिवेश में रहना भी पसंद नहीं करते स्पष्ट संकेत है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्राय: यही देखने को मिल रहा है। घर मकान बड़े-बड़े, चारदीवारी से घिरे हुए पर अंदर दो अदद-बूढ़ा बाप और मां।

लेखक का प्रयास सराहनीय है, उपन्यास की भाषा शैली सीधी सरल है, जिज्ञासा और रोचक ता इस उपन्यास की विशेषता है यही कारण है कि एक ही बैठक में इसे पढ़ा जा सकता है। इसके अतिरिक्त राजस्व संबंधी कानूनी प्रक्रियाओं को भी सहज ढंग से व्याख्यायित किया गया है। पृष्ठ 50 से 80 तक इन तीस पृष्ठों में कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत व्याख्या के साथ पटवारी, तहसीलदार व जिला कलक्टर के कार्यों और दायित्व पर भी विशेष चर्चा की गई है। हां, कुछ स्थानों पर उर्दू के शब्दों का प्रयोग जरूर अखरता है, जो आम जन इतनी सुगमता से नहीं समझ पाते।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा कॉलेज में पीटीए की कार्यकारिणी का गठन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में प्राचार्य ज्ञान चंद राणा की अध्यक्षता में अभिभावक अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। सबसे पहले अभिभावक अध्यापक संघ कार्यकारिणी की सचिव प्रो. नीलम कुमारी ने विगत वर्ष में कार्यकारिणी के सहयोग से किए गए कार्यों का विवरण तथा उससे संबंधित खर्च राशि का विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद विगत वर्ष की कार्यकारिणी को भंग करना और नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। कार्यकारिणी के सदस्यों का निर्विरोध चयन हुआ। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संयुक्त सचिव मिलाप चंद, कोषाध्यक्ष आरती देवी, मुख्य सलाहकार पवन कुमार, तकनीकी सलाहकार जोगिंद्र कुमार, सचिव प्रो. नीलम कुमारी तथा अन्य नामित सदस्यों में पूनम कुमारी, मंजीत कुमारी, प्रो. मदन सिंह, डॉ. अजय कुमार एवं डॉ. प्रीतम चंद राजकीय महाविद्यालय धनेटा से नियुक्त हुए। प्राचार्य ज्ञान चंद राणा ने गत वर्ष की कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। अंत में प्रो. मदन सिंह ने समस्त अभिभावकों तथा नई कार्यकारिणी के निर्वाचित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### अध्यापकों को दी आरटीई अधिनियमों की जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा द्वारा डाइट हमीरपुर में संचालित इंडक्शन ट्रेनिंग के 10वें दिन के पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन अरूण कांत अत्री ने धातु और अधातु की भौतिक और रासायनिक गुणों, अभिक्रिया श्रृंखला और कुछ लवणों के निर्माण पर चर्चा की। दूसरे सत्र में कार्बन और इसके योगिकों, बंधन के प्रकार, कार्बन के साम्यावस्था और साबुन, डिटर्जेंट पर चर्चा हुई। तीसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन कल्पना बन्याल ने रसायन विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग पर चर्चा की गई। चौथे सत्र में रिसोर्स पर्सन संदीप कौशल ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 पर विस्तार से चर्चा की। इसमें अध्यापकों को इन अधिनियमों के प्रावधानों और उससे कार्यान्वयन के तरीकों के बारे में जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन परमजीत डोगरा ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 पर चर्चा करते हुए बताया कि यह अधिनियम हर बच्चे को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि नवनियुक्त अध्यापकों के लिए आरटीई-2009 और आरटीई-2005 के लिए बहुत फायदेमंद है। इन अधिनियम की जानकारी बच्चों के हित में बहुत उपयोगी रहेगी और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

### साइंस मॉडल प्रदर्शनी में छात्रों का उम्दा प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विद्यालय स्तर पर साइंस मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सतत विकास थीम के तहत प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 232 वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यालय अकादमिक प्राचार्या डॉक्स हिमांशु शर्मा व विद्यालय प्राचार्य शशिबाला ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। शौर्य ठाकुर व सुहानी के बने ग्रौहिम प्रोजेक्ट यश, भानु, शिवांश व उत्कर्ष के सस्टेनेबल बिल्डिंग प्रोजेक्ट, अनमोल सूद के स्मार्ट स्फेयर प्रोजेक्ट, शिवांजलि व गरिमा का प्लास्टिक रोड प्रोजेक्ट, सहानवी, अक्षिता, चेस्टा व स्निग्धा के ऑटोमेटिक सेंसर लाइट प्रोजेक्ट, गार्गी, सुहानी, अनुष्का, देवांगी व खुशबू के वायरलेस लाइट कंट्रोल, वॉयरलैस पावर कंट्रोल प्रोजेक्ट तथा एटीएल में पार्थ, अरनव, सुजल, शैव्या, शौर्य व अर्पित के डस्टबिन व पिक एंड ग्रैब रोबोट प्रदर्शनी विशेष रहे। रोहित शर्मा, दीपशिखा, शिल्पा गुप्ता व विकास शर्मा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम समन्वयक पूजा गुलेरिया, नीता सिंह, माया शर्मा, पंकज शर्मा, पूजा शर्मा व रोहित अग्निहोत्री रहे। विद्यालय प्राचार्य ने कार्यक्रम संचालक छात्रों व अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी।

### बेटियों को कौशल विकास के बारे में किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर के सौजन्य से हमीरपुर वार्ड नंबर 5 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बेटियों को कौशल विकास के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक कौशल विकास निगम जिला हमीरपुर निशा कटोच ने हिमाचल प्रदेश सरकार कौशल विकास निगम द्वारा लड़कियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि डिग्री कॉलेज व आईटीआई में विभिन्न कोर्स निःशुल्क चलाए जा रहे हैं। जिला समन्वयक मिशन शक्ति ने बताया कि हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह ही गर्व होना चाहिए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है।

### सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में सड़क सुरक्षा नियम के संदर्भ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने की। अंजना कौंडल ने कहा कि हमें नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए एवं लोगों से भी इन नियमों का विशेष रूप से पालन करने का आग्रह करना चाहिए क्योंकि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने से न केवल हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा, बल्कि इससे अन्य लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा नियम के ऊपर जागरूकता रैली भी निकाली। इसमें सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी किरण देवी के अतिरिक्त सुशील पठानिया, सविता देवी, रीता देवी, रेखा, राजकुमार आदि विशेष रूप से शामिल थे।

### बड़सर कॉलेज में स्वच्छता बारे में बढ़ाई जागरूकता

**डिडवीं टिक्कर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के स्वयंसेवकों द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिसर के अंदर सफाई करना था। शिविर में कुल 30 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य राकेश कुमार की उपस्थिति में सद्भावना प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने कहा कि सद्भावना दिवस हमें आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

### मीना कुमारी ने जोल स्कूल को पंखा किया भेंट



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोल को मीना कुमारी पत्नी स्व. पूर्ण चंद निवासी चंडीगढ़ ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोल को पंखा भेंट किया है। मुख्य शिक्षक एवं पाठशाला प्रबंधन समिति ने इसके लिए उनका आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है।

# बैठक में विभागीय अधिकारियों के न पहुंचने पर भड़के पंचायत समिति सदस्य

## बीडीसी के कार्यों को पूरा न करने पर जताया रोष, पंचायत समिति टौणी देवी की बैठक आयोजित

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



पंचायत समिति टौणी देवी की बैठक में मौजूद गणमान्य विचार-विमर्श करते हुए।

पंचायत समिति टौणी देवी की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें कार्यकारी खंड विकास अधिकारी रवि चंदेल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को बैठक में रखा तथा इस पर गहन विचार-विमर्श किया।

पंचायत समिति सदस्यों ने आक्रोश जताया कि उनके कार्यों को जल्द पूरा नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें विकास कार्य करवाने में खासी परेशानी हो रही है। उन्होंने इसके लिए विकास खंड कार्यालय से पंचायतों को विशेष निर्देश देने का आग्रह किया है, जिससे कार्य समय अवधि के दौरान पूरे हो सके। इसके साथ ही सदस्य ने सड़कों, रास्तों व अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। इसी तरह से पंचायत समिति अध्यक्ष रीना देवी ने बैठक में कई विभागों के अधिकारियों के न पहुंचने पर आक्रोश जताया तथा इस संबंध में आगामी समय में विभागीय अधिकारियों से बैठक में आने का आग्रह किया, जिससे समिति के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निवारण हो सके। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने विभागों की योजनाओं से अवगत करवाया तथा सदस्यों के प्रश्नों का भी उतर दिया।

सीडीपीओ टौणी देवी कुलदीप ठाकुर ने भी विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने समिति सदस्यों के साथ ही लोगों से भी आंगनबाड़ी केंद्रों को और सशक्त बनाने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यकारी खंड विकास अधिकारी रवि चंदेल ने समिति सदस्यों के साथ ही अन्य विभागों के पहुंचे हुए अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया तथा समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का त्वरित निपटान करने का आग्रह किया, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

इस दौरान पंचायत निरीक्षक पवन कुमार, उपनिरीक्षक अजय राणा, बारीं पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर, कक्कड़ पंचायत के प्रधान जितेंद्र ठाकुर, लग के प्रधान राकेश ठाकुर, पटनोण के प्रधान अनूप कुमार, पंचायत समिति सदस्य किशोर कुमार, तिलक शर्मा के साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सनातन ही कर सकता है विश्व का कल्याण : पंकज भारतीय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के षष्टिपूर्ति वर्ष यानी 60वां स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में हमीरपुर प्रखंड का कार्यक्रम स्थानीय श्री सत्यनारायण मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य हरी चंद शर्मा ने की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के संत श्री सर्वेश्वरा नंद सरस्वती महाराज, महंत श्री श्री 1008 राकेश दास जी महात्यागी ने भी अपना आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विहिप हिमाचल प्रांत के सह प्रांत मंत्री पंकज भारतीय ने विश्व कल्याण का मूल मंत्र केवल सनातन धर्म को करार दिया। उन्होंने कहा कि विश्व में जहां अन्य पंथ अपने को सर्वश्रेस्ठ बनाए रखने की होड़ में बाकियों पर हिंसा कर रहे हैं, वहीं सनातन धर्म वसुधेव कुटुंभ्कम की बात करता है। सभी का कल्याण हो, यह अवधारणा केवल सनातन हिंदू धर्म में ही है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता वर्तमान समय कि पुकार है, क्योंकि जनसंख्या के आधार पर देश के विभाजन करने की एक और भूमिका तैयार कर दी गई है। यहां तक की विदेशी धन से लालच देकर अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को जो धर्मांतरित करने वाले पादरियों को भी जब तक बेदखल नहीं किया गया, यह कार्य देश के लिए घातक ही साबित होगा।

देश को तोड़ने वाली व राष्ट्र धर्म विरोधी संगठन जैसे टुकड़ा टुकड़ा गैंग, तथाकथित सेक्युलर लोग, आतंकवादी संगठन भारत की पुरातन संस्कृति और यहां के नैतिक मूल्यों को नष्ट करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिंदू और सनातन संस्कृति पर हो रहे हमलों और प्रहारों तथा बढ़ती विघटनकारी शक्ति, अवैध धर्मांतरण, लव जिहाद को रोकने के लिए समस्त हिंदू समाज को संगठित शक्ति बनकर इन विघटन कार्य समस्याओं से निपटने हेतु समर्थ व सक्षम बनना होगा। सनातन ही विश्व का कल्याण कर सकता है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंबेडकर सदन प्रथम

**नादौन।** उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अंतर सदनीय खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें कनिष्ठ वर्ग में छठी से आठवीं क्लास के बच्चों ने तथा वरिष्ठ वर्ग में नवमी से 12वीं तक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वॉलीबाल में अंबेडकर सदन प्रथम, बैडमिंटन में सुभाष सदन प्रथम, शतरंज मे अंबेडकर सदन के कृष और वंश प्रथम स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस में कनिष्ठ वर्ग में अंबेडकर सदन के दिव्यांशु प्रथम तथा इसी सदन के प्रिंस द्वितिय तथा टैगोर सदन के हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में अंबेडकर सदन के सुजीत राम प्रथम, पटेल सदन के असादुल द्वितीय और इसी सदन अनिकेत तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रिंसिपल दिली मोहम्मद पोसवाल ने बच्चों को जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और खेल को अपने जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉक्टर सतीश शर्मा प्रवक्ता, सुशील शर्मा, अरविंद पटियाल, शिव कुमार, रिपन सिंह, जोगिंद्र, अंबिका, देवेंद्र, सुरेंद्र कुमार, संजीव, समिता, सपना और भावना आदि उपस्थित रहे।

# जिले के सीडी अनुपात में काफी सुधार की आवश्यकता : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक हमीर भवन में उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना की पहली तिमाही की उपलब्धियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला में 2097.7 करोड़ रुपए के ऋण आवंटन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और पहली तिमाही में 760.59 करोड़ रुपऐ के ऋण आवंटित किए गए, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 36.26 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जिला में पहली तिमाही के दौरान सभी बैंकों की कुल जमा राशि 14804.26 करोड़ रुपए रही, जबकि ऋण की राशि 3434.64 करोड़ रुपए रही। इस दौरान जिला का ऋण-जमा अनुपात यानी सीडी अनुपात 23.20 प्रतिशत रहा। उपायुक्त ने कहा कि जिला के सीडी अनुपात में काफी सुधार की आवश्यकता है। इसमें सुधार के लिए सभी बैंक अधिकारी ऋण आवंटन में तेजी लाएं तथा आम लोगों को बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रेरित करें।

# सभी कमेटियों में निजी स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित करे विभाग : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रदेश एफिलिएटिड प्राप्त प्राइवेट प्रबंधक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार से मांगों को लेकर मिला।

हिमाचल प्रदेश एफिलिएटिड प्राप्त प्राइवेट प्रबंधक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष जगजीत ठाकुर व जिलाध्यक्ष देवराज वर्मा की अगुवाई में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार से मिला।

प्रदेश अध्यक्ष जगजीत ठाकुर ने मांग की कि जिला में शिक्षा से संबंधित सभी कमेटियों में निजी स्कूलों की भागीदारी को भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जिला में एलिमेंट्री स्कूलों का निरीक्षण टीमें अलग-अलग ब्लॉकों में कर रही हैं, लेकिन सुजानपुर ब्लॉक की निरीक्षण टीम का रवैया निजी स्कूलों के प्रति सकारात्मक नहीं रहा है। इसकी संघ आलोचना करता है। उन्होंने मांग पत्र में कहा कि उप चुनावों के कारण आचार संहिता लगने के कारण स्कूलों द्वारा फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र लेने का आवेदन जिला फायर ऑफिसर कार्यालय में किया है। चुनावों के कारण निरीक्षण न करने के कारण देरी हुई है। इस कारण फायर सेफ्टी के प्रमाण पत्र अभी तक स्कूल जमा नहीं करवा पाए हैं। जिला शिक्षा उपनिदेशक ने मांगों पर गौर करने का प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया।

### प्रदेश सरकार ने लोगों के साथ छल किया : अर्चना चौहान



**टौणी देवी।** प्रदेश सरकार प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के नाम पर महिलाओं से भद्दा मजाक कर रही है। यह बात भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनावो के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु की हर वर्ग के परिवार की सभी महिलाओं को 1500-1500 रुपए प्रति महीना देने की बात कर कांग्रेस सरकार ने सत्ता हासिल की थी। उन्होंने विधानसभा चुनावों के दौरान अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर महिलाओं के फार्म भरवा कर कैबिनेट में 1500 देने की बात कही थी और महिलाओं ने विश्वास कर कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट दिए थे, परंतु कांग्रेस की सरकार बनने के बावजूद महिलाओं के खाते में पैसे जमा नहीं हुए, उसके बाद लोकसभा चुनाव में एक बार फिर 1500 देने का लालच देकर महिलाओं को फॉर्म भरने में लगा दिया। वर्तमान सरकार ने झूठ का सहारा लेकर लोगों के साथ कुठाराघात किया है। वर्तमान सरकार ने अपने वादे से पीछे हटकर लोगों के साथ छल किया है।

# नादौन में पर्यटन के लिए करोड़ों मंजूर करने पर सीएम का जताया आभार

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



नादौन में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 155.42 करोड़ की बजट राशि स्वीकृत करने पर नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी की लहर हैं।

इसके लिए कॉंग्रेस के बड़ा जोन के प्रभारी डॉ. मोहन लाल कौंडल, जिला बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य राजेश कुमार पिंका एवं कुलदीप पटियाल, सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार, पंचायत बड़ा के पूर्व वार्ड प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, अंकुश परमार, नादौन कॉंग्रेस के मंडलाध्यक्ष कैप्टन पिर्थी चंद, सुंदर्शन जरियाल आदि ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। गौर हो कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 696.47 करोड़ की बजट राशि स्वीकृत की है, जिसमें नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यटन क़ो बढ़ावा देने लिए बेलनेस सैंटर नादौन के निर्माण के लिए 91.42 करोड़ एवं रीवर राफ्टिंग कांप्लेक्स के लिए 64 करोड़ की बजट राशि खर्च करने का प्रावधान है ओर वैसे भी नादौन विधानसभा क्षेत्र को मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का जो संकल्प लिया हैं, उस स्वप्न को सकारात्मक रूप देने जे लिए वह अब तक के अपने कार्यकाल में पूर्ण रूप से प्रयासरत हैं। नादौन में टयूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत की गई बजट राशि के संदर्भ में जब नादौन के कुछ गणमान्य लोगों से चर्चा की जाती हैं तो इस बारे में ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार का कहना है कि नादौन में पर्यटन क़ो बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत राशि खर्च होने पर यह क्षेत्र पर्यटन कि दृष्टि से काफी विकसित होगा। इस बारे में पूर्व बार्ड प्रतिनिधि प्रवीण चौधरी का कहना है कि नादौन में पर्यटन क़ो बढ़ावा मिलने से रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्यमी सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नादौन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो कदम उठाए जा रहे रहे हैं, वे बहुत ही सराहनीय हैं।

वहीं, जिला के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य राजेश कुमार पिंका ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब नादौन विधानसभा क्षेत्र का नाम भी देश के पर्यटन मानचित्र पर अंकित होगा और हम इसके लिए अपने आप क़ो गौरवान्वित समझेंगे।

### आदर्श कांत चौथी बार दी उखली कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के निर्विरोध प्रधान बने




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** दी उखली कृषि सेवा सहकारी सभा समिति जिसके चुनाव की प्रक्रिया लगभग पिछले दो महीने से चल रही थी। सहकारी विभाग द्वारा नियुक्त परिवेशकों की उपस्थिति में यह चुनाव करवाया गया। इसमें आदर्श कांत को प्रधान, बलदेव सिंह को उपप्रधान व अन्य तीन मेंबर जिसमे सुशील कुमार, जसवंत सिंह एवं जोगिंदर सिंह को निर्विरोध चुना गया। वर्तमान भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर मंडल के अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं। आदर्श कांत को चौथी बार द उखली कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का निर्विरोध प्रधान बनाया गया है और यह नया कीर्तिमान उन्होंने हासिल किया है।

# डीसी रेजिडेंस के पीछे से ही क्रेट वायर चुरा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि जिले के सबसे बड़े अधिकारी के रेजिडेंस के पास भी चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। उपायुक्त के रेजिडेंस के पीछे ठेकेदार ने 27 और 29 अगस्त को क्रेट वायर रखी थी। ठेकेदार स्लाइडिंग प्वाइंट पर इसे लगाने के लिए लाया था कि वीरवार को लगभग एक लाख रुपए की क्रेट वायर कोई चुराकर ले गया। हालांकि यह क्रेट वायर कुल एक लाख 20 हजार रुपए की थी जिनमें से 7 जाले लगा दिए थे जबकि अभी 33 लगाने बाकी थे। सरकारी ठेकेदार जमील खान ने इसकी शिकायत सदर थाना हमीरपुर में की है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### अदालत में भी हो रही सुक्खू सरकार की फजीहत : राणा



**हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि मनमाने फैसले लेने के लिए मशहूर हिमाचल की सुक्खू सरकार को वकीलों की लंबी चौड़ी फौज पर भारी भरकम फीस खर्च करने के बावजूद कोर्ट में फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार द्वारा तमाम नियमों को तक पर रखकर बिजली परियोजनाओं पर वॉटर सैस लगाने के फैसले की अधिसूचना को पहले प्रदेश हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था और अब सुप्रीम कोर्ट में जाने के बावजूद राज्य सरकार को कोई बड़ी राहत नहीं मिल पाई है। हाईकोर्ट ने तो वाटर सैस से जुड़े कानून को ही अंसवैधानिक करार दिया था। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सत्ता में आने के बाद सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश में 173 बिजली परियोजना पर वाटर सैस लगाया था जिस पर 25 अक्तूबर 2023 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को पत्र लिखकर वॉटर सैस को अवैध और असंवैधानिक बताया और कहा था कि बिजली उत्पादन पर वॉटर सैस और अन्य शुल्क लगाने के लिए राज्य सरकारों के पास अधिकार नहीं है, परंतु केंद्र सरकार के निर्देशों की अनदेखी करते हुए सुक्खू सरकार ने विधानसभा में वाटर सैस पर विधेयक पारित कर राज्य जल उपकर आयोग भी बनाया था, जिसमें उन्होंने अपने कई चहेतों को एडजस्ट करके उन्हें गाड़ी, बंगला, वेतन भत्ते और नौकर चाकर की सुविधा प्रदान कर दी थी, जबकि हिमाचल में इस आयोग की जरूरत ही नहीं थी।

### छतर और भटेड़ खुर्द में टीसीपी एक्ट का उल्लंघन करने पर दोबारा जारी किए नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 के अंतर्गत आने वाले हमीरपुर के निकटवर्ती गांव छतर और भटेड़ खुर्द में इस अधिनियम के उल्लंघन एवं अवैध निर्माण का नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए हैं। मंडलीय नगर नियोजन कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी नोटिस के अनुसार छतर मुहाल में हुए अवैध निर्माण पर एक व्यक्ति को पहले भी नोटिस जारी किया गया था और उसे संबंधित जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन यह निर्माण अभी तक नहीं हटाया गया है। अब नियोजन अधिकारी ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा 2 के तहत दोबारा नोटिस जारी करते हुए निर्माण को हटाने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के आदेश जारी किए हैं। उधर, भटेड़ खुर्द मुहाल में भी अधिनियम के उल्लंघन पर नियोजन अधिकारी ने एक व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुए निर्माण कार्य को रोकने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के आदेश दिए हैं। नियोजन अधिकारी ने कहा कि इन दोनों मामलों में नोटिस के माध्यम से जारी आदेशों की अनुपालना न करने पर विभाग संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

**समापन** मुंडखर स्कूल में संपन्न हुई अंडर-14 लड़कों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# कबड्डी में बिझड़ और वॉलीबाल में भोरंज ब्लॉक विजेता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



मुंडखर स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते हुए भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप।

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में हुई चार दिवसीय अंडर-14 वर्ग में लड़कों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंतिम दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके विजेता और उपविजेता बनने को गौरव हासिल किया।

कबड्डी के फाइनल मुकाबले में बिझड़ ब्लॉक के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए हमीरपुर ब्लॉक को 40-38 के मुकाबले में दो अंकों से जीत दर्ज की। इससे बिझड़ ब्लॉक विजेता व हमीरपुर ब्लॉक उपविजेता बना। इसी तरह वॉलीबाल में भोरंज ब्लॉक प्रथम, टौणी देवी द्वितीय और बिझड़ ब्लॉक तीसरे स्थान पर रहा। खो-खो के खेल में सुजानपुर प्रथम, बिझड़ द्वितीय और हमीरपुर ब्लॉक के खिलाड़ी तीसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन के मुकाबले में हमीरपुर ब्लॉक विजेता व नादौन ब्लॉक विजेता बना। बास्केटबाल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी प्रथम और शिक्षा ज्योति पब्लिक स्कूल रूढ़ान दूसरे स्थान पर रहा।

हैंडबाल के मुकाबले में मझेली स्कूल प्रथम व सनाही स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। हॉकी खेल में मटाहणी स्कूल विजेता व नादौन बॉल स्कूल के खिलाड़ी उप विजेता रहे। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला के छह शिक्षा खंडों के करीब 440 खिलाड़ियों ने चार दिन मेजर व माइनर खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप का स्कूल प्रशासन व शारीरिक शिक्षकों में भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलें युवाओं का भविष्य बन सकती हैं, इसलिए अधिक से अधिक बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बढ़ते नशे पर चिंता प्रकट करते हुए नशे से बचने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। इस दौरान उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों का बधाई दी तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एडीपीओ प्रारंभिक हमीरपुर करतार चंद, स्कूल प्रधानाचार्य ओंकार देव, भोरंज ब्लॉक समन्वयक अशोक शर्मा, अश्वनी, सुरेंद्र कुमार, पुरूषोतम, संजीव कुमार, विनोद कुमार, मुंडखर पंचायत प्रधान माया देवी, पूर्व बीडीसी अजय शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष विजय कुमार, स्थानीय पाठशाला डीइपी जगदीश चंद व अन्य उपस्थित रहे।

### हमीरपुर भाजपा मंडल की वर्कशॉप आज वासी पैलेस बड़ू में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर मंडल भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए 31 अगस्त को सुबह 10:30 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बासी पैलेस बड़ू में किया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल, विधायक आशीष शर्मा और मंडल से शीर्ष नेतृत्व इस कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित रहेगा। मंडल मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने बताया कि भाजपा मंडल हमीरपुर के सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ सम्मानित कार्यकर्ताओं, मंडल पदाधिकारी-सदस्य, मंडल से जिला में, मंडल से प्रदेश में सभी पदाधिकारी-सदस्य, मंडल के सभी मोर्चों के पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजक, सेक्टर प्रभारी सेक्टर सह प्रभारी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, ग्राम केंद्र प्रभारी, सदस्यता अभियान के लिए नियुक्त किए गए ग्राम केंद्र सहयोगी, बूथ सहयोगी, बूथ पालक, बूथ अध्यक्ष, एवं हमीरपुर मंडल में भाजपा के नगर परिषद पार्षद, जिला परिषद सदस्य, बीडीसी सदस्य, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पंचायत प्रधान, उपप्रधान सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ सम्मानित कार्यकर्ता इस सदस्यता अभियान कार्यशाला में अपेक्षित रहेंगे।

# युवती को ब्लैकमेल करने वाले कारोबारी पर कसेगा शिकंजा

**सिरफिरे कारोबारी आशिक ने शादी के बाद भी युवती का पीछा नहीं छोड़ा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

इसे ब्लैकमेलिंग कहेंगे या कुछ और, लेकिन सिरफिरे कारोबारी आशिक ने शादी के बाद भी युवती का पीछा नहीं छोड़ा। सात समंदर पार भी उसका जीना दूभर कर दिया, जिससे युवती को पति को छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ गया। अब मामला पुलिस तक पहुंच गया है और आरोपी सिरफिरे को काबू करने के लिए पुलिस ने रणनीति बनाई है, जल्द ही वह काबू आ सकता है।

ऊना जिले की एक नवविवाहिता के साथ दिल्ली के रहने वाले एक कारोबारी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि उसने पंजाब यूनिवर्सिटी से शिक्षा हासिल करने के बाद दिल्ली में कोचिंग लेने के लिए प्रवेश लिया था। दिल्ली में उसका संपर्क आरोपी कारोबारी हरबंस चौधरी के साथ हुआ, जिसकी नीयत अच्छी नहीं लगने के चलते उसने तुरंत हरबंस चौधरी के पास से नौकरी छोड़ दी थी और वह वापस घर आ गई, लेकिन हरबंस चौधरी ने लगातार उसे संपर्क करना जारी रखा।

पीड़िता को उसकी सुरक्षा का हवाला देते हुए उसने वापस अपने पास काम पर बुला लिया। जहां उसने पीड़िता को तुरंत प्रभाव से 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन में बढ़ोतरी करते हुए 50 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन देना तय कर लिया। इसी बीच उसने पीड़ित युवती को एक फ्लैट का भी बंदोबस्त करके दिया, जबकि इसी फ्लैट में आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जबकि इसके बाद उसने लगातार युवती को उसके अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए हवस का शिकार बनाना शुरू कर दिया। इसी बीच पीड़िता के परिवार ने उसकी शादी तय कर दी, जबकि शादी के बाद वह अपने पति के साथ कनाडा चली गई, लेकिन आरोपी ने वहां भी उसका पीछा नहीं छोड़ा और उसके पति को उसके अश्लील चित्र भेजना की बात कहते हुए भारत वापस आने पर मजबूर कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि नई दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने के तुरंत बाद आरोपी उसे लेने पहुंच गया और उसने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जबकि मायके पहुंचने पर आरोपी हरियाणा नंबर की एक कार लेकर उसके घर पहुंचा और उसे कार में बिठाकर धार्मिक स्थल पीरनिगाह की तरफ ले गया, वहां भी आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घिनौनी हरकत को अंजाम दिया।

पीड़ित युवती ने बताया कि आरोपी अब उसे लगातार पति को छोड़कर उसके पास काम करने के लिए दबाव बना रहा है और उसके फोटो और वीडियो पति को भेजने की ब्लैकमेलिंग कर रहा है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले हरबंस चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, जल्द ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ऊना जिले में कल से जीपीएस प्रणाली से होगी पशुधन की गणना

## गणना से पशुधन की जनसंख्या का डेटा और संसाधनों के उचित आवंटन में मदद मिलेगी

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले में पहली सितंबर से जीपीएस प्रणाली के माध्यम से पशुधन गणना का कार्य आरंभ किया जाएगा। इस गणना का मुख्य उद्देश्य जिले में पशुधन आबादी की सटीक जानकारी एकत्रित करना है, जो कि पशुधन विकास से संबंधित नीतियों और योजनाओं की कार्य योजना बनाने और उन्हें सफलतापूर्वक लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त पशुपालन विभाग द्वारा 21वीं पशुधन गणना 2024 के तहत विभागीय अधिकारियों के लिए ऊना में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम के उपरांत बताया कि इस गणना से पशुधन की जनसंख्या का डेटा और ग्रामीण-शहरी विवरण इकट्ठा करके धन और संसाधनों के उचित आवंटन में मदद मिलेगी। साथ ही, विभिन्न नस्लों की जानकारी एकत्रित कर उनके संरक्षण और सुधारीकरण के कार्यों को भी बल मिलेगा।

इसके साथ ही, उपायुक्त ने जिले में आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने और आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए डार्टगन मुहैया कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को दुग्ध समितियों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे न केवल दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पशुपालकों और स्वयं सहायता समूहों के लिए जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से पशुधन के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. दिनेश परमार, डॉ. अंजू व्यास, डॉ. राकेश भट्टी, और जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे।

# चिंतपूर्णी मंदिर में विस्तारीकरण योजना के कार्य का डीसी ने लिया जायजा



उपायुक्त जतिन लाल चिंतपूर्णी धाम विस्तारीकरण योजना का जायजा लेते हुए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 'प्रसाद' योजना के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर योजना के क्रियान्वयन के लिए नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधियों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का ब्यौरा लिया और आवश्यक संशोधनों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना का उद्देश्य भारत में धार्मिक पर्यटन के विकास और संवर्धन को बढ़ावा देना है। इसमें धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन के कार्य किए जाएंगे। योजना के तहत ऊना जिले के श्री चिंतपूर्णी मंदिर को भी चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रसाद योजना के तहत चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भव्य भवन, प्रतीक्षा स्थल और अन्य सुविधाओं का विकास और विस्तार किया जाएगा। योजना के पहले चरण के लिए 25 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी मिल चुकी है।

क्रियान्वयन एजेंसी ने प्रस्तावित कार्यों के नक्शे और डीपीआर को तैयार किया है, जिसे आवश्यक संशोधनों के बाद सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान मंदिर प्रशासन के अधिकारी और क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ऊना कॉलेज में पीटीए गठित तिलक राज चुने गए अध्यक्ष



पीटीए कमेटी प्राचार्य और अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की सामान्य बैठक शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित बीसीए सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने पूर्व सत्र के पीटीए की गतिविधियों तथा आय-व्यय विवरणिका को सभी सदस्यों के समक्ष रखा।

इस आम सभा में सत्र 2024-25 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें पीटीए प्रधान तिलक राज को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव राकेश कुमार ने किया और अनुमोदन रामपाल ने किया। उपप्रधान पद पर दिनेश रायजादा को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव रामपाल ने किया और अनुमोदन तिलक राज ने किया। सचिव पद पर डॉ. शाम सिंह बैंस को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव मनजीत सिंह मान ने किया और अनुमोदन विकास सैनी ने किया। सह-सचिव पद पर राकेश कुमार को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव सुनील कुमार ने रखा और अनुमोदन दिनेश रायजादा ने किया। कोषाध्यक्ष पद पर सतिंद्र कुमार को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव शाम सिंह बैंस ने किया और विकास सानी ने अनुमोदित किया। डा. राजकुमार को पीटीए का मुख्य सलाहकार चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव विकास सैनी ने रखा और डॉ शाम सिंह बैंस ने अनुमोदित किया। पीटीए कार्यकारिणी सदस्यों के लिए डॉ पवित्रा दुलारी, अल्का रानी, विकास सैनी तथा मनजीत सिंह मान को सर्वसम्मति से चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने कार्यकारिणी का गठन करने पर आभार व्यक्त किया।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश ऊना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 31 अगस्त से 2 सितंबर तक ऊना जिला के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेंगे।

यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 31 अगस्त को सायं 3 बजे ऊना पहुंचेंगे और ऊना में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं का जायजा लेंगे। उपमुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह घालूवाल में रहेगा। प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री रविवार एक सितंबर को भी ऊना जिला में चले विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा 2 सितंबर को जल शक्ति विभाग, सहकारिता, भाषा, संस्कृति और कला, एचआरटीसी तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



# जल जनित-जीवाणु जनित रोगों से जनता की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करें सभी विभाग : उपायुक्त

**सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक में न गंवाएं समय**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने बरसात के मौसम में जल जनित-जीवाणु जनित रोगों से जनता की सुरक्षा के लिए सभी विभागों से मिलकर काम करने को कहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की रोगों से सुरक्षा और बचाव को लेकर सभी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उपायुक्त ने मौसम के हिसाब से पनपने वाले रोगों को लेकर बेहतर अंतर विभागीय तालमेल पर जोर दिया तथा रोगों से जन सुरक्षा को लेकर आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभाग इस दिशा में किए अपने कार्यों की साप्ताहिक रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

जतिन लाल ने बरसात में रोगों से बचाव के लिए जन जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं तथा एएनएम के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन जागरूकता संदेश घर-घर पहुंचाने को कहा। उन्होंने जिला वासियों से भी बरसात के मौसम में रोगों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने का आग्रह करते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता के जन अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की।

उपायुक्त ने जिले की सभी पंचायतों में अगली ग्राम सभा बैठक में जल जनित और जीवाणु जनित रोगों से सुरक्षा और बचाव के विषय पर चर्चा करने को कहा। उन्होंने पंचायतीराज विभाग को इसे लेकर सभी प्रधानों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित बनाने को कहा कि इन बैठकों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा और एएनएम उपस्थित रहें। लोगों को डायरिया, पीलिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस ए और ई जैसे जल जनित रोगों और स्क्रब टायफस, डेंगू, मलेरिया जैसे जीवाणु जनित रोगों को लेकर जानकारी दें। उन्हें इन रोगों से बचाव के एहतियाती उपायों, आवश्यक सावधानियों के बारे में बताने के अलावा रोगों के लक्षण, उनके चिकित्सा उपचार को लेकर बताएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सर्प दंश के मामलों में झाड़ फूंक में समय न गंवाने तथा तुरंत डॉक्टरी उपचार लेने को लेकर जागरूक करें। उन्होंने पंचायतों तथा शहरी निकायों में कूड़े-कचरे का सही प्रबंधन सुनिश्चित बनाने को कहा। उन्होंने सभी स्कूलों में बच्चों तथा शिक्षकों को बरसात में रोगों से बचाव के उपाय बताने के साथ-साथ सही तरीके से हाथ धोने को लेकर भी शिक्षित करने को कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को जल स्रोतों की सैंपलिंग के मामले बढ़ाने को कहा। इसके अलावा जल भंडारण टैंकों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे पानी निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसके वर्मा ने कहा कि बरसात के मौसम में रोगों से बचाव के लिए सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ पेयजल, स्वच्छ व ताजे भोज्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। एहतियात बरतते हुए बरसात के दौरान घर और आसपास साफ-सफाई रखें, घास-झाड़ियां न उगने दें। पानी जमा न होने दें। घर के अंदर-बाहर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। शरीर की स्वच्छता का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पिरथीपुर स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में स्कूल उपप्रधानाचार्य पूनम देवी की अध्यक्षता में एनएसएस स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एकदिवसीय शिविर में लगभग 60 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए स्वयंसेवियों ने स्कूल ग्राउंड व आसपास उगे भांग के पौधों को उखाड़ा तथा झाड़ियों की कांट-छांट की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य पूनम देवी ने छात्रों को जीवन मे किसी भी परिस्थिति मे निराश न होने तथा अपने मे सच्ची लग्न से आगे बढ़ने की सलाह दी। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, अजय कुमार, हर्बिंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिहं, प्रशांत ठाकुर, सुलोचना राणा, हरमेश, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

### कैंसर रोगी की सहायता करने पर किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के हरोली उपमंडल के सासन गांव के 21 वर्षीय युवक विवेक कुमार ने शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में एक जरूरमंद रोगी की मदद के लिए रक्तदान कर पुण्य अर्जित किया। विवेक कुमार ने हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद के आग्रह पर हरोली के हीरांनगर की एक 70 वर्षीय कैंसर मरीज के लिए अपना रक्तदान किया। विवेक कुमार के इस योगदान के लिए परिषद ने उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ अन्य रोगी के लिए भी लोअर बढ़ेडा के 29 वर्षीय चरणजीत सिंह मोनू ने रक्तदान किया था। उक्त रोगी के शरीर में सिर्फ 3 यूनिट रक्त शेष था। हिमोत्कर्ष की मदद से उक्त रोगी को 4 यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया गया। भविष्य में भी हिमोत्कर्ष परिषद ने रोगी की रक्त उपलब्ध करवाने के लिए मदद करना आश्वासन दिया है। हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कंवर ने कहा कि रक्तदान करने से जहां दूसरी व्यक्ति की जान बचाकर रक्तदाता पुण्य का भागीदार बनता है तो दूसरी तरफ रक्तदान करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने युवा वर्ग को रक्तदान जैसे महान कार्यों बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# कार की टक्कर से व्यक्ति घायल

**टाहलीवाल।** क्षेत्र के नैस्ले उद्योग के कर्मचारी को पंजाब नंबर कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में सतपाल पुत्र स्व चंद्र प्रताप मूल निवासी हरगोविंदनगर घायल हो गए। वीरवार देर शाम टाहलीवाल बाजार में तेज रफ्तार से पीबी 02एए 5329 सेंट्रो कार आई और टक्कर मारकर निकल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मैहतपुर में रंगड़ ब्रुअरीज लि. फैक्टरी पुन: चालू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हजारों लोगों को रोजगार देने वाली रंगड़ ब्रुअरीज लिमिटेड फैक्टरी फिर शुरू हो गई है। इस फैक्टरीको शुरु कराने के लिए इंटक नेताओं ने प्रबंधन के अलावा अपनी प्रमुख भूमिका बताई है। इस बात की जानकारी राष्ट्रीय इंटक के संगठन व सचिव प्रदेश के इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने दी। उन्होंने फैक्टरी में कर्मचारियों की गेट मीटिंग में बताया कि इसके लिए फैक्टरीके निदेशक व महाप्रबंधक नीरज त्यागी उद्योग के सभी कर्मचारी व इंटक के पदाधिकारी राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष जी संजीव रेड्डी प्रदेश इंटक के अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह व सभी कांग्रेस नेता बधाई के पात्र हैं।




मैहतपुर में फैक्टरी के पुन: चालू होने पर खुशी जाहिर करते वर्कर्स।

उद्योग को पुन: चालू करने के लिए वहां के प्रबंधक नीरज त्यागी का बहुत सराहनीय योगदान है, क्योंकि इस सहयोग में इंटक और कर्मचारियों का काफी सरहानीय योगदान मिल रहा। इस उद्योग में मैनेजमेंट व कर्मचारियों का रवैया भी सकारात्मक रहा। जगत राम ने कहा कि आगे भी ऐसा रहेगा उम्मीद है कि भविष्य में उद्योग दिन चौगुनी रात चौगुनी उन्नति करेगा।

जगत राम ने कहा की प्रदेश में संभवत यह पहला उद्योग है, जहां पर स्थानीय व हिमाचली लोग रखे गए हैं। यह उद्योग प्रदेश के पुराने उद्योगों में भी माना जाता है। गेट पर इंटक का नया झंडा लगाने के उपरांत मिठाई बांट कर मुंह भी मीठा करवाया गया। इनके अलावा उद्योग के महाप्रबंधक नीरज त्यागी ने कर्मचारी और यूनियन के लोगों की सहयोग के लिए प्रशंसा की। इस मौके पर औद्योगिक वर्कर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर शिवल कुमार, जिला इंटक के उपाध्यक्ष रामजी दास, जसल उद्योग के नए अध्यक्ष अमरीक सिंह, महासचिव अजीत सिंह आदि मौके पर उपस्थित रहे।

# पंचायत समिति सदस्य आर्य ने पंचायत समिति के अध्यक्ष को लिखा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के पंचायत लठियाणी, तनोह वार्ड से पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने पंचायत समिति के अध्यक्ष बंगाणा देवराज शर्मा को एक मांग पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने पंचायत समिति के सदस्यों की बैठक में निम्नलिखित मांगों पर चर्चा करने और सरकार के समक्ष लाने का प्रस्ताव दिया है। आर्य ने बताया कि अध्यक्ष महोदय के समक्ष कुछ एक जनहित में मांगें रखने जा रहे हैं। आशा है कि आप इन मांगों पर गहनता से विचार कर जनहित में कार्य करेंगे।

आर्य ने कहा कि विकास खंड बंगाणा के तहत फैरी के रूटों पर सूचना पट्ट लगाए जाएं और नावों के आने और जाने की समयसारिणी व किराया भी अंकित किया जाए एवं वोट में भी एक बोर्ड लगाया जाए, उसमें ठेकेदार का नाम और समयसारिणी किराया अंकित हो, जिससे स्थानीय व यात्रियों सुविधा मिल सके।

इस प्रकार की सुविधा से यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। आर्य ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक पूरी होने के बाद प्रस्तावनाओं की कॉपी पंचायत समिति के सदस्यों को देने की मांग पर भी विचार किया जाए। इसके अलावा भी उन्होंने अपनी कई मांगें रखीं। आर्य ने कहा कि यह जनहित मुद्दे और जनता की मांगें हैं, जिन्हें हर संवभ पूरा करवाना हमारा उद्देश्य

### सूडोकु 0042 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0041 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

31 अगस्त, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण **तिथि** त्रयोदशी : (3:43) : **नक्षत्र** पुष्य (07:40), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** वरियान (5:37) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55 - 12:46 तक, **राहुकाल** (9:09 -10:45) ।

**विशेष दिन**

- 31 अगस्त 2024 : शनि प्रदोष व्रत आज।
- 31 अगस्त 2024 : जैन समाज का पर्युषण पर्व आज से शुरू।

**मेष:** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते कि आप आगे बढ़ें। इस समय थोड़ा सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें।

**वृषभ:** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है।

**मिथुन:** रुके कार्यों में गति आयेगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है।

**कर्क:** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे।

**सिंह:** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए है। आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

**कन्या:** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट आशीर्वाद से नई सफलता को प्राप्त करेंगे। नए शत्रु उभर सकते हैं।

**तुला:** अध्ययन में अवरोध आ सकते है। कार्य स्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते हैं।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि - पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**धनु :** समय रहते अपने मन की बात कह दें। आप के सीधेपन का लोग फायदा उठायेंगे, सतर्क रहें।

**मकर:** कारोबार में जल्दबाजी में निर्णय लें। बीती बातों को लेकर अपना समय बर्बाद न करें।

**कुंभ:** धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। विवाह प्रस्ताव संबंधों में बदल सकते हैं। मनचाही नौकरी मिलने के आसार हैं।

**मीन:** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते हैं। दूर-पास की यात्रा का योग है। आपकी उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी।

**आयोजन** आपदा जोखिम और नुकसान को कम करने को लेकर कार्यशाला आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आपदा मित्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना ने शुक्रवार को डीआरडीए ऊना के सभागार में आपदा मित्रों और युवा स्वयंसेवियों के साथ एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने की।



आपदा मित्रों और युवा स्वयंसेवियों के साथ उपायुक्त जतिन लाल।

कार्यशाला का उद्देश्य आपदा प्रबंधन एवं अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम एवं न्यूनीकरण की तैयारी और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को सम्मानित करना था। इस दौरान उपायुक्त ने स्वयंसेवियों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की सराहना की और भविष्य में भी इसी उत्साह से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिला की सभी पंचायतों से 15 स्वयंसेवियों का आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण करवाया जाना प्रस्तावित है, शीघ्र ही इस लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने युवाओं को प्रशासन की सामर्थ्य योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यशाला में गृह रक्षा विभाग और अग्निशमन विभाग के राहत एवं बचाव कार्यों में तालमेल स्थापित करके आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने बारे जागरूक किया गया, साथ ही आपदा मित्रों और युवा स्वयंसेवियों को फर्स्ट रिस्पांडर की भूमिका निभाने तथा और अधिक सक्षम बनाने पर बल दिया गया।

कार्यशाला में मैडी मेला 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 स्वयंसेवियों को उपायुक्त ने प्रशंसा पत्र प्रदान किए। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण और जागरूकता शिविरों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 8 अन्य स्वयंसेवियों को भी उपायुक्त ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीपीओ संजय संख्यान, गृह रक्षा विभाग से वाहिनी प्रशासनिक अधिकारी धीरज शर्मा, अग्निशमन अधिकारी सुरेश, डीडीएमए की ओर से सुमन चहल सहित अन्य मौजूद रहे।

# टीजीटी कला संघ ने किया कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने तीन जिलों की कार्यकारिणी में रिक्त पदों को नामित करते हुए अग्रिम चुनाव तक भर दिया है। देशराज कालिया को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के बाद अब जिला कांगड़ा में रिक्त चल रहे महासचिव के पद पर बागली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तैनात टीजीटी कला शिक्षक यशपाल को नामित किया है, जबकि जिला हमीरपुर में रिक्त पड़े महासचिव के पद पर राजकीय उच्च विद्यालय रोपड़ी में तैनात अजय कुमार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

जिला मंडी में कार्यकारी रूप से जिला महासचिव का दायित्व अनिल कुमार को सौंपा गया है, जो कि टीजीटी कला के पद पर रावमापा बग्गी जिला मंडी में तैनात हैं। संघ ने सभी जिला प्रधान और महासचिव से अनुरोध किया है कि अपनी कार्यकारिणी में पदोन्नति या अन्य कारण से रिक्त हुए पदों को अपने स्तर पर भरते हुए रिपोर्ट संघ के अध्यक्ष को भेजें।

'शांत दिमाग आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास लाता है, इसलिए यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। -दलाई लामा

## संपादकीय

# अमीर-गरीब के बीच खाई

भारत नित दिन तरक्की की राह पर अग्रसर है। यह अच्छी बात है। दूसरी ओर अमीरी कुछ तबकों तक ही सीमित है। यह विचित्र स्थिति एक सिक्के के दो पहलू हैं, जो अपने पीछे कई तरह के सवाल छोड़ जाती है। भारत में जो अमीर है वो और अमीर हो रहा है, लेकिन जो गरीब है वह गरीबी रेखा से ऊपर नहीं उठ पा रहा है। हालांकि, इसके लिए कई तरह के कारक जिम्मेदार हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या भारत से गरीबी कभी पूरी तरह खत्म नहीं हो पाएगी? हुरुन इंडिया की नई रिचलिस्ट में भारत में अरबपतियों की संख्या 29 प्रतिशत बढ़कर 334 हो गई है। हिसाब-किताब लगाएं तो भारत से हर पांच दिन में एक नया अरबपति इस सूची में शामिल हुआ है।

हालांकि, देश में जिस गति से अरबपतियों की तादाद और नेटवर्थ बढ़ रही है उस रफ्तार से एक आम आदमी की नेटवर्थ में इजाफा नहीं हो रहा। यह दावा आयकर विभाग के आंकड़े कर रहे हैं। पांच लाख रुपए तक आय वाले लोगों की संख्या तीन साल में महज 5.98 प्रतिशत ही बढ़ पाई है, जो बेहद कम है। निचली आय वाले कोविड के बाद 92 लाख लोग कम हो गए थे। वहीं, डाटा थिंक टैंक के आंकड़े भी कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश करते हैं। सर्वे में देश की करीब तीन-चौथाई आबादी यानी 1.04 करोड़ परिवारों में रहती है जिनके मुखिया की आय हर रोज 830 रुपए यानी सालाना 25 हजार रुपए से भी कम है। 58 प्रतिशत से अधिक फैक्ट्री कामगारों की सैलरी 20 हजार रुपए से भी कम है। यह भी चौंकाने वाला तथ्य है कि पिछले दस साल में रुपए की वैल्यू आधी रह गई है।

इस हिसाब से देखा जाए तो आंकड़ों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। भारत में अमीरों-गरीबों के बीच अंतर सौ साल में सबसे ज्यादा हो गया है। इतना तो अंग्रेजों के जमाने में भी नहीं था। सौ साल पहले भारत के अमीर लोगों के पास देश की कुल इनकम का जितना हिस्सा होता था मौजूदा समय में यह शेयर पहले से कहीं बहुत ज्यादा हो गया है। यह दावा वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब की एक स्टडी करती है। 2022-23 में टॉप 1 प्रतिशत भारतीयों की अब नेशनल इनकम में 22.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी केवल 15 प्रतिशत कमाती है। भारत में आय और धन असमानता 1992-2023 के बीच बढ़ी है।

यह औपनिवेशिक काल के दौरान से भी अधिक है, जब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। आर्थिक अवसरों में असमानता और आय में अंतर गरीबों को और गरीब बनाता है और अमीरों को और अमीर बनाता है। गरीबों के पास अक्सर अच्छी शिक्षा और कौशल की कमी होती है, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर नहीं मिलते हैं। अमीर लोग अक्सर सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके अपने हितों को बढ़ावा देते हैं, जिससे गरीबों को और नुकसान होता है। आर्थिक नीतियां अक्सर अमीरों के हितों को बढ़ावा देती हैं, जिससे गरीबों को और नुकसान होता है। पूंजीवादी प्रणाली में अमीर लोग अक्सर अपनी पूंजी का उपयोग करके और अधिक पैसा कमाते हैं, जो गरीबों को और गरीब बनाते हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक कारक जैसे कि जाति, धर्म, और लिंग भी अमीर और गरीब के बीच की खाई को बढ़ाते हैं।

इन कारणों को समझने से हमें अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करने के लिए प्रभावी उपाय करने में मदद मिल सकती है। अमीर और गरीब के बीच की खाई को खत्म करने के लिए सबसे पहले तो गरीबों को अच्छी शिक्षा और कौशल प्रदान करना चाहिए ताकि उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। गरीबों को आर्थिक अवसर प्रदान करके उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद मिल सकती है। गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम चलाकर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में मदद मिल सकती है।

कर नीतियों में बदलाव करके अमीरों पर अधिक कर लगाकर गरीबों को अधिक लाभ दिलाने में मदद मिल सकती है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देकर गरीबों को समाज में समान अवसर प्रदान करने में मदद मिल सकती है। अगर ये कदम उठाकर उन पर अमल किया जाए, तो अमीर और गरीब के बीच की खाई को खत्म करने में काफी मदद मिल सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जब यह खाई खत्म होगी तो देश में समानता का सूत्रपात भी हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार और निबंधकार

**अमृता** प्रीतम प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार और निबंधकार थीं, जिन्हें 20वीं सदी की पंजाबी भाषा की सर्वश्रेष्ठ कवयित्री माना जाता है। इनकी लोकप्रियता सीमा पार पाकिस्तान में भी बराबर है। इन्होंने पंजाबी जगत में छह दशकों तक राज किया। अमृता प्रीतम ने कुल मिलाकर लगभग 100 पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें उनकी चर्चित आत्मकथा 'रसीदी टिकट' भी शामिल है। अमृता प्रीतम उन साहित्यकारों में थीं, जिनकी कृतियों का अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ। अपने अंतिम दिनों में अमृता प्रीतम को भारत का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान 'पद्म विभूषण' भी प्राप्त हुआ। उन्हें 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से पहले ही अलंकृत किया जा चुका था। अमृता प्रीतम का जन्म 1919 में गुजरांवाला (पंजाब-पाकिस्तान) में हुआ था। बचपन लाहौर में बीता और शिक्षा भी वहीं पर हुई। इन्होंने पंजाबी लेखन से शुरुआत की और किशोरावस्था से ही कविता, कहानी और निबंध लिखना शुरू किया। अमृता जी 11 साल की थी, तभी इनकी माताजी का निधन हो गया, इसलिए घर की जिम्मेदारी भी इनके कंधों पर आ गई। ये उन विरले साहित्यकारों में से हैं, जिनका पहला संकलन 16 साल की आयु में प्रकाशित हुआ। फिर आया 1947 का विभाजन का दौर, इन्होंने विभाजन का दर्द सहा था और इसे बहुत करीब से महसूस किया था, इनकी कई कहानियों में आप इस दर्द को स्वयं महसूस कर सकते हैं। ■



अमृता प्रीतम
जन्म : 31 अगस्त, 1919
मृत्यु : 31 अक्तूबर, 2005

## अपनी बात

**खेलों** में जीवन का बहुत बड़ा महत्व है। खेल आपको जीत से लेकर, हार से लेकर, प्रतिस्पर्धा से लेकर आत्मनिरीक्षण तक कई तरह की भावनाओं का अनुभव कराते हैं। भावनाओं की इन श्रेणियों को संभालने से किसी के भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि यह हर किसी के लिए बहुत आसानी से नहीं आता है, खेल में शामिल होने से आपको खुद को चुनौती देने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए समय के साथ अपनी भावनाओं को स्थिर करने में मदद मिलती है। यह किसी व्यक्ति की भावनात्मक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। खेल अक्सर प्रतिस्पर्धात्मक होते हैं और इसमें असफलताएं और सफलताएं शामिल होती हैं। इससे छात्रों को आगे आने वाली बाधाओं के लिए तैयार रहने में मदद मिलती है। खेल व्यक्ति के अंदर धैर्य और दृढ़ता का निर्माण करते हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण गुण हैं। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। **-नवीन, दरंग**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सचिवालय के संघों में एकजुटता के कारण सरकार में हड़कंप

हिमाचल प्रदेश सचिवालय के प्रांगण में सचिवालय के पांच कर्मचारी व अधिकारी संघों ने एकजुट होकर 21 अगस्त को सरकार के खिलाफ जो हुंकार भरी है, उसने सिर्फ प्रदेश की कर्मचारी राजनीति ही नहीं, बल्कि हिमाचल की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। कर्मचारियों ने एक जुट होकर जिस प्रकार प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है, उससे प्रदेश का सरकारी तंत्र हिलने लगा है। हिमाचल प्रदेश में कर्मचारी व पेंशनर्ज लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा रहे थे। कर्मचारी संशोधित एरियर की किस्त जारी करने, महंगाई भत्ते की किस्त और एरियर का भुगतान, आवास भत्ता, फाइव डे वीक, प्रमोशन करने, खाली पदों को भरने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं। सामान्यत: प्रदेश के आम कर्मचारियों को यह अपेक्षा हमेशा रहती है कि सरकार 15 अप्रैल (हिमाचल दिवस), 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 25 जनवरी (पूर्ण राज्य दिवस) जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर सरकार उनके लिए कोई घोषणा करेगी।

इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त कर्मचारियों और पेंशनर्ज को तब निराशा हाथ लगी, जब 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को मिलने वाले आर्थिक लाभ पर कोई घोषणा नहीं की। लंबे समय से अपने जायज देय भत्ते न मिलने से प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनर्स में निराशा बढ़ने लगी। प्रदेश के अराजपत्रित कर्मचारी संघ इस पर मौन रहे, लेकिन सचिवालय कर्मचारी संघ के नेताओं ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ खुली लड़ाई की घोषणा 21 अगस्त को कर दी। सचिवालय कर्मचारी संघ के इस आंदोलन को प्रदेश के आम कर्मचारी व पेंशनर्स का सहयोग व समर्थन मिल रहा है।

अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए कर्मचारी नेताओं का यह तर्क बिलकुल सही व सटीक है कि उनके वित्तीय लाभ न मिलने से उन्हें अपनी पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियां निभाने में कठिनाई हो रही है। कर्मचारियों ने अपने तर्कों से आम कर्मचारियों के मानवीय और सामाजिक पहलुओं को छूने का प्रयास किया है। सामान्य जनता और कर्मचारी में यह धारणा अब पक्की होने लगी कि सरकार केवल राजनीतिक नेताओं, समर्थको व चुनिंदा अधिकारियों की चिंता करने में व्यस्त हैं।



लेखक : महेंद्र धर्माणी
प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा

प्रदेश का कर्मचारी व आमजन परेशान है व पीड़ित है। आम जनता मानती है कि प्रदेश के विकास में कर्मचारी वर्ग का महत्वपूर्ण व अहम योगदान है, जिसमें कोई संदेह नहीं है। प्रदेश का कर्मचारी वर्ग हमेशा सरकार के साथ खड़ा है। कर्मचारी इस व्यवस्था का महत्वपूर्ण व जिम्मेदार हिस्सा है। आपदा व आपात के समय प्रदेश का कर्मचारी हमेशा सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। प्रदेश के विकास व तरक्की में कर्मचारियों के योगदान को किसी भी कीमत पर नकारा नहीं जा सकता । सरकार का यह तर्क कुछ हद तक सही है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन तथा कर्मचारी नेताओं द्वारा अफसरशाही व माननीयों पर जो आरोप लगाए गए हैं उन पर जनता सच जानना चाहती हैं। माननीयों द्वारा अपने ऊपर व अफसरशाही पर जो खर्च किया जा रहा है (जो आरोप कर्मचारी नेताओं ने लगाए हैं) उस पर सरकार द्वारा आंख बंद करने से तो काम चलने वाला नहीं है। सचिवालय कर्मचारी संघ के नेता जो आरोप माननीयों व अधिकारियों के टेलीफोन भत्ता, सत्कार भत्ता व दो मंत्रियों के कार्यालयों की रिपेयर (जिस भवन का उद्घाटन कुछ माह पूर्व हुआ), पर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि इसको तर्क संगत तरीके से सही करना होगा।

सरकार पर जो आरोप कर्मचारी नेताओं ने माननीयों व अफसरों की सुविधाओं के नाम पर मिलने वाले आर्थिक लाभ के लगाए हैं, प्रदेश के मुखिया को इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करके निर्णय करने की आवश्यकता है। 23 अगस्त के जनरल हाउस में एक कर्मचारी नेता ने अफसरशाही पर आपदा के समय मिली राहत राशि 114 करोड़ रुपए के लेप्स होने (खर्च न करने) का आरोप लगाया जो अत्यंत गंभीर है। इसकी सत्यता की जांच करने की आवश्यकता है और अगर यह आरोप सही है तो जो भी दोषी है उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। सरकार केवल प्रदेश के कर्मचारी वर्ग को मिलने वाले आर्थिक हक रोककर आर्थिकी को ठीक करने का जो दावा कर रही है वह सरकार की फिजूल खर्ची व आर्थिक कुप्रबंधन के कारण कर्मचारियों और आम जनता के गले नहीं उतर रहा है जो भी प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनर्ज का देय है वह उन्हें सम्मान पूर्वक मिलना अति आवश्यक है। प्रदेश का पेंशनर्ज स्वाभिमान व सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके और कर्मचारी वर्ग निश्चित होकर अपने सामाजिक व आर्थिक दायित्वों का निर्वहन कर सके। अपनी पूरी क्षमता व कर्मठता से अपने सरकारी दायित्व को कर्मचारी तभी पूरा कर सकता है। यदि सरकार उसके आर्थिक लाभ को समय पर अदा करेगी।

प्रदेश के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए आम सभा (जनरल हाउस) के माध्यम से जो ललकार भरी है, कर्मचारी नेताओं के संबोधन में जो तेवर और तल्खी है तथा विभिन्न कर्मचारी संगठनों की एक जुटता यह साबित करती है कि प्रदेश का कर्मचारी व पेंशनर्ज प्रदेश की सुक्खू सरकार में अपने को असहज महसूस कर रहा है। प्रदेश सरकार कर्मचारी वर्ग के दुख-दर्द को समझने व महसूस करने में पूरी तरह नाकाम रही है या यूं कहें कि सरकार कर्मचारी वर्ग की परवाह नहीं कर रही है। यह भी उलेखनीय है कि एक तरफ सरकार सचिवालय कर्मियों के दो दिनों के धरना-प्रदर्शनों के बाद जो दबाव सरकार पर बना है। सरकार कर्मचारी संघों व नेताओं को बांट करके आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास भी कर रही है तथा दूसरी ओर सरकार समर्थित संघों से बातचीत करके मांगों को पूरा करने का आश्वासन दे रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की गंभीरता व उनके दर्द को समझे और उनके आर्थिक हक अदा करें। यह भी जरूरी है कि जो प्रश्न कर्मचारी नेताओं ने माननीयों और अधिकारियों को मिलने वाले भत्तों और कार्यालय व आवासीय रिपेयर को लेकर उठाए हैं। सरकार उन पर गंभीरता दिखाकर उचित कार्रवाई करें। माननीयों और अधिकारियों को मिल रहे, विभिन्न भत्तों को भी समय अनुसार तर्कसंगत बनाए जाने की आवश्यकता है। सरकार सभी राजनीतिक दलों, कर्मचारी संगठनों और आर्थिक विशेषज्ञों सभी मिलकर प्रदेश को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें, अन्यथा प्रदेश में कर्मचारी आक्रोश ,जन आक्रोश में परिवर्तन होने की संभावना है जो प्रदेश की नियमित चलने वाली गतिविधियों और विकास में बाधा बन सकता है ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# मां! भोलेनाथ मेरा इंतजार कर रहे होंगे...

शिवम के भोलेनाथ हर रोज की तरह, आज भी शिवम सुबह-सुबह नहा-धो कर अपनी मां के साथ मंदिर जाने को तैयार है। मां जल्दी करो। भोलेनाथ, 'मेरा इंतजार कर रहे होंगे' वाह जी वाह, तेरा इंतजार और वो भी भगवान भोलेनाथ? ओह मां, 'फिर लगी आप मुझे चिढ़ाने?' पता है न कितना प्यार है मुझे भोलेनाथ जी से? हां हां, जानती हूं, 'अब बातें मत बना, और पूजा का सामान लेकर मेरे साथ मंदिर की ओर चल।' मंदिर पहुंचने पर थोड़ी ही देर बाद मां-बेटे को दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। चल शिवम बेटा, लौटे पर पानी लेकर शिवलिंग पर चढ़ा और भगवान की पूजा में ध्यान लगा।

हां मां, 'मैं तो आज भी सुंदर श्रृंगार करूंगा अपने भोलेनाथ जी का।' कुछ समय बाद शिवम की मां शिवलिंग के श्रृंगार को देख कर बोलीं; अरे वाह शिवम, 'तूने तो बड़ा सुंदर श्रृंगार किया है शिवलिंग का।' चल अच्छा अब उठ जा। औरों को भी दर्शन करने दे, नहीं तो लोग हम पर चिल्लाना शुरू कर देंगे। शिवम उठ खड़ा हुआ पर उसकी आंखें शिवलिंग में इतनी खो चुकी थीं कि वह चाह कर भी अपनी निगाहें वहां से हटा नहीं पा रहा था। इतने में अन्य लोग, बारी-बारी से शिवलिंग पर जल चढ़ाते गए और अपने हिसाब से चंदन आदि लगाकर शिवलिंग का जैसा भी बन पाए, वैसा श्रृंगार करते गए। शिवम के द्वारा किया गया सारा श्रृंगार अब शिवलिंग पर से हट चुका था। यह देख पास खड़े शिवम ने अपनी मां से रुंधे स्वर में कहा, 'मैं रोज इतने प्यार से अपने भोलेनाथ का श्रृंगार करता हूं और अन्य लोग मेरे श्रृंगार को खराब करके चले जाते हैं। अब देखो, शिवलिंग पर न तो चंदन अच्छे से दिख रहा है और न कहीं फूल। धूप भी जहां मर्जी चिपका दिया है। फलों से पूरी शिवलिंग को ढक दिया है। और रसगुल्ले को तो देखो, शिवलिंग के ऊपर कैसे रखा है? इतने में शिवम की मां ने उसे टोकते हुए समझाया बेटा, 'ऐसा नहीं कहते। भगवान तो सबके हैं और सबके द्वारा की जाने वाली पूजा भी अलग-अलग है।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला

भाव सबके एक से नहीं होते।' कोई यह सोचकर मंदिर आता है कि मेरे पाप नष्ट हो जाएं, फिर चाहे वह अपने पापी कर्मों पर लगाम लगाए या न लगाए और कोई सिर्फ सावन के सोमवार चलते मंदिर पर जल, फल, फूल आदि चढ़ाने आते हैं। फिर भी, तेरे भोलेनाथ तो इतने दयावान हैं कि वे सभी भक्तों की भक्ति का आदर करते हुए, उनकी पूजा को स्वीकारते हैं और जो चाहे सो वर भी देते हैं। और तुम तो हर रोज इतने प्यार तथा आदर के साथ भोलेनाथ का सुंदर श्रृंगार करते हो, तो वे तुमसे कितने खुश होते होंगे, सोचा है कभी? मां की बातें सुनकर शिवम को थोड़ी तस्सली तो हुई पर, घर लौटते वक्त उसके दिमाग में शिवलिंग पर रखा हुआ रसगुल्ला और धूप आदि के चित्र ही घूम रहे थे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

गजल



## चांद पर

राजेंद्र पालमपुरी

*आओ बनाएं बस्तियां अब चांद पर ,*
*खुद रहेंगी हस्तियां अब चांद पर ।।*
*चांद को अब चांद न कह पाओगे ,*
*बहुत लिख लीं मस्तियां अब चांद पर ।।*
*दाग कह हमने किया है दागदार ,*
*कर सही लो दुरुस्तियां अब चांद पर।।*
*हो सके तो लो खरीदो तुम भी यार ।*
*हैं जमीनें सस्तियां अब चांद पर।।*
*अपनी हद में हम रहें या न रहें ,*
*मिल करेंगे कुश्तियां अब चांद पर ।।*
*मैंने तो कब का बना डाला महल ,*
*क्या कसेंगे फब्तियां अब चांद पर ।।*

# देश में बढ़ती बेरोजगारी किसी महामारी से कम नहीं

बेरोजगारी आज किसी महामारी से कम नहीं आंकी जा सकती है। इस महामारी से युवा वर्ग में बेहद हताशा है। हिमाचल प्रदेश निरंतर चुनावी प्रक्रिया से गुजर रहा है। इस बात से मना नहीं किया जा सकता कि हिमाचल प्रदेश की जनता पर और उपचुनाव भी थोपे जाने की कवायद शुरू है। सत्तापक्ष और विपक्ष अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ने में मशगूल है। शिक्षित बेरोजगार आज किन हालात में अपना जीवन यापन कर रहे, किसी के पास ऐसा सोचने का समय नहीं है। बेरोजगार युवाओं में आज अपनी जिंदगी को लेकर नकारात्मक प्रवृत्ति बढ़ रही, तो इसके लिए सरकारें पूर्णतया जिम्मेदार है। बढ़ती बेरोजगारी शिक्षित युवाओं को दीमक की तरह चाटती जा रही है। जनसंख्या अनुसार रोजगार के अवसर जितने सृजित किए जाने की आवश्यकता उतने नहीं हो पा रहे हैं। नतीजतन युवा वर्ग बेरोजगारी की चक्की में पीसकर अपने लक्ष्यों से भटकता जा रहा है। युवा देश की रीढ़ की तरह होते, जिन्हें राष्ट्र और समाज पुनर्निर्माण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। मगर आजकल की शिक्षा अपने उद्देश्यों पर फिलहाल सही नहीं उतर पा रही।

जिसकी वजह से युवा वर्ग आहत और निराश बनकर रह चुका है। ऐसी शिक्षा ग्रहण करने का क्या औचित्य जो युवाओं को नशे की गर्त में धकेलकर अपराधी बनने के लिए मजबूर कर रही हो। शिक्षा के दो मूल उद्देश्य होते जिसमें एक तो शिक्षित बनकर आजीविका से जुड़ना दूसरा राष्ट्र और समाज के लिए अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाना। युवाओं को अब जरूरत अत्यधिक नैतिक शिक्षा ग्रहण करने की, जिसके चलते उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास संभव हो पाए। आज का युवा सिर्फ किताबों तक ही सीमित होकर दूसरी खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पा रहा है। भयावह बेरोजगारी की वजह से एक शिक्षित बेरोजगार सिर्फ विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर नहीं हुआ, बल्कि नशों की लत में फंसकर अपने भविष्य से भी खिलवाड़ करता जा रहा है। चुनावी समर में बेरोजगारी को खत्म करने का एजेंडा हर राजनीतिक दल के मेनिफेस्टो में शामिल होता है। चुनाव तदोपरांत कोई भी राजनीतिक दल अब तक युवाओं से किए गए, वायदों पर खरा नहीं उतर पाया है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाने की बजाए, सरकारें उन्हें चंद रुपए वेतन भत्ते के दिए जाने के नाम पर उनका मजाक उड़ाती रही हैं। चंदे के नाम पर मिलने वाली यह खैरात युवाओं के मनोबल को भी गिरा सकती। इस पर गौर करना होगा। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगार युवाओं का आंकड़ा 12 लाख के करीब पहुंच गया है। सरकार को बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भरकस प्रयास करने की जरूरत है। बेरोजगार युवा नेताओं के हाथ की कठपुतली बनकर अपने भविष्य को दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावों में अपनी नैया पार लगाने के लिए युवाओं को कई पदों पर मनोनीत किए जाने का सिलसिला शुरू कर रखा हुआ है। अपराधिक दर में इजाफा हो रहा, तो कहीं न कहीं नेताओं की मिलीभगत का ही नतीजा है। बेरोजगारी से आहत युवा अक्सर नेताओं की चमचागिरी करके रातोंरात धनाढ्य बनने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। राजनीति की आड़ में ही लोग गैर कानूनी धंधों को अंजाम देकर कानून की खिल्ली उड़ाते जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से विख्यात होने के बावजूद आज ड्रग्ज चिट्टे की बिक्री का प्रमुख अड्डा बनकर उभर रहा है। बेरोजगारी से पीड़ित युवा नशीलें पदार्थों चरस, चिट्टा, शराब और नशीलें कैप्सूल की बिक्री को अपनी आय का प्रमुख साधन बनाते जा रहे हैं। देवभूमि के हालात आज इस कदर बद्दतर बने, कि इस जहर की तस्करी में महिलाएं, लड़कियां और नाबालिग स्कूली छात्रों का शामिल होना शर्मनाक है। पहाड़ी बेरोजगार युवा रोजी रोटी संघर्ष के लिए अब विदेशों में दस्तक देते जा रहे हैं। ऐसे बेरोजगारों की किस्मत के साथ कुछ फर्जी एजेंट ऐसा धोखाधड़ी का खेल खेलकर उनकी जिंदगी दाव पर लगाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। फर्जी ट्रेवल एजेंट बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपए ऐंठकर उन्हें खाड़ी देशों में ट्रेवल बीजा पर धकेलकर चोखी चांदी कूटते जा रहे हैं। बेरोजगार युवा जानकारी अभाव के चलते ज्यादातर अब इस तरह की ठगी के शिकार बनकर रहते जा रहे हैं। अक्सर खाड़ी देशों में पहाड़ के गबरू कंपनियों की तानाशाही नीतियों की वजह से वहां फंसकर रह जाते हैं। बढ़ती जनसंख्या की वजह से बेरोजगारी सिर्फ अकेले भारत देश में ही नहीं है। अमेरिका, यूके, चीन, एशिया देश और खाड़ी देश भी अब इस समस्या से त्रस्त हैं। मौजूदा समय में इन देशों को भी अपनी युवा पीढ़ी को रोजगार से जोड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

भारत के लोग रोजगार कमाने के लिए विदेशों में कड़ी मेहनत करके अपने परिवारों का पेट पाल रहे हैं। आर्थिक मंदी की वजह से विदेशों में भी अब रोजगार दिनोंदिन कम होते जा रहे, जिसके चलते लोग मानसिक तनाव में रहने को मजबूर हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश जिसकी अधिकांश जनता गांवों में बसती है। एक समय था जब लोग कृषि को ही अपनी आजीविका का साधन मानते थे। आज हालात बदल गए लोग बेरोजगारी से तंग आकर अपनी जमीनें तक बेचकर विदेशों में डेरा लगा रहे हैं। ऐसा भी नही हो सकता कि सरकारें हर किसी को रोजगार मुहैया करवा पाने में सफल हो पाएं। सरकारें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाए हुए, लेकिन युवा वर्ग केवलमात्र सरकारी नौकरी करने में ही ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। सरकारों को अब बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी विभागों में खाली चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करके युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी होगी। हिमाचल प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस सरकार में चल रही उठक पटक पीछे भी बेरोजगारी सबसे बड़ा कारण है। वागी नेता सुख की सरकार से रोजगार के नवीन पद सृजित करने और लंबित परीक्षा परिणाम जल्दी निकाल जाने को लेकर हमेशा मांग उठाते रहे हैं। मगर सरकार ने कांग्रेसी विधायकों की मांगों पर गौर करना मुनासिब नहीं समझा है। राजधानी शिमला में कड़कती ठंड के चलते जेओईटी परीक्षा के परीक्षार्थी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काश! राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप के बजाय मिलकर होते प्रयास

आज एक ऐसे महत्वपूर्ण और रोचक विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करना चाहेंगे, जिस राजनीति के बिना मानो वर्तमान में सांसे लेना भी मुमकिन नहीं है, राजनीति एक ऐसा विशेष और खास क्षेत्र माना जाता है, जिसके माध्यम से एक जनप्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र और समाज में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं, अगर राजनीति को सेवाभाव और समर्पण के साथ करने का प्रयास किया जाएं तो,परंतु कभी कभी विडंबना तब होती है जब राजनीति को जनता के बीच आरोप प्रत्यारोप के रूप में प्रदर्शित किया जाता है, जबकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप लगाना आज की एक आम बात हो गई है, तो वहीं विकास की दृष्टि से एक दूसरे पर तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार आरोप प्रत्यारोप लगाने भी कभी लाजिमी हो जाते हैं, परंतु वर्तमान में जो आरोप प्रत्यारोप का क्रम जारी है वह बहुत ही चिंताजनक और गंभीर स्थिति को दर्शाता है।

राजनीति में कुछ लोगों द्वारा आम जनता कभी-कभी अपने निजी संबंधों तक की तिलांजलि दे देते हैं, वह भी मात्र राजनीति के कारण, जिस राजनीति में यह कह पाना बड़ा मुश्किल होता है कि कब कौन आपका मित्र बन जाएं, तो कब वहीं मित्र राजनीतिक दुश्मन हो जाएं, इसलिए राजनीति में इतना विरोधाभास भी नहीं होना चाहिए, राजनीति में पक्ष-विपक्ष द्वारा एक दूसरे दलों पर किसी न किसी रूप से निशाना साधने का प्रयास किया जाता है, परंतु अगर इस विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास किया जाएं, तो आरोप प्रत्यारोप के बजाए अपने विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए आरोप प्रत्यारोप की इस प्रथा को शायद पूर्णता खत्म करने की आवश्यकता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अन्यथा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में ही अनेक बार काफी समय निकल जाता है। परंतु अगर किसी भी राजनेता द्वारा इन सभी से आगे निकलकर, विकास को बढ़ावा दिया जाए तो संभवत: अपने क्षेत्र को विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में अव्वल बनाया जा सकता है, जिसके कारण क्षेत्र में खासी लोकप्रियता भी देखने को मिलती हैं, जिसके अनेक उदाहरण देश-भर में तो वहीं हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में भी ऐसे खास जनप्रतिनिधि रहे हैं और कुछ वर्तमान में भी मौजूद हैं। जिन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

अगर हर जनप्रतिनिधि इसी मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें, तो निसंदेह जनप्रतिनिधियों के सेवाभाव और समर्पण के लिए समय-समय पर जनता में खासी लोकप्रियता देखने एवं सुनने को मिलती रहती है। राजनीति में अलग-अलग विचारधाए होती हैं, जो संभवत: होनी भी चाहिए, इसी परिप्रेक्ष्य में आज एक महत्वपूर्ण विषय पर आप सभी तक जनहित में एक छोटा सा सुझाव एवं मन के भाव व्यक्त करने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि राजनीति का निर्माण ही जनता की मूलभूत सुविधाओं और विकास की दृष्टि से क्षेत्र, समाज को आगे बढ़ाने के लिए हुआ, जिसका उद्देश्य सभी लोगों का एक समान विकास होना चाहिए, जिसमें कोई विरोधाभास एवं पक्ष -विपक्ष एवं अपने पराए जैसी भावना न हो। जनप्रतिनिधि का प्रयास हर क्षेत्र में राजनीति से ऊपर उठकर जनता की सेवा करना और मिलकर क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। जिसकी अपेक्षा हर विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा क्षेत्र की जनता अपेक्षा भी करती हैं। जैसा कि आज-कल सोशल मीडिया और समाचार-पत्रों के माध्यम से पल-पल की खबरें एवं कोई भी सूचना हम आप तक पहुंच जाती है और जनता भी अब काफी जागरूक और सजग होती जा रही है।

इसलिए वर्तमान की राजनीति में कहीं न कहीं आरोप प्रत्यारोप भरी राजनीति को दरकिनार करते हुए, जनप्रतिनिधियों को हर राजनीतिक दल के साथ मिलकर विकास के लिए प्रयास होने चाहिए, ताकि भविष्य में अपने क्षेत्र को बेहतरीन बनाया जा सके, ऐसी उम्मीद और आशा करते हैं। तो वहीं वर्तमान में युवाओं का भी यही ध्येय एवं सुझाव रहता है कि वर्तमान की राजनीति में जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक दूसरे राजनीतिक दलों पर आरोप प्रत्यारोप की बजाए विकास को ही आधार बनाया जाना चाहिए, जिसकी वर्तमान में अनेक क्षेत्रों में दरकार भी देखने को मिलती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### केके सकलानी ने की दो पीड़ित परिवारों की मदद



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल के खद्दर गांव से संबंध रखने वाले समाजसेवी केके सकलानी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। जानकारी के अनुसार केके सकलानी ने पिछले वर्ष हिमाचल प्रदेश में आपदा पीड़ित परिवार की मदत की है इसके साथ जोगिंद्रनगर उपमंडल की शकुंतला देवी व मसतो देवी की दस दस हजार रुपए देकर मदत की है। जानकारी के अनुसार जोगिंद्रनगर की शकुंतला देवी कैंसर पीड़ित हैं जिसका उपचार टांडा मेडिकल अस्पताल में चल रहा है और मस्तों देवी गांव जंलाद की रहने वाली है इन की दोनों किडनियां खराब हो चुकी है। इनका इलाज भी टांडा मेडिकल अस्पताल में हो रहा है इन दोनों परिवारों की मदद केके सकलानी के द्वारा की गई है।

### डीएवी स्कूल के बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में खेल दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। जिसमें पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। फ्रॉग रेस में अग्रणी, काव्यांश और दक्षिश प्रथम स्थान में रहे। आयान, लावण्या और तनिष्क ने दूसरा स्थान हासिल किया और आयान, रेयांश और हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में पहली कक्षा की आर्या, दिवित और हार्दिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और युहान, रोहित और अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयुष, अद्विक और गुरनूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने रस्साकस्सी में बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने खेल दिवस के सभी बच्चों को बधाई दी।

### मशरूम दीदियों ने एफपीओ की सेल्ज का मोर्चा संभाला



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक संघ-एफपीओ से जुड़ी एक दर्जन महिलाओं ने लोकल स्तर पर तैयार हो रहे मशरुम की गांव में बिक्री का काम शुरू कर दिया। मशरुम खौदा स्थित मशरूप फार्म हाऊस में तैयार हो रहा है उसे एफपीओ से जुड़ी महिलाएं जिन्हें मशरुम दीदियां व सेल्ज वालिंटर के रूप में डेगीगनेट किया गया है ने इनकी बिक्री का कार्य प्रारंभ कर दिया है। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ और फार्म हाऊस के प्रबधंक ने आपस में एक एग्रीमेंट किया है जिसके अनुसार इन मशरुम दीदियों को इसे पैकेट के हिसाब से बिक्री पर कमीशन निर्धारित किया गया है।

### पौंटा सरकारी स्कूल का छात्र बनेगा डॉक्टर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोंटा के होनहार विद्यार्थी अमन भारद्वाज पुत्र दीपक कुमार ने अपने विद्यालय तथा पूरे गांव का नाम रोशन किया। इस विद्यार्थी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके 587 अंक प्राप्त किए। अब यह विद्यार्थी पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा से एमबीबीएस की पढ़ाई करेगा। प्रधानाचार्य सरिता शर्मा ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### 7 से 17 सितंबर तक मनाया जाएगा बाल गणपति महोत्सव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बाल गणपति महोत्सव समिति द्वारा प्रधान राज ठाकुर व सचिव सुनील सोनू की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। प्रेस सचिव अमिता बंटा ने बताया कि जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में इस वर्ष आठवां बाल गणपति महोत्सव 7 से 17 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। 7 सितंबर को गणपति जी की नगर परिक्रमा के उपरांत पूजा अर्चना के साथ पंडाल में स्थापना की जाएगी। वहीं बप्पा की महाआरती 16 सितंबर को होगी और 17 सितंबर को नगर परिक्रमा के उपरांत बडोण घाट में बप्पा का विसर्जन किया जाएगा। उपप्रधान अजय बावा व कुनाल तथा अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### जगत सिंह नेगी 31 को कोटली क्षेत्र के प्रवास पर

**मंडी।** राजस्व, बागवानी तथा जनजातिय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 31 अगस्त को मंडी जिला के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे उपमंडल कोटली के घनियारा में एचपी शिवा कलस्टर घनियारा में लीची पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

### रिवालसर में चेस प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर लेजेंडरी हॉकी प्लेयर कर्नल ध्यानचंद को याद किया। इस मौके पर चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजयी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। चेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तृप्ता बीकॉम प्रथम, द्वितीय स्थान पर विकास बीए प्रथम तथा तृतीय स्थान पर बबीता बीए प्रथम रही। उन्होंने सभी छात्रों से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर खेलों से मानसिक, शारीरिक व अच्छे व्यक्तित्व के विकास का संदेश दिया।

### दसेहड़ा स्कूल में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसेहड़ा में तीन दिवसीय खंड स्तरीय अंडर -14 छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन प्रकाश चौधरी पूर्व मंत्री द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के 213 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्य हुक्म चंद, एसएमसी प्रधान गीता राम, पंचायत प्रधान कुलदीप सिंह, स्थानीय गांव के दानियों, विभिन्न पाठशालाओं के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व गांव के महिला मंडल सहित समस्त गांववासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया।

# थायरॉइड के उपचार में कारगर हैं बांस की कलियां

**अनिल शर्मा, मंडी**

स्वास्थ्य की दुनिया में पारंपरिक उपचार और घरेलू नुस्खे फिर से अपनी जगह बना रहे हैं। ऐसा ही एक अनोखा उदाहरण है बांस की कलियों का, जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि थायरॉइड जैसी समस्याओं के उपचार में भी कारगर साबित हो रही है।

वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. तारा सेन ने बताया कि बांस के पौधे की कोंपलें, जिन्हें आमतौर पर बांस की कोंपल, शूट्स या कलियां कहा जाता है, स्थानीय भाषा में 'मानु' के नाम से जानी जाती हैं। इन्हें सलाद, सूप, अचार और विभिन्न व्यंजनों में शामिल करके न केवल खाने का स्वाद बढ़ाया जा सकता है, बल्कि स्वास्थ्य को भी मजबूती दी जा सकती है। बांस का आचार न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, थायरॉइड जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है। हाल ही में स्थानीय सब्जी विक्रेता मीना कुमारी ने थायरॉइड की समस्या से छुटकारा पाने में बांस की कलियों की महत्ता के अपने अनुभव साझा किए।



डॉ. तारा सेन व मीना कुमारी।

मीना कुमारी ने बताया कि वह लंबे समय से थायरॉइड की समस्या से जूझ रही थीं और डॉक्टर ने उन्हें जीवनभर दवाइयां लेने की सलाह दी थी, लेकिन जब उन्होंने पारंपरिक ज्ञान के आधार पर बांस का आचार बनाकर सेवन करना शुरू किया, तो उन्हें बहुत अच्छे परिणाम मिले और उनकी दवाइयां भी बंद हो गईं। (अनंत ज्ञान)



### थायरॉइड का मुख्य कारण आयोडीन की कमी

**थायरॉइड** की समस्याओं का मुख्य कारण शरीर में आयोडीन की कमी होती है। बांस की कोंपलों में आयोडीन की मौजूदगी, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को नियमित रखने में सहायक होती है। कोंपलों में जिंक और सेलेनियम जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो थायरॉइड हार्मोन के संतुलन को बनाए रखने में मदद करते हैं।

### पारंपरिक ज्ञान का पुनर्जीवन

**मीना** कुमारी का अनुभव दिखाता है कि पारंपरिक जड़ी-बूटियों और पौधों का ज्ञान हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना मूल्यवान है। बांस की कोंपल जैसी साधारण चीजों में भी बड़ा स्वास्थ्य लाभ छिपा हो सकता है, जो कि आधुनिक दवाइयों का पूरक बन सकता हैं। इन प्राकृतिक उपचारों को अपनाकर हम पुरानी बीमारियों से निजात पा सकते हैं और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ा सकते हैं। बांस की कोंपलें थायरॉइड जैसी समस्या के लिए एक प्रभावी और प्राकृतिक उपाय हैं। पारंपरिक उपचारों की ओर वापस लौटना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि हमारे पारंपरिक ज्ञान को पुनर्जीवित करने का भी एक सुंदर प्रयास है।

### कई पोषक तत्व हैं मौजूद

**बांस** की कोंपलों में विटामिन बी6, विटामिन ई, पोटाशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य, हड्डियों की मजबूती, ब्लड शुगर और रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक हैं। इसके अलावा, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं।

### स्कूल से लाखों रुपए के चोरी मामले में पुलिस को मिली सफलता

# तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजकीय महाविद्यालय मंडी के स्टोर रूम से लाखों रुपए के सामान चोरी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है और आगामी कार्रवाई के लिए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर की टीम को शिकायत में मिली की राजकीय महाविद्यालय मंडी स्थित स्टोर रूम जिसमें महाविद्यालय की निर्माणाधीन इमारत का बिजली का सामान, जिसमें तांबे की तारों के 33 रोल व अन्य तांबे का सामान, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए थी चोरी हो गया है।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को मंडी शहर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायालय द्वारा पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पहचान 27 वर्षीय सोम देव पुत्र स्व मस्त राम गांव भ्यूली बंगाला बस्ती, 24 वर्षीय अविनाश उर्फ अब्बू पुत्र प्रकाश चंद



गिरफ्तार आरोपी पुलिस हिरासत में।

#### आरोपियों के कब्जा से चोरी का सामान बरामद

गांव भ्यूली बंगाला बस्ती और 24 वर्षीय अजय उर्फ मुल्ला पुत्र श्याम निवासी गांव भ्यूली बंगाला बस्ती डॉकघर पुरानी मंडी सदर जिला मंडी के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जा चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है मामले में जांच जारी है। आरोपियों के कब्जा से चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया गया है। वहीं एसपी मंडी ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों के गिरोह पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है और जल्द ही इसकी जानकारी भी साझा की जाएगी।

### राशन प्राप्त करने में असमर्थ बुजुर्गों की सूची बनाएं प्रधान : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि सरकारी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सस्ता राशन प्राप्त करने में असमर्थ बुजुर्ग एवं अन्य जरूरतमंद लोगों की पंचायत प्रधान जल्द सूची बनाएं। साथ ही कहा कि इस संबंध में सरकार द्वारा कोई भी स्थाई निर्णय लेने तक पंचायतें बुजुर्ग एवं चलने फिरने में असमर्थ लोगों की पहचान कर उचित मूल्य की दुकान से सहायक के माध्यम से राशन घर तक पहुंचाने की दिशा में भी कार्य करें।

एसडीएम आज बीडीओ कार्यालय परिसर चौंतड़ा में पंचायत प्रधानों के साथ आयोजित बैठक के दौरान बोल रहे थे। मनीश चौधरी ने कहा कि जिला में आयोजित जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बैठक के दौरान गांवों में बुजुर्ग एवं चलने फिरने में असमर्थ लोगों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन प्राप्त करने को आ रही दिक्कत का मामला सामने आया था। एसडीएम ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से प्रत्येक माह की 25 तारीख तक उपभोक्ताओं से राशन लेने को भी कहा कि ताकि माह के अंतिम दिनों में सर्वर डाउन होने की स्थिति में उन्हें राशन प्राप्त करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोनिवि कार्यालय का किया घेराव



लोक निर्माण विभाग का घेराव करते हुए भाजपा कार्यकर्ता ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा द्वारा विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अधिशाषी अभियंता के कार्यालय के बाहर पार्टियों के पक्ष में नारेबाजी की जिससे एक समय लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में माहौल तनाव पूर्ण हो गया जिसे पुलिस ने समय रहते शांत किया।

विधायक राणा द्वारा लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद जोगिंद्रनगर मंडल भाजपा द्वारा लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। जिसकी भनक लगते ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंच कर सरकार के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं दूसरी और भाजपा के लोग सरकार के

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के समर्थन में की नारेबाजी

खिलाफ नारेबाजी करते रहे। भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केहर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार हर किसी के पास है। केहर सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार का मामला विधायक प्रकाश राणा ने विधान सभा में उठाया है भाजपा कार्यकर्ता इसी बात को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन कांग्रेस लोकतंत्र का गला घोंटने में लगी है।

अधिशाषी अभियंता जय पाल नायक ने एसडीएम मनीष चौधरी को लिखी शिकायत में कहा है बीते रोज दो वाहन उनका पीछा कर रहे थे। पुलिस थाना प्रभारी को लिखी अन्य शिकायत में एक ठेकेदार पर कार्यालय में आकर काम में बाधा पहुंचाने तथा ठेकेदारों को यहां आने के लिए फोन करता है।

### कानूनी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने नागरिकों को कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से टोल-फ्री नम्बर 15100 शुरू किया है। यह उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है जो कानूनी जानकारी, सहायता या मार्गदर्शन महसूस करते हैं। वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक कायस्थ ने बताया कि जरूरतमंद लोग कानूनी सलाह आसानी से मिल सकेगी। वहीं कानूनी सलाह और मार्गदर्शन, मुफ्त कानूनी सहायता के लिए आवेदन प्रक्रिया सहित आदि जानकारी दी जाएगी।

# चंपा ठाकुर ने नवाजे होनहार

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि चंपा ठाकुर।

राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय पंडोह में स्कूली अंडर 14 बालक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेले हमारे जीवन को अनुशासित करती है और स्वस्थ रखती है। प्रतियोगिता में 21 स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने कबड्डी बाली बाल व अन्य खेलों के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाओं का लोहा जमाया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटमोरस ने आल राउंड बेस्ट के खिताब पाया। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैहणी आल राउंड बेस्ट रहा। एसएमसी प्रधान नूप चन्द ने अतिथियों को सम्मानित किया।

### मीनाक्षी बनी सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत सदयाणा की मीनाक्षी ठाकुर का चयन सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। 16 सितंबर को मीनाक्षी ठाकुर पुणे के आर्मी अस्पताल में अपनी सेवाएं देगी। केंद्रीय विद्यालय मंडी से 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत जोनल अस्पताल मंडी से जीएनएम का कोर्स तथा अभिलाषी कॉलेज ऑफ नर्सिंग से पोस्ट बेसिक नर्सिंग की डिग्री हासिल की है।

# मढ़ी में तकनीकी शिक्षा का बड़ा संस्थान खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के मढ़ी में 55 करोड़ रुपए की लागत से बने भवन में स्कूल को निजि हाथों में सौंपने बारे शिक्षा विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे और इसे सरकारी क्षेत्र में ही चलाने की मांग कर रहे थे।

अब पिछले कल विधानसभा में मुख्यमंत्री ने इसे निजी क्षेत्र में न देने से स्थिति सपष्ट हो गई है और अभियान समिति तथा पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है। भूपेंद्र सिंह व अभियान समिति की अध्यक्षा ज्योति देवी ग्राम पंचायत प्रधान तंबो देवी पूर्व प्रधान सुरेश शर्मा उप प्रधान विनय कुमार, आशा देवी, बल्ली राम, पंकज कुमार, चमन लाल, निक्का राम, भीमराज, सुख राम, भागमल, कंचना देवी इत्यादि ने सरकार व विधायक से यहां पर पहले से चल रहे वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के भवन निर्माण के लिए भूमि और बजट स्वीकृत करने की मांग की है।

### लडभड़ोल ग्राम सेवा कृषि सहकारी सभा सीमित का गठन



लडभड़ोल ग्राम सेवा कृषि सहकारी सभा सीमित गठन की तस्वीर।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल ग्राम सेवा कृषि सहकारी सभा सीमित लडभड़ोल का वार्षिक साधारण अधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश कुमार द्वारा की गई। इस वार्षिक साधारण अधिवेशन में सभा की नई प्रबंधक कमेटी का गठन भी किया गया। दी लडभड़ोल ग्राम सेवा कृषि सहकारी सभा सीमित लडभड़ोल के सचिव ललित कुमार ने कहा कि गत वार्षिक साधारण अधिवेशन की पुष्टि की गई और सभा की प्रबंधक कमेटी का चुनाव करवाया गया। उन्होंने बताया कि चुने सदस्यों में होशियार सिंह, प्रकाश चंद, रवि कुमार, आत्मा राम, अनिमेष अवस्थी को चुना गया।

### अधिकारियों पर विधायक सतपाल की टिप्पणी निंदनीय : प्रदीप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विधायक सतपाल सती द्वारा वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों पर की गई टिप्पणी निंदनीय है जिसका वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी विरोध दर्ज करते हैं। अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि उनकी टिप्पणी से वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों का मनोबल टूटा है क्योंकि वह एक चुने हुए प्रतिनिधि है और चुने हुए प्रतिनिधि द्वारा विधानसभा में खड़े होकर इस तरह की निम्न स्तरीय टिप्पणी से वन विभाग के कर्मचारी आहत है।

# छात्राओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेरचौक स्थित अभिलाषी कॉलेज आफ फार्मेसी में छात्रों के लिए व्याख्यान का आयोजिन किया गया।

डॉ. राजेंद्र गुलेरिया प्रधानाचार्य ने बताया कि व्याख्यान पुरुषोत्तम कुमार, स्टेशन हाउस मास्टर बल्ह ने वक्ता के रूप में शिरकत की तथा उपस्थित छात्र और छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव और कानून अनुसार इसके दंड, मोबाइल एडिक्शन तथा ट्रैफिक रूल्स के बारे में अवगत करवाया।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

उन्होंने बच्चों को साथ अपने निजी अनुभव साझा किए तथा नशे से दूर रहने के लिए मार्गदर्शन किया, वहीं मोबाइल एडिक्शन पर कहते हुए कहा कि आजकल युवा मोबाइल में इतना व्यस्त होते हैं कि उनके पास अपने परिवार वालों के साथ बात करने का समय नहीं है। वहीं यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया। व्याख्यान की महत्वपूर्ण बात रही कि वक्ता द्वारा उपस्थित छात्रों के बीच जाकर उनके साथ इंटरेक्ट किया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक सोनी, प्रताप सिंह, रुमा शर्मा, वंदना, शिवाली गुप्ता, सुशील प्रसाद सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

**अव्यवस्था** नगर पंचायत रिवालसर की अनदेखी के कारण बदहाली के आंसू बहा रहा स्थानीय श्मशानघाट

# श्मशानघाट के लकड़ी स्टोर में कूड़ा, पानी भी नहीं

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जिला मंडी के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रिवालसर का श्मशानघाट सुविधाओं के अभाव के कारण बदहाली के आंसू बहा रहा है। आलम यह है कि इस श्मशान में सुविधा के नाम पर लोगों के साथ नगर पंचायत रिवालसर द्वारा एक भद्दा मजाक किया जा रहा है।

गौरतलब है कि रिवालसर को त्रिवेणी संगम के नाम से भी जाना जाता है। यहां पूरे साल हिंदू, सिख और बौद्ध संप्रदाय के हजारों लोग देश-विदेश से धार्मिक और पर्यटन यात्रा के लिए आते हैं, जहां स्थानीय लोगों के लिए बनाए गए एकमात्र श्मशान में शव को जलाया जाता है। वहीं बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा शवों को धार्मिक मान्यता अनुसार बाहरी क्षेत्रों से यहां जलाने के लिए लाया जाता है।

बस स्टैंड से घियूंधार सड़क मार्ग पर स्थित श्मशानघाट क्षेत्र की लगभग 10 से 15 हजार लोगों की जनसंख्या को शव जलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के बनाया गया है, लेकिन शवयात्रा के साथ आए लोगों को श्मशानघाट में बैठना और अंतिम संस्कार की विधि को पूरा करना भी दूभर हो जाता है। श्मशानघाट में उपयोग में लाए जाने वाले पानी की टंकी की दयनीय स्थिति है। इसमें पानी सप्लाई देने वाली आईपीएच की पाइपलाइन पूरी तरह से बंद हो गई है। पानी की टंकी में कभी भी सफाई की हुई प्रतीत नहीं होती है। मौके पर चौकीदार और शव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था को लेकर बनाया गया स्टोर भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है और उसमें साथ लगती नगर पंचायत की डंपिंग साइट का कूड़ा पड़ा हुआ है।

### लोगों ने विक्रमादित्य व उपायुक्त से लगाई समस्या के समाधान की गुहार

**रिवालसर** क्षेत्र के स्थानीय निवासी जितेंद्र, सुरेश, राकेश,डोली राम, पद्मनाभ, नीरज सहित अन्य ने बताया कि इस श्मशान घाट पर क्षेत्र के हजारों लोग निर्भर है। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा की बार नगर पंचायत को अवगत भी कराया है। लेकिन आज दिन तक समस्याओं का हल होना तो दूर इनमें इजाफा ही हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की है।

> **पिछले** दो दिनों से श्मशान घाट में पानी की व्यवस्था नहीं थी। इसको लेकर जल शक्ति विभाग को जानकारी दे दी गई है। नगर पंचायत श्मशान घाट में सफाई की व्यवस्था को रखा जाता है। श्मशान घाट के जीर्णोद्धार को लेकर डीसी मंडी कार्यालय से एक लाख रुपए जारी हुए हैं। इन कार्यों को लेकर टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही श्मशान घाट में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
>
> -विनोद कुमार, सचिव नगर पंचायत रिवालसर।

# लोगों को नशे के खिलाफ किया जा रहा जागरूक



जोगिंद्रनगर पुलिस लोगों को जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में पुलिस विभाग के द्वारा पंचायतों में जाकर मुहिम चलाई जा रही है वीरवार को गुम्मा पंचायत के लोगों से मिले कांस्टेबल अशोक काजलेट ने जानकारी दी कि जोगिंद्रनगर पुलिस के द्वारा मुहिम चलाई गई है कि लोगों को बढ़ रहे नशे के खिलाफ को जागरूक किया जाएगा और और जोगिंद्रनगर में चोरियों के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आपको लगता है कि कहीं नशे का कारोबार चल रहा है तो सबसे पहले पुलिस को बताएं ओर खुद कानून को हाथ में न लें। इसके अलावा ग्राम पंचायत जिमजिमा, रोपा पधर, गुम्मा और कधार के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ चोरी, भांग, चिट्टा, नशा तस्करी व कुछ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.)**

मिसल नं. 24 तारीख मरजुआ 15-07-2024
तारीख पेशी 23-09-2024

श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री नानक चंद निवासी कुफरुमोरचका डाकघर द्राहल उप-तहसील मकरीडी, जिला मंडी (हि.प्र.) ...प्रार्थी
बनाम
आम जनता फरीक दोम

**प्रार्थना पत्र सेहत नामा वारे।**

रविन्द्र कुमार पुत्र श्री नानक चंद निवासी कुफरुमोरचका डाकघर द्राहल उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र गुजारा है कि उसका वास्तविक नाम रविन्द्र कुमार व पिता का नाम नानक चंद है, जो प्रार्थी के स्कूल प्रमाण पत्र आधार कार्ड व परिवार नकल में सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख महाल जाहनू में देवेन्दर कुमार व उसके पिता का नाम राजस्व अभिलेख महाल जाहनू व कुफरमोरचका में नानकू दर्ज है, जो कि गलत दर्ज हुआ है। लिहाजा प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख महाल जाहनू व बसाही में देवेन्दर कुमार के स्थान पर रविन्द्र कुमार व उसके पिता का नाम राजस्व महाल जाहनू व कुफरमोरचका में नानकू के स्थान पर नानक चंद दर्ज करने के आदेश पारित किए जाएं।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर/एतराज है तो वह दिनांक 23.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता/सकते हैं/ आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 23.08.2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी मकरीडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**












भरमौर । भरमौर में हल्की बारिश और धुंध है। सभी रास्ते फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन मौजूदा मौसम में हेलिकॉप्टर की उड़ान चुनौतीपूर्ण हो सकती है, पर अभी तक धुंध छंटते ही हेलिकॉप्टर की सेवा शुरू कर दी गई है। ध्यान रहे, कई बार बादल कुछ ही मिनटों में छंट जाते हैं। जिनके परिवारजन हेलिकॉप्टर से मणिमहेश गए हैं, वे उनसे संपर्क करने के लिए उनके लौटने तक मौसम साफ होने का इंतजार करें, क्योंकि मणिमहेश में किसी भी मोबाइल नेटवर्क की सेवा उपलब्ध नहीं है। मणिमहेश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा है। लोग मीलों ट्रैफिक जाम से निकलकर कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद मणिमहेश की पवित्र झील तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।









## न्यूज ब्रीफ

### कंगना का बयान जख्मों पर नमक लगाने के बराबर : सुरेश



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल से भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान को लेकर अब हिमाचल में भी सियासत तेज हो गई है। मंडी भरमौर से सांसद कंगना रनौत के बयान पर भरमौर के कांग्रेस नेता सुरेश ठाकुर ने कड़ा एतराज जताया है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्य किसान कांग्रेस के राज्य संयोजक एवं वर्तमान में आदिवासी कांग्रेस के स्टेट को-ऑर्डिनेटर एवं प्रभारी चंबा-कांगड़ा सुरेश ठाकुर ने उनके इस बयान की कड़ी निंदा की है। उनका बयान किसानों के जख्मों पर नमक लगाने के बराबर है। कंगना रानाउत अब सांसद है लिहाजा उन्हें सोच समझकर बयान देने चाहिए। उनके इस गलत बयान के चलते देश के लाखों किसान व उनके परिवार दुखी हैं। सुरेश ठाकुर ने कहा कि इस बयान पर भाजपा को उन्हें पार्टी से निलंबित कर देना चाहिए।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार घायल

**भरमौर।** खड़ामुख-होली मार्ग पर एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादमें में दो मोटरसाइकिल सवार घायल हुए हैं जिनको मेडिकल कॉलेज चंबा ले जाया गया है। हादसे में घायल दोनों युवक एक निजी विद्युत परियोजना में काम करते थे।

### ग्राम पंचायत घरोट में मनाया वन महोत्सव



**मंडी।** देव वालाटिका ग्रामीण वन विकास समिति द्वारा निहरी की ग्राम पंचायत घरोट में वन महोत्सव मनाते हुए कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान व ग्रामीण।

### 6 सितंबर को चंबा में लगेगा रक्तदान शिविर



**आजम डार, चुराह।** तीसा कॉलोनी मोड़ स्तिथ रेस्ट हाउस में जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला चंबा अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष डॉक्टर इसरार अली शाह और वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद शामिल रहे। अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष डॉक्टर इसरार अली शाह 6 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजन किया जा रहा है इसमें अधिक से अधिक लोगों व युवाओं से अपील की गई है कि वह इस दिन रक्तदान करें। अंजुमन इस्लामिया के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलदार अली शाह की याद में हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और रक्तदान शिवर से कई जरूरतमंदों की मदद की जाती है।

### 7.73 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस द्वारा तीन युवकों से चिट्टा बरामद कर उन्हें हिरासत में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने फतेहपुर में एक गुप्त सूचना के आधार पर नाका लगाया था और थोड़ी देर बाद उन्हें घुमारवीं की ओर से एक काले रंग की ऑल्टो कार दिखाई दी। पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिससे चिट्टा बरामद हुआ। युवकों की पहचान राहुल उर्फ सब्बू पुत्र पवन कुमार, गांव छ्पानू, शशिपाल पुत्र प्रकाश चंद गांव जंगेल, अमित शर्मा पुत्र विनोद कुमार आयु 24 वर्ष, गांव भरौरी के रूप में हुई है। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि, निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रेस क्लब मंडी की ओर से प्रदेश की राजधानी शिमला में कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार गौरव बिष्ट, विपिन काला, आनंद बौद्ध, दौलत भारती, सुमित चौहान और डा. रमेश के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रेस क्लब मंडी के महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार हंसराज सैनी, दीपेंद्र मांटा, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेंद्र शर्मा, खेमचंद शास्त्री, धर्मचंद वर्मा, राजेश पुंछी, अनिल शर्मा, विनोद राणा, सोनिया शर्मा, सरोज ठाकुर, दीक्षा ठाकुर, रजनीश और पुष्पराज आदि मौजूद रहे।

# आकर्षण का केंद्र रहा खप्पर बुढा नृत्य

**ओपी शर्मा, भरमौर**

इस वर्ष ऐतिहासिक जिला स्तरीय माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी में कुमार साहिल और गीता भारद्वाज दर्शकों का खूब मनोरंजन करेंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में हर रात अलग-अलग कलाकार यहां पर मौजूद दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

राधा अष्टमी के दिन यहां पर जगराते का आयोजन होगा और उसके अगले दिन इस मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ हो जाएगा। 12 सितंबर को स्थानीय कलाकार पवन ठाकुर व अजय भरमौरी अपने पहाड़ी गाने से दर्शकों को बचाएंगे तो वहीं पर तेरा मेरा लगन फेम राज जैरी वह भावना जरियाल 13 सितंबर को यहां पर अपनी प्रस्तुति देंगे। 14 सितंबर को होने वाली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के उप मुख्य सचेतक शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानियां विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।



इतिहास से जुड़ा हुआ नृत्य करते हुए स्थानीय लोग।

इस मौके पर कुमार साहिल और अजय शर्मा स्टार नाइट में परफॉर्म करेंगे। 15 सितंबर की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल की स्टार गायक गीता भारद्वाज यहां पर अपनी प्रस्तुति देंगी। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले के दौरान वॉलीबॉल प्रतियोगिता व यहां की पौराणिक संस्कृति डंडारस का भी आयोजन किया जाएगा। मेले के अंतिम दिन यहां पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

वहीं चार दिनों तक चलने वाले इस मेले के दौरान सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र खप्पर बुढा नृत्य वह आली माली डंडारस रहता है। इसको देखने के लिए प्रदेश व देश के कोने-कोने से लोग यहां पर आते हैं। खप्पर बुढा नृत्य से जहां इस गांव का इतिहास जुड़ा है तो वहीं पर आली माली डंडारस के दौरान यहां के लोग साल भर के लिए सबकी सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

# छड़ी यात्रा 4 को होगी आरंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ऐतिहासिक पवित्र छड़ी यात्रा 4 सितंबर दिन बुधवार को सायं 4:00 बजे चंबा से डल मणिमहेश के लिए रवाना होगी। एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने विभिन्न प्रबंधों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

यात्रा के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे, इसके अलावा यात्रा के विभिन्न पड़ावों में आवास, पेयजल, स्वच्छता तथा विद्युत से संबंधित उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अरुण शर्मा ने बताया कि यह यात्रा श्री दशनामी अखाड़ा से होते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर चंबा से पवित्र डल मणिमहेश के लिए प्रस्थान करेगी।

पवित्र छड़ी यात्रा 4 सितंबर दिन बुधवार को 4:00 दशनामी अखाड़ा चंबा से लक्ष्मी नारायण मंदिर के लिए तथा सायं 5:00 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर चंबा से श्री राधा कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी के लिए प्रस्थान करेगी। 5 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे यात्रा जुलाहकड़ी मंदिर से राख के लिए प्रस्थान करेगी। 6 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे यात्रा राख से दुर्गठी के लिए प्रस्थान करेगी।

7 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे दुर्गठी से भरमौर के लिए, 8 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे भरमौर से हड़सर के लिए, 9 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे हड़सर से धनछो के लिए, 10 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे धनछो से पवित्र डल के लिए प्रस्थान करेगी। 11 सितंबर को पवित्र डल में स्नान के पश्चात वापस लौटेगी।

# बैरी पंचायत में मनरेगा कार्य में हुआ घोटाला : ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, रत्ती**

बल्ह विकास खंड की ग्राम पंचायत बैरी के तहत गांव बटेहड़ी में घोटाले की बड़ी घटना सामने आई है। पंचायत ने सड़क को पक्का करने के लिए लगभग 93780 हजार रुपए मनरेगा के तहत सात मस्ट्रोल भी जारी कर दिए हैं। इसके तहत लोगों के खातों में दिहाड़ी के पैसे भी दे दिए गए हैं लेकिन न तो सड़क पक्की हुई न ही पक्का करने को लेकर कोई कार्य किया गया। इससे पंचायत व खंड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा करवाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। यह बात बैरी पंचायत में सामने आई है।

घोटाले का खुलासा तब हुआ जब इसी पंचायत के दया राम भी मनरेगा के तहत दिहाड़ी लगाने आया लेकिन हाजिरी लगाने के बाद उसे घर जाने को कहा। दया राम व अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हमारी पंचायत में सड़क को पक्का करने के लिए मार्च से लेकर अगस्त महीने तक मस्टररोल जारी हुए। जिसका काम पूर्ण करने का पैसा भी खंड विकास अधिकारी से मिल चुका है। लेकिन वार्ड सदस्य द्वारा यह काम करवाया ही नहीं गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा खंड विकास अधिकारी बल्ह को सौंपी है। शीला ठाकुर विकास खंड अधिकारी बल्ह ने कहा कि शिकायत मिली है कि गांव की सड़क के लिए पैसा जारी हुआ है लेकिन कार्य नहीं हुआ है। इसके लिए पंचायत में जाकर मौका किया गया है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है ।

# धड़ल्ले से बिक रहे प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

वैसे तो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गुटखा, खैनी व तंबाकू उत्पादों पर पुर्णतः प्रतिबंध लगा रखा है। बाबजूद इसके डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से इन उत्पादों की विक्री हो रही है।

युवा पीढ़ी से लेकर गुटखा खैनी के शौकीन जमकर इसका सेवन कर रहे हैं। जो सभी क़ायदे कानूनों को धत्ता दिखाकर सरेआम इसका उलंघन कर रहे हैं। प्रसिद्ध नगरी डलहौजी हुए इसके आसपास के क्षेत्रों में पान, बीड़ी, सिगरेट बेचने वाली सभी दुकानों में तम्बाकू धड़ल्ले से उत्पाद बिक रहे है। और प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है इन पर नकेल कसने वाला या पूछने वाला कोई नही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तंबाकू के प्रतिबंधित उत्पाद क्षेत्र समेत गांव गांव की दुकानों तक कहां से पहुंच रहे हैं। प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद सीमा पर तस्करों द्वारा दुकानदारों तक बड़े पैमाने पर पहुंचाए जा रहे है। वहीं उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन ने पुलिस प्रशासन व पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई है अगर वह इस पर कोई उचित कम नहीं उठा रहे हैं तो शीघ्र ही प्रशासन द्वारा छापामारी कर प्रतिबंध तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमन में लाई जाएगी।

वहीं थाना डलहौजी प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन समय-समय पर सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे उत्पादन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चालान करता आ रहा है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाईयों को जारी रखेगा।

# जोगिंद्रनगर के स्मार्ट प्वाइंट में चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिओ स्मार्ट प्वाइंट में आया चोरी का मामला सामने जानकारी देते हुए राहुल ने बताया कि स्मार्ट प्वाइंट में शॉपिंग करने आया तो स्मार्ट प्वाइंट के कर्मचारी ने उसका बैग बाहर रखवाया जब वो शापिंग करके बाहर आया तो उसका बैग वहां नहीं था। राहुल ने बताया कि उसके बैग को कोई उठा ले गया तथा अपना खाली बैग छोड़ गया। बैग में 1500 रुपए थे और उसने पुलिस को शिकायत कर दी है पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# मंडी के दो युवक चोरी के मामले में पुलिस रिमांड पर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर चोरी के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार पर बल्ह टिक्कर के 24 वर्षीय घनश्याम तथा सलोह निवासी 20 वर्षीय साहिल को जोगिंद्रनगर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया जहां कोर्ट द्वारा दोनों को 2 सितम्बर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है। जोगिंद्रनगर पुलिस दोनों से जोगिंद्रनगर में हुई चोरी की वारदातों बारे पूछताछ करेगी।

# बनीखेत में भालू दिखने से मचा हड़कंप

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी-बनीखेत मार्ग पर स्थित एक निजी होटल और उसके समीपवर्ती जंगल में भालू के दिखाई देने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। भालू को अपने बच्चों के साथ जंगल और होटल के परिसर में घूमते देखा गया, जिससे वहां उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। इस अप्रत्याशित घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा के संबंध में कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

डलहौजी के डीएफओ रजनीश महाजन ने बताया कि स्थानीय लोग अकसर खाने-पीने की वस्तुओं के अवशेष खुले में फेंक देते हैं, जो जंगली जानवरों को रिहायशी इलाकों की ओर आकर्षित करता है। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि वन्यजीवों की बढ़ती



गतिविधियों के कारण स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। महाजन ने लोगों को रात के समय अकेले बाहर न निकलने और समूह में चलने की सलाह दी है। स्थानीय निवासियों को सलाह दी गई है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और खाद्य सामग्री के वेस्ट को खुले में न फेंके।

वन विभाग द्वारा जल्द ही जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा, ताकि लोग जंगली जानवरों के साथ सुरक्षित व्यवहार के बारे में जागरूक हो सकें। इस घटना स्थल के वीडियो में भालू के साथ-साथ कूड़े का ढेर भी देखा जा सकता है, जो वन्यजीवों को आकर्षित करने का एक प्रमुख कारण है। डलहौजी-बनीखेत मार्ग पर भालू के दिखाई देने की इस घटना ने न केवल स्थानीय निवासियों को बल्कि पर्यटकों को भी सतर्क कर दिया है। यह घटना वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा के उपाय करने अत्यधिक आवश्यकता है। इस बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि वन विभाग बनीखेत जंगल के साथ लगते होटल में पिछले काफी समय से जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं जहां समय-समय पर होटल मालिकों को उचित दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

# बग्गा बांध से 1 सितंबर को होगा सिल्ट फ्लशिंग का कार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय जल विद्युत निगम की विद्युत परियोजना चमेरा चरण दो के बग्गा स्थित जलाशय की 1 सितंबर को सिल्ट फ्लशिंग की जाएगी।

निगम के ग्रुप महा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बग्गा बांध के जलाशय से 1 सितंबर को रात्रि 11 बजे से लेकर 2 सितंबर को सांय 6 बजे तक पानी का छोड़ा जाना प्रस्तावित है । सिल्ट फ्लशिंग का कार्य बांध के जलाशय में होने वाले अतिरिक्त प्रवाह पर निर्भर होगा। उन्होंने बताया कि सिल्ट फ्लशिंग के दौरान बांध के दरवाजे खोलकर पानी धीरे-धीरे छोड़ा जाएगा जब तक नदी का फ्री फ्लो न आ जाए। इस दौरान निचले क्षेत्र में पानी बढ़ने की आशंका है।

# सारीकोठी की पहाड़ी में फटा बादल, ब्यासर नाले में आई बाढ़

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू के मनाली विस क्षेत्र के सारीकोठी की पहाड़ी में बादल फटने की घटना सामने आई।

बादल फटने के कारण ब्यासर नाले में भारी बाढ़ आ गई है। हालांकि इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन लोगों के बगीचे व भूमि बाढ़ की चपेट में आ गई, जिससे काफी नुकसान हुआ है। शुक्रवार शाम को बादल फटने के कारण नाले में आई बाढ़ को देखकर लोगों में दहशत का माहौल बन गया। वहीं, रायसन के



समीप सड़क किनारे लोग नाले में आई बाढ़ को देखकर डर गए और सड़क किनारे नाले के समीप लोगों का हुजूम लग गया। वहीं, नाले में आई बाढ़ के कारण जलस्तर बढ़ने से नाले में एक गाय फंस गई थी, जिसे स्थानीय लोगों ने जान जोखिम में डालकर बचाया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए साक्षात्कार 5 को

**कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू मनोरमा देवी ने कहा कि मैसर्ज एशिया ट्रिप हॉलिडेज प्राइवेट लिमिटेड शास्त्री नगर कुल्लू द्वारा महिला उम्मीदवारों के लिए सेल्स एग्जीक्यूटिव के कुल 40 रिक्त पदों की भर्ती के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में कैंपस साक्षात्कार आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता ग्रैजुएशन, बीबीए, बीसीए और बीकॉम तथा आयु 18 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 12,000 रुपए मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल शास्त्री नगर कुल्लू है। उन्होंने बताया कि योग्य महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित पांच सितंबर को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में पहुंचकर कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के नंबर 01902222522 पर संपर्क कर सकते हैं।

### शिवालिका को राष्ट्रीय सेवा योजना की कमान



**मनाली।** जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी का गठन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जीत राम के नेतृत्व में हुआ। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से शिवालिका को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, महासचिव अनामिका, उपाध्यक्ष रिक्की व गीता को सहसचिव बनाया गया। समूह नेता कार्तिक, कलश, प्रीति, सरोजिनी, मोहित, समूह संयोजक साक्षी, पीयूष, मोहित, साहिल, रोहिनी, आफिशियल फोटोग्राफर कसक राणा, मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारी वरूण को बनाया गया। पूर्व स्वयंसेवी सुमित ठाकुर व सौरभ ठाकुर को सलाहकार के रूप मे रखा गया। वहीं, इस कार्यक्रम में विशेषातिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता व इसी कॉलेज के पूर्व छात्र सुमित ठाकुर मौजूद रहे। सुमित ठाकुर ने सभी चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी व आगामी कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### दो को एसएसबी गुरिल्ला संघ की मासिक बैठक

**कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संघ जिला कुल्लू की मासिक बैठक दो सितंबर को ढालपुर में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा करेंगे। वहीं, बैठक में ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित होंगे। प्रेम सिंह राणा ने बताया कि इस बैठक में पिछले महीने दिल्ली में जो ऑल इंडिया संगठन की बैठक हुई है, उस बैठक में जो निर्णय लिए गए उसकी जानकारी इस बैठक में दी जाएगी। चेयरमैन ने बताया कि अब सुप्रीम कोर्ट में नए बैच का गठन हो रहा है, जिस कारण डेट मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि जो अभी केस में नहीं जुड़े हैं वह इस मीटिंग में डेट लगने से पहले आखिरी बार केस से जुड़ सकते हैं। सीनियर वकील खड़ा करना है इसलिए सबका उपस्थित होना जरूरी है, ताकि सबकी सहमति से निर्णय लिया जाए।

### पति की याद में पांच व्हीलचेयर की दान

**कुल्लू।** मनाली के छियाल गांव की पूर्व पार्षद संतोष शर्मा ने अपने पति शाम सुंदर शर्मा की याद में कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल को पांच व्हीलचेयर दान की। इन कुर्सियों को सामाजिक संगठन कार सेवा दल को सौंप दिया गया, जो अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की सहायता करने में लगा हुआ है। संतोष ने कहा, मेरे पति 9 अप्रैल को स्वर्ग सिधार गए हैं और उनकी इच्छा थी कि कुल्लू और मनाली के अस्पतालों को कुछ दान दिया जाए। भगवान की कृपा से मनाली और कुल्लू के अस्पतालें को पांच व्हीलचेयर प्रदान की गईं। उन्होंने मरीजों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने में कार सेवादल द्वारा किए जा रहे कार्यों और मानवता के कल्याण के लिए इसकी प्रतिबद्धता की भी सराहना की।

### शिरढ़ टीम के नाम रही वॉलीबाल प्रतियोगिता

**कुल्लू।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यान चंद की जयंती के उपलक्ष्य पर जेएमके युवा मंडल शिरढ़ द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के क्षेत्रों से आई 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर शिरढ़ की टीम और दूसरे स्थान पर लाचा ब्रदर्स की टीम रही। राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की याद में मनाया गया। यह दिवस पूरे भारत वर्ष में खेल दिवस के रूप में बनाया जाता है।

### लाहौल-स्पीति की 20 पंचायतें क्षय रोग मुक्त

**केलांग।** जिला क्षय रोग निवारण के अंतर्गत शुक्रवार को जिला टीबी फोरम की बैठक डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद चैयरमेन वीना देवी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, आयुष अधिकारी बनीता शर्मा और जिला टीबी फोरम सम्मेलन के सदस्यों ने भाग लिया। डीसी ने फोरम के सदस्यों से कहा कि क्षय रोग का इलाज संभव है यह एक लाईलाज बीमारी नहीं है। इस बारे में लोगों को जागरूक करने की दिशा में और अधिक काम करने की आवश्यकता है। बैठक में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. जगदीश चंद ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला टीबी फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीएमओ लाहौल-स्पीति डॉ. रोशन लाल ने बताया कि स्वास्थ्य खंड गोंधला में 20 और स्वास्थ्य खंड काजा में 25 टीबी के मरीज हैं। जिले में कुल 45 टीबी के मरीज हैं। जिले में कुल 50 निक्षय मित्रा है। जिले की 45 पंचायतों में से 20 ग्राम पंचायतें टीबी फ्री हो चुकी हैं।



एनएसयूआई कुल्लू की इकाई पूर्व जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू को ज्ञापन के माध्यम से कॉलेज में रखी गई ईवीएम मशीनें हटाने और सड़कों पर घूम रहे लावारिस पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए मांग पत्र सौंपती हुई।

# नशा कर पैराग्लाइडिंग व राफ्टिंग करवाने वाले ऑपरेटर व पायलटों पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि जिले की पैराग्लाइडिंग एवं राफ्टिंग संगठन अतिरिक्त काउंटरों को 15 सितंबर से पहले हटाना सुनिश्चित करें।

यह बात उन्होंने शुक्रवार को जिला कुल्लू एयरो स्पोर्ट्स एवं रिवर राफ्टिंग नियमन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सिंगल काउंटर के माध्यम से अपनी गतिविधियों को संचालित करें, ताकि सुनियोजित तथा नियमित तरीके से इन साहसिक गतिविधियों को संचालित किया जा सके। डीसी ने सभी साहसिक गतिविधियों के स्थलों पर प्रत्येक गतिविधि के शुल्क की दरें प्रदर्शित करने तथा पर्यटकों की सुविधा एवं जानकारी के लिए क्या करें क्या न करें इससे संबंधित प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। डीसी ने इस सारी



एयरो स्पोर्ट्स एवं रिवर राफ्टिंग नियमन समिति की बैठक के दौरान डीसी कुल्लू व अन्य।

### सभी गतिविधि स्थलों पर न हो अनावश्यक भीड़

**डीसी** ने निर्देश दिए प्रत्येक गतिविधि के स्थल पर अनावश्यक भीड़ न हो इसके लिए सभी संगठन आपस में मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करें। सभी संचालक अपने वाहनों को अधिक तेज गति से न चलाएं एवं गतिविधि के स्थलों, नशे पर लगाम लगाने के लिए भी अपने स्तर पर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पैराग्लाइडिंग पायलट का विस्तृत मेडिकल जांच के लिए एक नया प्रोफार्मा तैयार किया जाए, ताकि पूर्ण रूप से जांच करने पर ही पायलटों को लाइसेंस प्रदान किया जा सके।

प्रक्रिया के लिए 15 सितंबर तक का समय राफ्ट संचालकों व पैराग्लाइडिंग संचालकों को दिया है। उसके उपरांत समिति इसे लागू करवाने के लिए सख्त कदम उठाएगी। बैठक का संचालन जिला पर्यटन एवं विकास अधिकारी ने किया। इस मौके पर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक एवं समिति के उपाध्यक्ष अरविंद नेगी, एसडीएम विकास शुक्ला, एसडीएम मनाली रमण शर्मा के अलावा रिवर राफ्टिंग, टूर ऑपरेटर व पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन, ट्रैकिंग के पदाधिकारियों सहित अन्य हितधारक भी बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जो भी ऑपरेटर तथा पायलट नशे में संलिप्त पाए जाएंगे उन समस्त लोगों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। डीसी ने गति गतिविधि के स्थलों पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने कूड़ा-करकट न फलाने के लिए भी अपने स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि नियमों के अनुपालन, पर्यटक ट्रैफिक तथा नशे पर अंकुश लगाने के लिए एक कमेटी गठित की जाए, जो समय-समय पर निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती रहे।

### पैराग्लाइडिंग स्थलों पर मार्शल तैनात

**डीसी** ने कहा कि सभी पैराग्लाइडिंग स्थलों पर मार्शल तैनात किए गए हैं, जो प्रतिदिन की गतिविधियों को नियंत्रित करने में सहयोग करेंगे, ताकि सुचारु रूप से साहसिक गतिविधियां संचालित की जा सकें। पैराग्लाइडिंग तथा रिवर राफ्टिंग करने से पूर्व सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करने तथा पर्यटकों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देश दिए, ताकि कोई भी पर्यटक इस जानकारी लेकर सावधानी से साहसिक गतिविधियों का आनंद उठा सके। सोलंग वैली की तर्ज पर पंजीकरण एक ही जगह पर हो इसमें सभी संचालकों को बारी-बारी से मौका मिल सकेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी इस बात पर अपनी सहमति जताई। डीसी ने कहा कि मुख्य स्थलों पर साइन बोर्ड व होर्डिंग के माध्यम से रिवर राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग के स्थलों तथा दरों का पूर्ण ब्यौरा प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## एक से पांच तक इन क्षेत्रों में बिजली बंद

**कुल्लू।** एक से पांच सितंबर तक भुंतर, शमशी, शाट व हाथीथान के आसपास बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बताया कि 11 केवी दियार के अंतर्गत आने वाली एचटी लाइन के नीचे पेड़ों के काटने संबंधित कार्य और सामान्य रख-रखाव के कारण इस फीडर के अर्न्तगत आने वाले क्षेत्र जरड़, भाटग्रां, रूआडू, बाहमीनाला दियार और कमांद और आसपास के इलाकों में तीन और पांच को सुबह 10 से सायं पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 11 केवी मौहल के अंतर्गत पुलिस स्टेशन भुंतर के पास पेड़ों के काटने से संबंधित कार्य के लिए औद्योगिक क्षेत्र शमशी, फारेस्ट चौक, शमशी, पोलिस स्टेशन भुंतर, अंगोरा फार्म, पिरड़ी, इंडियन ऑयल, नाग मंदिर, एसएसबी गेट, जिया, सब्जी मंडी भुंतर, नेचर पार्क, मौहल और आसपास के इलाकों में एक को सुबह 10 से सायं पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वित्त वर्ष खर्च हुए 25 लाख 75 हजार 518 रुपए

# 47 लाख 11 हजार का बजट पारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

क्षेत्रीय अस्पताल लाहौल-स्पीति स्थित केलांग की रोगी कल्याण समिति की बैठक शुक्रवार को डीसी कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। रोगी कल्याण समिति के माध्यम से रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 25 लाख 75 हजार 518 रुपए खर्च किए गए। बैठक में चालू वित्त वर्ष के लिए 47 लाख 11 हजार रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि मरीजों को अस्पताल में और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए रोगी कल्याण समिति की वार्षिक आय को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि रोगी कल्याण समिति के विभिन्न



केलांग की रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान डीसी अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

मदों में पारित बजट से अधिक खर्च होने की स्थिति में खर्च करने से पहले उन्हें विश्वास में लिया जाए, ताकि बाद में इस खर्च को हाउस में पास किया जा सके। रोगी कल्याण में जो भी पैसा आता है, वह लोगों का पैसा है तथा इसका विशेष ध्यान रखा जाए और यह पैसा जनता के हित में खर्च हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी लाहौल-स्पीति रोशन लाल ने बैठक में पिछले साल का लेखा-जोखा सहित इस वर्ष प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### डीसी ने दिए निर्देश

**बैठक** में क्षेत्रीय अस्पताल की आवश्यकताओं के अनुसार एक डेंटल चेयर और एक डेड बॉडी फ्रीजर व व्हीलचेयर क्रय करने के लिए कहा। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में रैंप के निर्माण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अस्पताल में बनने वाले विभिन्न तरह के चिकित्सीय प्रमाणपत्रों की दरों को भी संशोधित किया गया, ताकि रोगी कल्याण समिति की आय को बढ़ाया जा सके।

# कूड़ा ढोने के लिए अब सरकार से सहयोग मांगेगी नगर परिषद कुल्लू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय अखाड़ा बाजार स्थित नगर परिषद के कार्यालय में शुक्रवार को नगर परिषद कुल्लू की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नप कुल्लू के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

वहीं, बैठक में सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से 17 करोड़ 53 लाख रुपए का वार्षिक बजट पारित किया। इस दौरान एक प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें सरकार से मांग रखी गई कि कुल्लू से कूड़ा ढोने के लिए जो ट्रक का किराया नगर परिषद वहन कर रही है, उसका खर्च अब सरकार की ओर से उठाया जाए। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि सभी सदस्यों ने वार्षिक बजट में अपनी सहमति जताई है और इस बजट से कुल्लू शहर का



नगर परिषद की बैठक के दौरान चर्चा करते नप कुल्लू के अध्यक्ष व अन्य पार्षद।

विकास कार्य तेज गति से पूरा किया जाएगा। कूड़े की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद लगातार काम कर रही है। गीले कूड़े से खाद बनाई जा रही है और सूखे कूड़े को बोरियों में बंद किया जा रहा है। वहीं, सूखे कूड़े को ट्रक के माध्यम से परवाणू सीमेंट फैक्टरी भेजा जा रहा है, लेकिन उस पर नगर परिषद को अतिरिक्त किराया भी खर्च करना पड़ रहा है। ऐसे में अब इस बारे अर्बन डेवलपमेंट और प्रदेश सरकार से मांग रखी जाएगी कि वह नगर परिषद की इस मामले में वित्तीय सहायता करें और ट्रकों का जो किराया नगर परिषद वहन कर रही है। वह सरकार के द्वारा खर्च किया जाए।

# सिम कार्ड चुराकर पौने छह लाख का लगाया चूना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पौने छह लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार तेलंगाना के एक युवक ने दो अन्य लोगों के सिम कार्ड चुराकर बैंक से ऑनलाइन कर्ज लिया और लगभग पौने छह लाख रुपए का चूना लगाया। पुलिस ने दो युवकों की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व तेलंगाना के हयात नगर का रोहित कुमार मालकजगिरी मनाली घूमने आया था। वह ओल्ड मनाली में एक हॉस्टल में रुका, वहां पर तेलंगाना के ही अभिषेक कुमार और वृकेश पंडिपुत्र भी ठहरे थे। पुलिस को अभिषेक और वृकेश ने शिकायत दी है कि रात को जब वे सोए थे, तो रोहित ने उनके मोबाइल की सिम निकाली और उनके बैंक अकाउंट की नई यूपीई नंबर बनाकर बैंक से कर्ज लिया। लोन की कुल राशि 5,71,791 है। यह लोग मनाली में काम करते हैं। आरोपी ने इनके सिम कार्ड धोखे से चुरा लिए और फिर इस घटना को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान रोहित कुमार मलकागिरी पुत्र मलकागिरी बाबू निवासी 4-3-170/1 प्लाट नंबर 17 सेठनमपुरम कालोनी हयात नगर तेलंगाना के रूप में हुई है। आरोपी ने कुल 4 लोन लिए हैं। पुलिस ने इन खातों को खंगाल कर इन्हें फ्रीज करवाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शातिर रोहित का पता लगाया जा रहा है। साइबर सेल को भी इसकी जांच का जिम्मा दिया गया है।

## तेज राम प्रधान उपप्रधान बने रोशन

**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय गाड़ागुशैणी में सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए पीटीए की आम बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सहायक प्रोफेसर सन्नी नेगी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नव कार्यकारिणी में प्रधान पद पर तेज राम, उपप्रधान रोशन लाल, सचिव सहायक प्रोफेसर डुमेश कुमार, सह सचिव वीर सिंह, कोषाध्यक्ष तेज राम को बनाया गया। इसके अलावा चयनित सदस्य के रूप में यशपाल, चाइना देवी, रूप सिंह, चरण सिंह श्याम लाल, तावे राम, जय देवी, परस राम को चुना गया। सलाहकार के रूप में चमन लाल, प्रेम सिंह, सुंदर सिंह श्याम लाल को चुना गया। बैठक में कॉलेज के सहायक प्रोफेसर प्रवीण कुमार, सहायक प्रोफेसर निशा, सहायक प्रोफेसर प्रियंका तथा आदि मौजूद रहे।

# चंद्रकांत और दीक्षा चुने बेस्ट एथलीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शुक्रवार को दूसरे दिन विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें चंद्रकांत और दीक्षा ठाकुर बेस्ट एथलीट चुने गए।

समापन समारोह में सैंज कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुजाता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में दम दिखाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र वर्ग के 200 मीटर रेस में अनिस ने पहला, विकास ठाकुर ने दूसरा, सौरव ने तीसरा 800 मीटर रेस में घनश्याम ने पहला, अनिस ने दूसरा, अभिषेक ने तीसरा, 1500 मीटर की रेस में काव्यांश ने पहला, तुषार ठाकुर ने दूसरा, अतुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग के लांग जंप में चंद्रकांत को प्रथम, गौरव को द्वितीय, अनिस को तृतीय स्थान मिला। हैमर थ्रो में मदन लाल को पहला, डार्विन को दूसरा व कार्तिक



को तीसरा स्थान मिला। इसी प्रकार छात्रा वर्ग की 200 मीटर रेस में दीक्षा ठाकुर को प्रथम, अंजली ठाकुर को द्वितीय व रीता ठाकुर को तृतीय 800 मीटर रेस में सीमा देवी को पहला, पलक ठाकुर को दूसरा व कांता देवी को तृतीय स्थान मिला।

छात्रा वर्ग के लांग जंप में दीक्षा ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया। निकिता व मृदुल राणा क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। प्राचार्च डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदान प्रदर्शन के कारण छात्र वर्ग में चंद्रकांत व छात्रा वर्ग में दीक्षा ठाकुर को बेस्ट एथलीट चुना गया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. सुजाता ने कहा कि खिलाड़ी कभी हारता नहीं, बल्कि अपनी गलतियों से सीखता है और सुधार कर जीत के लिए आगे की रणनीति बनाता है।

उन्होंने कहा कि छात्र अपने गुरूजनों से सलाह कर जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसकी प्राप्ति के लिए स्पोर्ट्स का सहारा लें, क्योंकि स्पोर्ट्स से शारीरिक व भावनात्मक मजबूती मिलती है। मुख्यातिथि ने भौतिक युग के तनावों से मुक्ति दिलाने वाले टिप्स भी खिलाड़ियों को बताए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नशे के विरुद्ध काम करेगी कुल्लू समाजसेवी संस्था : हेमा ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला समाजसेवी संस्था की ओर से जिले में महिला उत्थान के लिए विशेष कार्य चलाया जाएगा और युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूक अभियान शुरू करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण तथा समाज के हर वर्ग महिला पुरुष की सहायता के लिए कुल्लू जिला समाजसेवी संस्था विशेष



रूप से कार्य करेगी। यह बात नव निर्वाचित समाज सेवा की अध्यक्ष हेमा ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कुल्लू की जनता का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उन्हें ऑनलाइन सपोर्ट कर कुल्लू जिला समाज सेवा संस्था की अध्यक्ष निर्वाचित किया। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था 2017 से कुल्लू के हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और महिला के उत्थान, संस्कृति, नशा निवारण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण के लिए कार्य कर रही है।

## नौ को बंजार में रक्तदान शिविर

**बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के एनसीसी, पूर्व छात्र संघ (ओएसए), रोवर्स एंड रेंजर्स, रेड रिबन क्लब, यूथ रेड क्रॉस, महिला प्रकोष्ठ और रोड सेफ्टी क्लब की ओर से 9 सितंबर को एक रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य समस्याओं पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आरंभ होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहित करना है।

**मांग** बिहाली स्कूल को पुन: संचालित करने की उठाई मांग, ग्रामीणों ने शिक्षा उपनिदेशक को सौंपा ज्ञापन

# स्कूल को पुन: किया जाए संचालित, दो पंचायतों के बच्चे शिक्षा से रह सकते हैं वंचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत आने वाले बिहाली स्कूल को पुन: संचालित करने के लिए दो पंचायत का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा उपनिदेशक से मिला।

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग करते हुए कहा कि बिहाली स्कूल को मर्ज करने से दो पंचायत के नन्हे-नन्हे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा, जिस



बिहाली स्कूल को पुन: संचालित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

कारण चार गांव के कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह सकते हैं। शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत आने वाले बिहाली स्कूल को मर्ज करने के आदेश को लागू करने से पहले अभिभावकों ने स्कूल के दायरे में आने वाले गांवों का मौका निरीक्षण करने की मांग उठाई थी और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने लोगों की मांग पर ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर उचित कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कुल्लू से मिले प्रतिनिधिमंडल ने मांग करते हुए कहा कि खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सैंज की रिपोर्ट पर जल्द उचित कार्रवाई की जाए, ताकि बिहाली स्कूल को पुनः संचालित किया जा सके। अभिभावकों ने कहा कि जहां पहले ही नन्हे-नन्हे बच्चे बड़ी मुश्किल से शिक्षा ग्रहण करने के लिए बिहाली स्कूल पहुंचते हैं। वहीं, अब शिक्षा विभाग ने स्कूल को मर्ज कर बच्चों की कठिनाइयों को और बढ़ा दिया है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान खेम राज, स्थानीय पंचायत प्रधान गुड्डू राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य झावे राम ठाकुर सहित दो पंचायत के ग्रामीण वेद राम, नीरत सिह, चमन लाल आदि ने शिक्षा उपनिदेशक से मांग की है कि बिहाली स्कूल को पुन: संचालित किया जाए। अभिभावकों का कहना है कि सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति के कारण बिहाली स्कूल में बच्चों की संख्या कम हुई है।



## न्यूज ब्रीफ

### जाबली में सेब से लदा ट्राला सड़क पर पलटा



**सोलन।** कालका-शिमला एनएच-5 पर सेब से लदी गाड़ियों की दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में जाबली के समीप शुक्रवार सुबह सेब से लदा एक ट्राला सड़क पर पलट गया। ट्राला पलटने के बाद चालक व क्लीनर अंदर ही फंस गए। क्लीनर को तो बचाव दल की ओर से तुरंत निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से धर्मपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। वहीं, चालक की बाजू ट्राले के नीचे फंस गई थी। करीब अढ़ाई घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। ट्राले को हटाने के लिए परवाणू से हाइड्रा मंगवाया गया। इससे बचाव अभियान देरी से शुरू हुआ। बता दें ये ट्राला शिमला से चंडीगढ़ की तरफ जा रहा था।

### एनएसयूआई ने जलाया कंगना रनौत का पुतला



**सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन की एनएसयूआई इकाई ने मंडी की सांसद कंगना रनौत के किसान आंदोलन को लेकर दिए बयान के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। कंगना रनौत ने किसान आंदोलन को लेकर कहा था कि किसान आंदोलन में रेप हो रहे थे, मारकर लाशें टांग रहे थे, जैसे हालात बांग्लादेश में है, क्या हमारे यहा भी ऐसे हालात बन सकते हैं। इस बयान को लेकर एनएसयूआई नारेबाजी कर कंगना पर एनएसए लगाने की मांग की। इस दौरान कंगना का पुतला भी जलाया।

### मेजर ध्यानचंद की जीवनी से करवाया अवगत

**रिकांगपिओ।** केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ ने राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया व प्राचार्य संजीव राणा ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलकूद गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### गैस रिसाव से जोरदार धमाके में दो युवक घायल

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के झाड़माजरी स्थित एक किराये के मकान में सिलेंडर फटने से दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान गौरव कुमार निवासी बदायूं उत्तर प्रदेश व तरसेम सिंह निवासी गोरगांव खास जिला कांगड़ा से हुई, जिनका ईलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवक रात को सो गए थे, इस दौरान गैस को बंद करना भुल गए, जिससे पूरी रात गैस का रिसाव होता रहा और जब शुक्रवार सुबह उठे, तो जैसे ही लाइट जलाई अचानक जोरदार धमाका हुआ। घटना के बाद जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने तुरंत घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं, एसएफएसएल की टीम ने मौके का निरीक्षण करते हुए तथ्य जुटाए। थाना बरोटीवाला के तहत मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### संजय अवस्थी आज व कल अर्की के प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी आज तथा कल अर्की के प्रवास पर रहेंगे। संजय अवस्थी आज दोपहर 2.15 बजे पंचायत कोटली के कोलका में विश्वकर्मा मंदिर के समीप कोठी-कोलका-दसल-चमयावल मार्ग का भूमि पूजन करेंगे। तदोपरांत क्रिकेट प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कल प्रातः 11.15 बजे भूमति स्थित स्कूल में 19 वर्ष से कम आयुवर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सायं तीन बजे पंचायत चइयां में जनसमस्याएं सुनेंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का जांचा स्वास्थ्य

**पावंटा साहिब।** जिला आयुष विभाग के सौजन्य से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में 49 मरीजों के स्वास्थ्य जांचा, जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप की जांच की गई। संबंधित बीमारियों का इलाज भी किया गया। नवजोत कौर ने बताया कि आयुर्वेद हमारे अपने देश की चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारियों के साथ-साथ व्यक्ति के स्वास्थ्य की भी रक्षा करती है।

### एसएमसी के अध्यक्ष बने बलवीर सिंह

**राजगढ़।** राजगढ़ शिक्षा खंड की कोटला बांगी स्कूल में विद्यालय की नई स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में अभिभावक गणों की आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकरिणी का चुनाव, सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए किया गया। स्कूल की नई स्कूल प्रबंधन समिति में बलवीर सिंह को अध्यक्ष चुना गया। सदस्यों के रूप में सुभाष चंद, बलवीर चौहान, राजीव कुमार, नरेश कुमार, कपिल मेहता, यशपाल, राकेश कुमार, रीतु, इंदिरा देवी नीलम, सुनीता देवी, सीमा शर्मा, नविता तथा अध्यापकों में सविता देवी प्रवक्ता हिंदी, दिनेश कुमार प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान, हेम राज शिक्षा अध्यापक, बलदेव राज शास्त्री तथा नीलम कुमार टीजीटी को चुना गया।

### खाद्य पदार्थों की स्वच्छता पर दिया प्रशिक्षण

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की ओर से स्वच्छता संबंधी विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में दाड़लाघाट और चंडी परिक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत स्वच्छता के आयाम सुरक्षित पेयजल, गंदे पानी की निकासी, मल का उचित निस्तारण, कूड़े-कचरे का निष्पादन व्यक्तिगत और स्वच्छता और खाद्य पदार्थों की स्वच्छता पर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि ग्राम स्तर पर अंबुजा फाउंडेशन सफाई अभियान, जागरूकता बैठक, स्वच्छता दूतों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को विशेष ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन भूपेंद्र गांधी ने आह्वान किया कि समाज के हरेक व्यक्ति इसमें अपना योगदान दें, जिससे आसपास गांवों में स्वच्छता का संदेश पहुंचे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने गोद लिया चांबीधार स्कूल

**राजगढ़।** राजगढ़ शिक्षा खंड की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चांबीधार में प्रधानाचार्य डीडी सिमर की अध्यक्षता में अपना विद्यालय एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कमल दत्त शर्मा सेवानिवृत्त एसएचओ , प्रेमपाल सेवानिवृत्त सीचटी, रवींद्रनाथ सेवानिवृत्त भाषा अध्यापक ने इस विद्यालय को गोद लिया। विद्यालय की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास करने का विद्यालय प्रशासन को भरोसा दिलाया। कमल दत्त शर्मा एक जुझारू व्यक्तित्व हैं, जो इस क्षेत्र के लिए सामूहिक भलाई से संबंधित विभिन्न कार्यों में अपनी सक्षम भूमिका निभाते हैं।

### रिकांगपिओ में भाजपा ने निकली जन आक्रोश रैली



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** निगुलसरी ब्लॉक प्वाइंट को लेकर किन्नौर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में जनाक्रोश रैली निकाल कर सरकार को खरी-खोटी सुनाई। रिकांगपिओ चौक पर आयोजित किन्नौर भाजपा की इस जनाक्रोश रैली को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कहा कि कांग्रेस सरकार लंबे समय बाद भी किन्नौर के निगुलसरी ब्लॉक प्वाइंट का स्थायी समाधान निकालने में असफल साबित हुई है। निगुलसरी के पास एनएच सड़क मार्ग के आए दिन अवरुद्ध रहने से स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है। निगुलसरी ब्लॉक प्वाइंट पर सैकड़ों वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं।

### शोषण के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जाएगा

**राजगढ़।** पूर्व सैनिक संगठन राजगढ़ की ओर से राजगढ़ में पूर्व सैनिकों के लिए मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला सिरमौर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त जनरल अतुल कौशिक मुख्यातिथि रहे व उनके साथ सेवानिवृत्त कर्नल महेश विशिष्ठातिथि रहे। अतुल कौशिक ने कहा कि एक सैनिक का कार्य सरहदों पर ही लड़ना नहीं है ,बल्कि देश के अंदर प्रचलित सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाना भी है। इसी विषय को लेकर हरिपुरधार से नाहन तक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा, जो लगभग दो-ढ़ाई दिन में पूरी होगी। रैली के दौरान महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार व शोषण के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने राजगढ़ में पूर्व सैनिकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की और कहा कि क्षेत्र के सभी सामाजिक कार्यों में पूर्व सैनिक एक आवाज पर खड़े हो जाते हैं।

# सोलन अस्पताल के पीएसए प्लांट में शुरू हुआ ऑक्सीजन उत्पादन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में आखिर दो महीने के बाद पीएसए (प्रेशर स्विंग एडजोर्पशन) प्लांट में ऑक्सीजन उत्पादन शुरू हो गया।

अभी फिलहाल इसे टेस्टिंग में रखा गया है। उम्मीद है कि एक दो दिन में प्लांट से वार्डों में लगी पाइपों में ऑक्सीजन पहुंचनी शुरू हो जाएगी। इससे आपात स्थिति से निपटना आसान होगा। प्लांट खराब होने से अस्पताल प्रशासन को बद्दी स्थित निजी प्लांट से ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ रहे थे, जिसका खर्च महीने में 4 से 5 लाख तक पहुंच जाता है। बता दें कि अस्पताल में लगे पीएसए प्लांट में बार-बार तकनीकी खराबी आने से हॉस्पिटल में मरीजों को सांस देने के लिए बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। इससे जहां एक तरफ सरकार पर इसका आर्थिक बोझ पड रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ पीएसए प्लांट बार-बार खराब होने से विभाग की कार्य प्रणाली भी सवालों की घेरे में आई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ऑक्सीजन की मांग पूरी करने के लिए बहार से सिलेंडर मंगवाता है, लेकिन करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित यह पीएसए प्लांट अब धीरे-धीरे सफेद हाथी ही बनते जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



> सोलन अस्पताल में लगे पीएसए प्लांट की मरम्मत कर इसमें ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू हो गया है। फिलहला इसे टेस्टिंग में रखा गया है। जल्द वार्डों में इससे ऑक्सीजन की सप्लाई होगी।
>
> **डॉ. संदीप जैन, एमएस,**

### 7 करोड़ रुपए से स्थापित पीएसए प्लांट

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से पीएसए प्लांट स्थापित किया गया था। इस प्लांट के हांप जाने से अस्पताल प्रशासन को अब ऑक्सीजन की मांग पूरी करने के लिए सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। इससे पहले भी यह प्लांट वर्ष-2023 में प्लांट खराब हो गया था, तब करीब 3.60 लाख रुपए खर्च कर इससे ठीक किया गया था। अस्पताल प्रशासन की माने तो ऑक्सीजन सिलेंडर का अस्पताल में बहुत कम इस्तेमाल किया जाता है।

### खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में पीएसए (यानी ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ते हैं। जानकारी के मुताबिक एक हजार लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन तैयार करने की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट के बावजूद अस्पताल प्रबंधन को ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ते हैं। क्षेत्रीय अस्पताल में कोरोना काल में यह पीएसए प्लांट स्थापित किया गया था। इसे अस्पताल के सभी 200 बिस्तरों को जोड़ा गया है, लेकिन यह ज्यादा वक्त बंद ही रहता है।

नगर पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

# पंचायत में छोड़े गए बैलों को पुन: गोसदन में छोड़ा जाएगा

**अनंत ज्ञान, अर्की**

नगर पंचायत अर्की की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अनुज गुप्ता ने कहा कि बैठक में विभिन्न विकास के कार्यों पर चर्चा की गई, लेकिन कुछ अत्यंत आवश्यक मुद्दों पर विशेष चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें पहला मुद्दा बेसहारा पशुओं को आश्रय देने का था।

इस मुद्दे पर निर्णय लिया कि नगर पंचायत में छोड़े गए बैलों को पुन: गोसदन में छोड़ा जाएगा। साथ ही निर्णय लिया कि नगर पंचायत के कुछ लोग जिन्होंने गो पाली हैं। वह दूध लेने के पश्चात उन्हें बाजार व सड़क पर खुली छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि यदि ऐसे किसी पशु को गोशाला चला रही ओपन हैंड वेलफेयर सोसायटी एनजीओ के स्वयंसेवक या नगर पंचायत अर्की के कर्मचारी पकड़ कर गोशाला में ले जाते हैं, तो गो के मालिक को उस पशु को दोबारा वापस लेने की एवज में दो हजार रुपए जुर्माना भरना होगा। नगर पंचायत द्वारा सितंबर माह से एक रोटी गो के नाम योजना शुरू की जा रही है, जिसमें हर वार्ड में एक डिब्बा लगेगा एवं उस डिब्बे में गाय को रोटी देने वाले रोटी व अन्य खाद्य सामग्री डाल सकेंगे तथा वह डिब्बे प्रति दिन गोशाला में जाएंगे व उनमें दी गई रोटियां व खाद्य सामग्री बेसहारा गो को खिलाई जाएंगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर दो, चार, पांच व छह में पार्किंग निर्माण के लिए एस्टीमेट बना लिया गया है तथा शीघ्र ही इस योजना पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना था कि लोक निर्माण विभाग के समीप बनी पार्किंग में 900 रुपए प्रति माह लगाया गया मासिक शुल्क ज्यादा है। इसलिए सर्वसम्मति से यह शुल्क 500 रुपए प्रति माह कर दिया गया है।

**सितंबर से एक रोटी गो के नाम योजना शुरू की जा रही**

## अवैध माइनिंग को रोकने गए ग्रामीणों पर खनन माफिया ने किया हमला, दो घायल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के जगातखाना में सरसा नदी में अवैध खनन को रोकने गए ग्रामीणों पर खनन माफिया ने हमला कर दिया। इस घटना में दो युवकों को गंभीर चोटें लगी हैं, जिनका इलाज नालागढ़ अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर विजय चौधरी नाम के युवक समेत अन्य पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देर रात करीब 12 बजे जगातखाना के सरसा नदी में फॉरेस्ट भूमि पर देर रात खनन माफिया के द्वारा एक जेसीबी मशीन व दो टिप्परों को पकड़ा, जो अवैध रूप से खनन कर रहे थे। ग्रामीणों के विरोध के चलते खनन माफिया मौके से भाग निकले, लेकिन थोड़ी देर बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी में अपने साथियों के साथ आए और दो युवकों के साथ मारपीट की, जिसमें युवकों को सिर



व बाजू व टांग पर चोट पहुंची है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल करवाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घायलों की पहचान संजीव कुमार व देवेंद्र कुमार निवासी बीड़ प्लासी नालागढ़ से हुई। अब पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि अवैध माइनिंग रोकने गए युवकों पर खनन माफिया के द्वारा हमला किया गया, जिसमें दोनों युवकों को चोट पहुंची हैं, जिनका मेडिकल करवाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपी हिरासत में होंगे।

## रितिका ने नीट के बाद अब जेईई की परीक्षा की उत्तीर्ण

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की निकटवर्ती पंचायत बरायली के गांव धमोग (बंजर) निवासी विजय चंदेल की



मेधावी पुत्री रितिका चंदेल ने पहले प्रयास में नीट के बाद अब जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बेटी की इस सफलता पर घर व क्षेत्र में जश्न का माहौल है। रितिका चंदेल का नीट हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस और एमबीबीएस में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए चयन हुआ है। रितिका चंदेल के पिता विजय चंदेल व माता अंजना चंदेल ने बताया कि रितिका नीट हमीरपुर को छोड़कर एमबीबीएस में अपना करियर बनाने जा रही है, इससे दाड़लाघाट इलाके को रितिका चंदेल के रूप में एक और डॉक्टर मिलेगा। रितिका अपनी ने सफलता का श्रेय मां अंजना चंदेल व पिता विजय चंदेल, पूरे परिवार व गुरुजनों को दिया है।

## व्यापार मंडल ने बाहरी व्यापारियों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की



डीसी को ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

व्यापार मंडल सोलन ने शहर में मेलों के दौरान बाहरी व्यापारियों के लगने वाले स्टाल्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

इस संदर्भ में व्यापार मंडल सोलन के प्रधान कुशल जेठी की अध्यक्षता में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी सोलन मनमोहन शर्मा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सोलन बाजार में पॉलीथिन और अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की कार्रवाई का भी विरोध किया। इसके अलावा एक्साइज, नगर निगम और अन्य विभागों की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। डीसी ने दुकानदारों की मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, व्यापार मंडल ने ओल्ड बस स्टैंड में शाम के समय वाहन पार्किंग की अनुमति देने की भी मांग की। ज्ञापन देने पहुंचे व्यापार मंडल ने बताया कि जब-जब सोलन शहर में मेले होते हैं, तब-तब लोग बाहर से सामान बेचने यहां आते हैं, जिसके चलते व्यापारियों को खासा नुकसान होता है। उन्होंने अपील की है कि मेलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएं, लेकिन बाहर से सामान बेचने वालों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## दो युवकों से बरामद किए सिंथेटिक ड्रग्स



**सोलन।** पुलिस की स्पेशल टीम ने गश्त के दौरान जीरो प्वाइंट ओच्छघाट में एक बिल्डिंग में किराये के कमरे में रह रहे जितेश कुमार उर्फ मुन्ना और शुभम के कब्जे से 2800 सिंथेटिक ड्रग्स टैबलेट्स और 53,100 की नकदी बरामद की है। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक जांच के दौरान दोनों आरोपी नशीली दवाइयां रखने के बारे में कोई भी वैध कागज नहीं दिखा सके हैं, जिस पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उक्त दोनों आरोपियों को आज पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाइयां सहित ड्रग निरीक्षक के हवाले किया जाएगा। वहीं, सोलन पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल भी की जा रही है।

## अदृश्य शक्तियों को भगाने को डगैली पर्व मनाने की परंपरा

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश को पूरी दुनिया में देव भूमि के नाम से जाना जाता है। प्रदेश में अनेक ऐसी परंपरा, रीति रिवाज, प्रथाएं व त्योहार हैं, जो बड़ी आस्था में मनाए जाते हैं। इन्हीं में से डगैली पर्व व अदृश्य नृत्य भी है, जो हिमाचल के सिरमौर, शिमला, मंडी, सोलन, कुल्लू आदि ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है।

डगैली व इसके अदृश्य नृत्य का अर्थ है डायनों का पर्व या अदृश्य नृत्य इसे यहां डर के कारण या आस्था के कारण क्यों मनाया जाता है। इसका कोई स्पष्ट प्रमाण देखने को नहीं मिलता और अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग समय यह पर्व मनाया जाता है। यह पर्व परंपरा है या पर्व इसके पीछे कोई भी पुख्ता प्रमाण नहीं मिलते, फिर भी यह पर्व यहां से आज के आधुनिक समय में मनाया जाता है। कुछ क्षेत्रों में यह डरावना पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि को तथा कुछ क्षेत्रों में इसके ठीक पांच से आठ दिनों के बाद भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी व चौदस के दिन मनाया जाता है। डगैली का हिंदी अर्थ है डायनो का पर्व। ऐसा माना जाता है इन दोनों रात्रि को डायन, भूत, पिशाच खुला आवा गमन तथा नृत्य करते हैं। इस नृत्य को कोई आम आदमी नहीं देख सकता इसे केवल तांत्रिक तथा देवताओं के गुर यानि घणिता ही देख सकते हैं। इस दिनो डायनों व भूत प्रेत को खुली छूट होती है वह किसी भी आदमी व पशु आदि को अपना शिकार बना सकते हैं। इसके लिए लोग पहले ही यहां अपने बचने का पूरा प्रबंध यानी सुरक्षा चक्र बना कर रख लेते हैं। इन सुरक्षा प्रबंधों की तैयारियां यहां पर रक्षाबंधन वाले दिन से आरंभ हो जाती है रक्षाबंधन वाले दिन जो रक्षा सूत्र पुरोहित द्वारा अपने यजमानों को बांधा जाता है। उसे डगैली पर्व के बाद ही खोला जाता है। इसके साथ-साथ उसी दिन पुरोहित द्वारा अभिमंत्रित कर दिए गए चावल या सरसों के दाने के साथ-साथ अपने कुल देवता के गुर द्वारा दिए गए रक्षा के चावल व सरसों के दानों को डगैली पर्व से ठीक पहले अपने घरों, पाठशाला व खेतों में छिड़क दिया जाता है। इसके अलावा भेखल व तिरमल की झाड़ी की टहनीयों को दरवाजे व खिड़कियों में लगाया जाता है। (अनंत ज्ञान)



### शोध कार्य किया

**इस** पर्व पर चूड़ेश्वर कला मंच जागल द्वारा शोध कार्य किया गया। चूड़ेश्वर कला मंच के संस्थापक जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि उनकी मंच के पद्मश्री विद्यानंद सरैक व गोपाल हाब्बी ने शोध कार्य किया है और सोलन, शिमला व सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से वार्तालाप किया और उसी आधार पर डगैली गीत व डगैली परिधान तैयार किए परिधानों को तैयार करने ने प्रसिद्ध शोधकर्ता गोपाल हाब्बी ने अहम भूमिका निभाई और उसके बाद शोध के आधार पर इसका मंचन किया।

## वामन द्वादशी मेले का आयोजन 15 से 17 तक : एलआर वर्मा



वामन द्वादशी मेले के आयोजन की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी एलआर वर्मा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

वामन द्वादशी मेला आगामी 15 से 17 सितंबर तक सराहां में आयोजित किया जाएगा। एडीसी सिरमौर एलआर वर्मा ने जंज घर सरांहा में मेले के सफल आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

मेले का शुभारंभ 15 सितंबर को वामन भगवान की पारंपरिक पूजा-अर्चना से होगा। इसके पश्चात वामन भगवान की मूर्तियों को पालकी में बिठाकर सरांहा बाजार में भ्रमण करवाया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान स्थानीय लोगों व अन्य दलों द्वारा अनेक प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगीं। मेले के दौरान दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश व देश के अन्य राज्यों के पहलवानों को आमंत्रित किया जाएगा। मेले के दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक सध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों को अधिमान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 17 को महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं प्रमुख होंगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं खंड विकास अधिकारी सरांहा को मेला क्षेत्र में उचित साफ-सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## कबड्डी में कॉलेज-ए और इनोवेटर्स विजयी

**नाहन।** राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उत्तमा पांडे ने बताया कि इस खेल आयोजन में सात टीमों के 84 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग मे डायनेमिक बुल्स, कॉलेज ए, ड्रीम नाहन, सिरमौर बुल्स तथा महिला वर्ग में सिरमौर हिल्स, इनोवेटर्स, पैंथर्स टीमों ने भाग लिया, जिसमें पुरुष वर्ग में कॉलेज-ए तथा महिला वर्ग में इनोवेटर्स विजयी रहा। खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेम भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ जीवन की कुंजी खेलकूद व्यायाम है।

## नप की पार्किंग में पसरा गंदगी का आलम

### शराब की खाली बोतलों और कचरे ने खोली म्युनिसिपल कमेटी की पोल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नगर परिषद नाहन की नई पार्किंग में इन दिनों गंदगी का आलम पसरा हुआ है।

खाली बोतलें और कचरे के ढेर एमसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। स्थानीय निवासी गुलशन शान मोहम्मद, सोनी, आरिफ, निर्भय सिंह कमर, अनीता भारद्वाज आदि ने बताया कि नई पार्किंग में पिछले कई दिनों से कचरा पड़ा हुआ है, मगर अभी तक एमसी के सफाई कर्मचारी उसे उठाने नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में वैसे भी इन दिनों डेंगू फैला हुआ है, बावजूद इसके नगर प्रशासन सफाई व्यवस्था बना पाने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं, पक्का टैंक निवासी मोनू, हरीश, किशोरी लाल आदि ने बताया कि शहर के कुछ पढ़े-लिखे लोग अपनी नैतिकता को खोते हुए पवित्र पक्का तालाब में कचरा फेंक रहे हैं। लोग यहां तक कि खाने-पीने की सामग्री भी तालाब में गिरा रहे हैं, जिस कारण मच्छरों का जमकर प्रकोप बढ़ रहा है। लोगों ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों से बार-बार आग्रह करने के बावजूद वे कचरा उठाने नहीं आते हैं। लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि इससे पहले कि शहर दूसरी महामारी में जकड़ा जाए, सफाई व्यवस्था को बहाल किया जाए।



**जीर्णोद्धार** कोटला बरोग स्कूल में प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी की पहल, लोगों का मांगा सहयोग

## परीक्षा कक्ष और पुराने भवन की मरम्मत का उठाया बीड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बरोग के प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने पदभार संभालते ही स्कूल के परीक्षा कक्ष, भोजन कक्ष और पुराने भवन की मरम्मत का बीड़ा उठाया है। नेगी ने एसएमसी के पदाधिकारियों को साथ लेकर स्थानीय लोगों का सहयोग मांगा।

इसके परिणाम स्वरूप स्थानीय बद्रिका आश्रम के संचालक ने स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान राशि देने का आश्वासन दिया। कोटला बरोग स्कूल वर्ष 2019 स्तरोन्नत हुआ था। स्कूल में लगभग 150 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जैसे ही प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने पदभार संभाला, तो पाया कि स्कूल में परीक्षा कक्ष, एमडीएम के लिए भोजन कक्ष, पुराने भवन की मरम्मत और विद्यालय के चारदीवारी न होने के कारण विद्यार्थियों को पठन-पाठन में आ रही समस्या को देखते हुए स्कूल के मुख्याध्यापक की पहल पर एसएमसी अध्यक्ष गोविंद राम शर्मा पंचायत प्रधान देवेंद्र सिंह ठाकुर, एसएमसी सदस्य और स्कूल के अध्यापक सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत बद्रिका आश्रम के संचालक राजीव मित्तल से मिले और उन्हें इस समस्या के बारे में अवगत करवाया, जिसमें स्कूल में परीक्षा भवन और एमडीएम डाइनिंग हॉल के निर्माण के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करवाने के लिए आग्रह किया गया। बद्रिका आश्रम के संचालक ने कोटला बरोग स्कूल की इस समस्या की कमी को पूरा करने के लिए अनुदान राशि देने का आश्वासन दिया। इससे पहले सिरमौर के धार टिकरी स्कूल में प्रिंसिपल रहते बंसी लाल नेगी ने स्कूल में अनेक कार्यक्रम चलाकर मिसाल पेश की थी।




**कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्लड़**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज दिनांक 30 अगस्त 2024 को पंचायत बैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि ग्राम पंचायत चिल्लड़ में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्य करवाने हेतू सामग्री की सप्लाई के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी है। जिसकी सूचना समचार पत्र के माध्यम से तथा सूचना पट्ट द्वारा सार्वजनिक की जाए, ताकि इच्छुक ठेकेदार ,फर्म निविदाएं अप्लाई कर सके। ग्राम पंचायत बैठक में यह भी पारित हुआ कि निविदाएं पंजीकृत फर्म तथा ठेकेदार का जीएसटी बिल नंबर होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत द्वारा निम्न शर्तों के आधार पर तथा निम्न सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाएगी।

**सामग्री निम्न प्रकार से है:-** रेत, बजरी, क्रैशर, गटका, शटरिंग लकड़ी व प्लेट, बोल्डर, पत्थर (प्रति पत्थर) ईंट (प्रति ईंट) जेसीबी (प्रति घंटा), इंटरलॉक टाइल (प्रति टाइल), वाटर टंकी, सीमेंट कैरिज इत्यादि।

**शर्त व नियम निम्न प्रकार से होंगे।**

1. इच्छुक ठेकेदार व फर्म का जीएसटी बिल/नंबर होना अनिवार्य है। 2. फर्म व ठेकेदार पंजीकृत होने चाहिए। 3. निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा ही स्वीकार की जाएंगी। 4. निविदाएं पंजीकृत डाक/बंद लिफाफे द्वारा ही स्वीकृत की जाएंगी। 5. निविदाएं 07.09.2024 तक कार्यालाय ग्राम पंचायत में डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए। तथा निविदाएं 09.09.2024 को खोली जाएंगी। 6. निविदाएं स्वीकार व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 7. स्वीकृत निविदादाता द्वारा सप्लाई समय पर न होने की स्थिति में पंचायत द्वारा निविदा रद्द कर दी जाएगी। व न्यूनतम निविदा को सप्लाई ऑर्डर दिया जाएगा। निविदा दोबारा भी आमंत्रित की जा सकती है।

**सचिव, ग्राम पंचायत चिल्लड़**
**विकास खंड नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### सिद्धू मूसेवाला का नया गाना 'अटैच' रिलीज

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के कितने चाहने वाले हैं, इस बात का अंदाजा उनके नए गाने से लगाया जा सकता है। मूसेवाला का नया गाना 'अटैच' शुक्रवार को रिलीज होते ही छा गया है। गाना रिलीज होने के पांच घंटे के भीतर ही इसे 25 लाख लोगों ने देखा है। सिद्धू मूसेवाला के फैंस इस गाने पर खूब प्यार लूटा रहे हैं। गाने को यू-ट्यूब पर ही रिलीज किया गया है। सिद्धू मूसेवाला की मौत के बाद यह उनका 8वां गाना है जो यू-ट्यूब पर रिलीज किया गया है। सिद्धू के प्रशंसक उनके गीतों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लगभग एक सप्ताह पहले इस गाने की रिलीज को लेकर सिद्धू मूसेवाला के सोशल मीडिया अकाउंट पर परिवार की तरफ से जानकारी दी गई है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का नए गीत 'अटैच' का पोस्टर मूसेवाला के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया था, जिससे साफ था कि इस गीत का नाम ही जुड़ा हुआ है। गाने का टाइटल 'अटैच' रखा गया है। इसी गीत को स्टील बैंगल्स व फराडो के सहयोग से तैयार किया गया है। गाना अटैच सिद्धू मूसेवाला का इस साल का तीसरा गीत है। इस साल के शुरू में मूसेवाला का सन्नी मलेटन से पहला गीत रिलीज हुआ था, जबकि जून महीने में ब्रिटिश गायक व रैपर सटीफलोन डोन के साथ दूसरा गीत रिलीज हुआ था जिसका नाम डिलैमा था। सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह पहले ही दावा कर चुके हैं कि सिद्धू मूसेवाला के नए गीत को लेकर अभिभावकों व उसके प्रशंसों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)




### अवैध वेंडर को बक्शा नहीं जाएगा

**अनंत ज्ञान, मनीमाजरा।** नगर निगम सदन की बैठक में एनफोर्समेंट विंग की ड्यूटी रात 8 बजे तक लगने की मांग का मुद्दा उठने के बाद इसे अधिकारियों ने लागू कर दिया। इसके बाद मनीमाजरा में वीरवार को तैनात किए नए एनफोर्समेंट इंस्पेक्टर वेदप्रकाश गौतम ने रात 8 बजे तक ड्यूटी की। इस दौरान मोटर मार्केट और बस स्टैंड के आसपास बिना लाइसेंस वाले अवैध वेंडरों पर कार्रवाई कर उनका सामान और रेहड़ी आदि जब्त की। उन्होंने 16 लोगों के चालान काटकर अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अवैध वेंडर को बक्शा नहीं जाएगा। सभी पर कार्रवाई कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।बता दें कि मनीमाजरा में शाम छह बजे के बाद सड़कों और चौराहों पर अवैध रेहड़ियां लग जाती हैं। इस कारण सड़कों पर जाम लग जाता है और लोगों का वहां से निकलना मुश्किल हो जाता है।

### सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण किया

**नई दिल्ली ।** राजीव गौबा के सेवानिवृत्त होने के बाद टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गौबा 2019 से कैबिनेट सचिव थे और उन्होंने अभूतपूर्व रूप से पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। हाल ही तक केंद्रीय वित्त सचिव रहे सोमनाथन को 10 अगस्त को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए अगला कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी सोमनाथन एक दक्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी हैं। उन्होंने केंद्र में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें संयुक्त सचिव और बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय में अपर सचिव का पद भी शामिल है। सोमनाथन ने केन्द्रीय कारपोरेट मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया तथा वाशिंगटन में विश्व बैंक में कारपोरेट मामलों के निदेशक के रूप में नियुक्त हुए। सोमनाथन को जब कैबिनेट सचिव नियुक्त करने की घोषणा की गई तब वह वित्त सचिव और व्यय विभाग में सचिव का कार्यभार संभाल रहे थे। तमिलनाडु में उन्होंने चेन्नई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक और मुख्यमंत्री के सचिव जैसे कई अहम पदों पर कार्य किया। सोमनाथन जीएसटी लागू होने के महत्वपूर्ण चरण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव और वाणिज्यिक कर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे।

### पीएफआई नेता सलाम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता ओएमए सलाम को इस प्रतिबंधित संगठन और इसके सदस्यों के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम प्रतिभा सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दो हफ्ते की रिहाई देने के अनुरोध वाली सलाम की याचिका खारिज कर दी और कहा कि अंतरिम जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है और मौजूदा याचिका खारिज की जाती है।

### वक्फ विधेयक पर हितधारकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने शुक्रवार को हितधारकों, विशेषज्ञों और अन्य संस्थानों से प्रस्तावित कानून पर सुझाव मांगे हैं। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की पहली बड़ी पहल है। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली समिति ने विधेयक के 'व्यापक प्रभावों' को देखते हुए आम जनता और गैर-सरकारी संगठनों, विशेषज्ञों, हितधारकों और संस्थानों से विशेष रूप से विचार मांगे हैं। लोगों से अगले 15 दिनों के भीतर लिखित में अपने सुझाव साझा करने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि समिति को सौंपे गए ज्ञापन और सुझाव, समिति के रिकॉर्ड का हिस्सा होंगे और उन्हें 'गोपनीय' माना जाएगा।

### गाजा में पोलियो के कारण 3 दिन रुकेगी जंग

**गाजा।** इजराइल-हमास के बीच गाजा में तीन-तीन दिन के लिए कुछ इलाकों में सीजफायर पर सहमति बनी है। गाजा में 25 साल बाद 23 अगस्त को पोलियो का पहला केस मिला था, जिसके बाद 6.40 लाख बच्चों को पोलियो का टीका लगाया जाएगा। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अधिकारी रिक पीपरकोर्न ने कहा कि फिलिस्तीनी इलाकों में वैक्सीनेशन अभियान एक सितंबर रविवार को शुरू होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच सीजफायर रहेगा। डब्ल्यूएचओ अधिकारी ने कहा कि वैक्सीनेशन अभियान सेंट्रल गाजा में शुरू होगा, जहां तीन दिन का सीजफायर रहेगा। फिर दक्षिणी गाजा की ओर बढ़ेगा, जहां तीन दिन का और सीजफायर रहेगा। उसके बाद वैक्सीनेशन ड्राइव उत्तरी गाजा में चलाई जाएगी। पीपरकोर्न ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो हर इलाके में सीजफायर को चौथे दिन तक बढ़ाया जा सकेगा। गाजा में मरने वालों में 16 हजार से अधिक बच्चे हैं। वहीं 10 हजार से अधिक लोग लापता हैं।

# अकाल तख्त ने 'धार्मिक कदाचार' के लिए सुखबीर बादल को 'तनखैया' घोषित किया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई ''गलतियों'' के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी 'तनखैया' करार दिया। इस घोषणा के तुरंत बाद बादल ने कहा कि वह अकाल तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं।



बादल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पंजाबी में एक पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही माफी मांगने के लिए अकाल तख्त के सामने पेश होंगे। पांच तख्तों के सिंह साहिबान की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा।

जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने यहां अकाल तख्त परिसर से फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक बादल अपने पापों के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे 'तनखैया' बने रहेंगे। जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने बादल से 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से पेश होने और माफी मांगने को कहा। (अनंत ज्ञान)

### एनआईए ने पंजाब में छापेमारी की




चंडीगढ़ । राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता विकास प्रभाकर की हत्या मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पंजाब में छापेमारी की। प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की 13 अप्रैल को पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल में उनकी हलवाई की दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह विहिप की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे। एनआईए ने 9 मई को राज्य पुलिस से मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि विकास प्रभाकर की हत्या मामले में छापेमारी की जा रही है। छापेमारी के बारे में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। एनआईए ने हाल ही में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के साथ समन्वित अभियान में धर्मिंद्र कुमार उर्फ कुणाल (22) को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया था, जिसने हत्या में इस्तेमाल अवैध हथियार उपलब्ध कराए थे।

# युवाओं को सदैव समाज के लिए कार्य करना चाहिए : सुषमा गुप्ता



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

युवाओं को सभी प्रकार की समाज सेवा से जोड़ने एवं रचनात्मक कार्यों का आवश्यक प्रशिक्षण लेकर सदैव जनहित एवं समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उक्त कथन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा की चेयरपर्सन डॉ. सुषमा गुप्ता ने कुरुक्षेत्र स्थित पंजाबी धर्मशाला के प्रांगण में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रवक्ता हेतु आयोजित मूल्यांकन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रकट किए।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सक भी भगवान का रूप होते हैं क्योंकि डॉक्टर एंबुलेंस के आने से पहले व घटनास्थल पर पहुंचकर मरीजों एवं घायल व्यक्तियों की सहायता कर उन्हें बचा लेते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा रेड क्रॉस भारत वर्ष में प्राथमिक सहायता एवं ग्रह परिचर्या प्रशिक्षण में सदैव अग्रणी रहा है। (अनंत ज्ञान)

# कांगुड़ा पर्यटन एवं धार्मिक रूप में जल्द होगा विकसित : धामी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी स्थित कांगुड़ा नागराज मंदिर परिसर पहुंचकर श्री कांगुड़ा नागराज मंदिर पुनर्स्थापना जागरण समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर भगवान कांगुड़ा नागराज मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया।



मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर में भगवान कांगुड़ा नागराज के प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए समस्त प्रदेशवासियों की मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस पूज्य धरती पर दूसरी बार आने का उन्हें सौभाग्य मिला है। कांगुड़ा को पर्यटन एवं धार्मिक रूप में विकसित करने हेतु की गई घोषणा जल्द ही पूरी होगी। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराएगी लगभग 2 करोड़ की डीपीआर को जल्द स्वीकृति दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास मास्टर प्लान बनाकर किया जाएगा। मंदिर परिसर में आधुनिक गेस्ट हाउस, 30 हजार लीटर क्षमता का पेयजल स्टोरेज टैंक, मंदिर परिसर पहुंच मार्ग में टीन शेड, हाई मास्क आदि अन्य कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार देवभूमि के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब की याचिका पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**चंडीगढ़ ।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार की उस अंतरिम याचिका पर दो सितंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें ग्रामीण विकास कोष से संबंधित कथित बकाए के लिए केंद्र से 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि तत्काल जारी करने का अनुरोध किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर यह मामला दो सितंबर की कार्यसूची में सूचीबद्ध नहीं है।

वकील ने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि मामले को उस दिन सूचीबद्ध किया जाएगा। राज्य सरकार ने केंद्र के खिलाफ लंबित मुकदमे में एक अंतरिम अर्जी (आईए) दायर की है तथा अंतरिम उपाय के रूप में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि तत्काल जारी किए जाने का अनुरोध किया है।

# कांग्रेस और नकां के गठबंधन का मतलब है धारा 370 की फिर बहाली : अमित शाह

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

**कहा-देश के बंटवारे में कांग्रेस की मुख्य भूमिका रही है**

10 साल बाद जैसे-जैसे जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारों में गतिविधियां तेज हो रही हैं। सत्ता के लालच में राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी ने अब्दुल्लाह परिवार की नेशनल कॉन्फ्रेंस (नकां) के साथ गठबंधन कर लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हमेशा धारा 370, जेएंडके में अलग झंडा, आतंकवाद, अलगाववाद और पाकिस्तान का समर्थन किया है।



कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ बातचीत करना, आतंकवादियों के परिजनों को नौकरी देना और अलगाववाद को बढ़ावा देना नेशनल कॉन्फ्रेंस की राजनीति रही है। क्या ऐसे में यह मान लेना चाहिए कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अलग झंडे का समर्थन कर रही है? देश के बंटवारे में कांग्रेस की मुख्य भूमिका रही है और इस चुनाव में गठबंधन ने एक बार फिर कांग्रेस के मंसूबों को देश के सामने ला खड़ा किया है।

भारतीय राजनीति को नई पहचान दिलाने और जेएंडके को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने वाले राजनेता अमित शाह ने राहुल गांधी को कठघड़े में खड़ा करते हुए अपने सवालों के बाण दागे हैं।

सत्ता की लालची और देश की एकता को भंग करने वाली कांग्रेस पार्टी और अलगाववादी नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर शाह ने जोरदार हमला करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह का मानना है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कांग्रेस का गठबंधन इस बात का संकेत है कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे, धारा 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकवाद व अलगाववाद के युग की शुरुआत के समर्थन में खड़ी है। शाह ने पाकिस्तान के साथ व्यापार शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय पर भी कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# 1984 सिख विरोधी दंगे : अदालत ने टाइटलर के खिलाफ अभियोग तय करने के आदेश दिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की कथित हत्या से संबंधित एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों में अभियोग तय करने का आदेश शुक्रवार को दिया।



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं।'' इससे पहले एक गवाह ने आरोप पत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एंबेसडर कार से बाहर निकले और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि ''सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है।'' इसके बाद उग्र भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला। अदालत ने कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया, जिनमें गैर-कानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, घर में जबरन घुसना और चोरी शामिल हैं। अदालत ने आधिकारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर को सूचीबद्ध किया है।

### मुंबई में नाबालिग ने एसयूवी से बाइक सवार को रौंदा

**मुंबई ।** गोरेगांव में हुए एक दर्दनाक हादसे में की 24 साल के युवक नवीन वैष्णव की जान चली गई। यह हादसा 29 अगस्त की सुबह करीब चार बजे आरे कॉलोनी में हुआ, जहां एक तेज रफ्तार एसयूवी ने एक बाइक सवार दूध बेचने वाले को टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक एसयूवी चले 17 साल के किशोर ने बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। हादसे के बाद एसयूवी एक बिजली के खंभे से टकरा गई थी जिस कारण नाबालिग को मामूली चोटें आई थीं।

# हैरिस बोलीं-राष्ट्रपति बनने पर कैबिनेट में एक रिपब्लिकन को करेंगी शामिल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका की उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने निर्वाचित होने पर अपने मंत्रिमंडल में एक रिपब्लिकन को नियुक्त करने की इच्छा जताई। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष का नाम नहीं लिया। साक्षात्कार में हैरिस ने कहा कि चुनाव के लिए 68 दिन बचे हैं। मैंने अपने करियर में प्रत्येक विचारों का स्वागत किया। मुझे लगता है कि जब महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं तो मेज पर ऐसे लोगों का होना आवश्यक हैं जो अलग विचार रखते हैं। मुझे लगता है कि मेरे कैबिनेट में एक रिपब्लिकन का होना अमेरिका के लिए फायदेमंद साबित होगा। हैरिस ने फ्रैकिंग और इमिग्रेशन जैसे मुद्दों पर बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने देश के कई मुद्दों पर नई दृष्टिकोण दिया।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी नीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मेरे मूल्य कभी नहीं बदले। आपने ग्रीन न्यू डील का उल्लेख किया। मुझे लगता है कि मैंने इस पर हमेशा काम किया। जलवायु संकट वास्तविक है। इसके लिए हमें मेट्रिक्स लागू करना होगा।

# दो वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

**एजेंसी, चेन्नई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को दक्षिण भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस की दो नई सेवाओं की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर करेंगे। दक्षिण रेलवे ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै-बेंगलुरु छावनी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

विज्ञप्ति में बताया गया कि नागरकोइल तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस केवल उद्घाटन के दिन डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से रवाना की जाएगी, लेकिन इसकी नियमित सेवा चेन्नई एग्मोर (चेन्नई एषुंबूर) से होगी। यह बुधवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी दिन संचालित की जाएगी।

### उपराष्ट्रपति आज उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। अपने दौरे के दौरान, धनखड़ सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून में वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित करेंगे। अपने दौरे के दूसरे दिन वह राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति एम्स ऋषिकेश भी जाएंगे, जहां वह संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे।

# सितंबर के पहले सप्ताह में ब्रूनेई और सिंगापुर की यात्रा करेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर के पहले सप्ताह में ब्रूनेई और सिंगापुर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकार वार्ता में घोषणा की कि प्रधानमंत्री मोदी तीन और चार सितंबर को ब्रूनेई की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जायसवाल ने कहा कि यह यात्रा भारत और ब्रूनेई के कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत के 40 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है। वह सिंगापुर के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर उस देश का दौरा करेंगे।

# सेबी ने 39 शेयर और 7 कमोडिटी ब्रोकर का रजिस्ट्रेशन किया रद्द

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद्द कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी करने में विफल रहने पर इन ब्रोकर का पंजीकरण रद्द किया गया है। इसके अतिरिक्त, नियामक ने उन 22 'डिपॉजिटरी' प्रतिभागियों का पंजीकरण भी रद्द कर दिया, जो अब किसी भी 'डिपॉजिटरी' से संबद्ध नहीं हैं।




सेबी ने तीन अलग-अलग आदेशों में कहा, ''इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का मुख्य कारण उन्हें 'डिपॉजिटरी' का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है, जिससे 'अनजान' निवेशकों की सुरक्षा हो सके।

पंजीकरण रद्द होने के बावजूद, ये इकाइयां शेयर ब्रोकर या जिंस ब्रोकर या 'डिपॉजिटरी' प्रतिभागियों के रूप में की गई किसी भी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हैं। वे सेबी को देय किसी भी बकाया शुल्क, बकाया तथा ब्याज का भुगतान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। सेबी ने कहा कि 39 शेयर ब्रोकर और सात जिंस ब्रोकर को कुछ शर्तों के तहत पंजीकरण प्रदान किया गया था। इसमें यह शर्त भी शामिल थी कि वे किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के सदस्य बने रहेंगे।

### पहली तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली ।** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून, 2024 में घटकर 6.7 प्रतिशत रही है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के चलते पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार घटी है। हालांकि, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बना हुआ है। गौरतलब है कि अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो प्रतिशत रही। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7 प्रतिशत था। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सालाना आधार पर पांच प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सात प्रतिशत हो गई। तिमाही आधार पर जीडीपी वृद्धि की न्यूनतम दर जनवरी-मार्च, 2023 में 6.2 प्रतिशत थी।

## बाजार

**शेयर बाजारों में तेजी जारी, मजबूत वैश्विक रुख से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर**

# सेंसेक्स 231 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,235 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख और विदेशी कोषों की लिवाली के चलते शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए।




सूचकांक में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार धारणा को बल मिला। लगातार 9वें कारोबारी सत्र में तेजी के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 231.16 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़कर 82,365.77 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 502.42 अंक या 0.61 प्रतिशत उछलकर 82,637.03 अंक के नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई और 116 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 25,235.90 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी लगातार 12वें दिन तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 116.4 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25,268.35 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंचा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजार सितंबर में ब्याज दरों में कटौती के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आश्वसन से प्रभावित हैं। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने हाल के उच्चस्तर को फिर से हासिल कर लिया है। पूरे सप्ताह की बात करें तो बीएसई सेंसेक्स 1,279.56 अंक या 1.57 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी 412.75 अंक या 1.66 प्रतिशत के लाभ में रहा है। सेंसेक्स पिछले नौ दिन की लगातार तेजी में 1,941.09 अंक या 2.41 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी 12 सत्रों की लगातार तेजी में 1,096.9 अंक या 4.54 प्रतिशत चढ़ा।

# अवनि ने लगातार दूसरी बार पैरालंपिक में जीता स्वर्ण, मोना को कांस्य पदक

**एजेंसी, पेरिस**

'वंडर गर्ल' अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई, जिन्होंने टोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की मोना अग्रवाल को कांस्य पदक मिला।

तीन साल पहले टोक्यो में स्वर्ण जीतने वाली 22 वर्ष की अवनि ने 249.7 का स्कोर करके अपना ही 249.6 का पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। वहीं दो साल पहले निशानेबाजी में पदार्पण करने वाली मोना ने 228.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। ग्यारह वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह टोक्यो पैरालम्पिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थी। एसएच 1 वर्ग में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी बाजुओं, कमर के निचले हिस्से, पैरों में विकृति होती है या उनकी बाजू नहीं होती है।

क्वालीफिकेशन में गत चैंपियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रही। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके 5वां स्थान हासिल किया था।




## प्रीति पाल ने 100 मीटर में जीता कांस्य



**भारत** की प्रीति पाल ने पैरालंपिक की महिलाओं की टी35 वर्ग की 100 मीटर स्पर्धा में 14.21 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से कांस्य पदक जीता। चीन की झोऊ जिया (13.58) ने स्वर्ण और गुओ कियानकियान (13.74) ने रजत पदक जीता। टी35 वर्गीकरण उन खिलाड़ियों के लिए है जिनमें समन्वय संबंधी विकार जैसे हाइपरटोनिया, अटैक्सिया और एथेटोसिस तथा मस्तिष्क पक्षाघात आदि शामिल होते हैं।

## अफगानिस्तान की शरणार्थी खिलाड़ी ने पदक जीतकर इतिहास रचा




**अफगानिस्तान** की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता।

जाकिया एक बांह के बिना पैदा हुई थीं। उन्होंने 11 साल की उम्र में पश्चिमी अफगानिस्तान में अपने गृहनगर हेरात में एक गुप्त जिम में छुप कर ताइक्वांडो का अभ्यास करना शुरू किया था। देश में 2021 में तालिबान के उदय के बाद महिलाओं को खेलों में भाग लेने से करने से रोक दिया गया था। वह किसी तरह अफगानिस्तान से निकलने में सफल रहीं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की याचिका के बाद उसे अपने देश के लिए टोक्यो ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई। टोक्यो खेलों के बाद वह पेरिस में बस गई। जहां उन्हें पेरिस 2024 पैरालंपिक में शरणार्थी टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत आएंगे टेनिस दिग्गज अगासी



**नई दिल्ली ।** पूर्व विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी 'पीडब्लूआर (पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग) डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का उद्घाटन करने के लिए अगले साल जनवरी में भारत आने वाले हैं। इस टूर्नामेंट का मकसद भारत में पिकलबॉल को लोकप्रिय बनाना है। पीडब्लूआर ने हाल ही में एक नई रैंकिंग संरचना की शुरुआत की है और 'पीडब्लूआर डीयूपीआर (डायनामिक यूनिवर्सल पिकलबॉल रेटिंग) इंडियन टूर एंड लीग' का आयोजन इसी के मुताबिक होगा। 8 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अगासी ने भारतीय प्रशंसकों को एक वीडियो संदेश में कहा, "मैं भारत का दौरा करने और पिकलबॉल के प्रशंसको को रोमांचित करने के लिए उत्साहित हूं। मैं 'पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि यह इस देश में एक बड़ी सफलता होगी।"

### कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए समझौता

**नई दिल्ली ।** इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) ने भारत में कुश्ती को विकसित करने के इस खेल की वैश्विक नियामक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन को पेरिस के एफिल टावर के पास एक नाव पर स्थित यूडब्ल्यूडब्ल्यू के आतिथ्य स्थल, रेसलिंग हाउस में औपचारिक रूप दिया गया। समझौते का उद्देश्य विभिन्न पारस्परिक रूप से लाभप्रद कार्यक्रमों, पहलों, परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से भारत में कुश्ती के विकास के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करना है। आईआईएस के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, " हम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके रोमांचित हैं। इसका उद्देश्य खेल में भारत की प्रगति को आगे बढ़ाना है।"

### कप्तानी छोड़ेगी न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन

**क्राइस्टचर्च ।** न्यूजीलैंड की स्टार ऑल राउंडर सोफी डिवाइन टी-20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगी। यह 34 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि न्यूजीलैंड की वनडे टीम का नेतृत्व करना जारी रखेगी। डिवाइन ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने अभी तक 135 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 3,268 रन बनाए हैं।




# इगा यूएस ओपन के तीसरे दौर में

## यानिक सिनर ने एलेक्स मिशेलसन को एक घंटे, 39 मिनट में 6–4, 6–0, 6–2 से हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाईस लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6–0, 6–1 से हराया। यह मैच केवल 65 मिनट तक चला।

सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को एक घंटे, 39 मिनट में 6–4, 6–0, 6–2 से हराया। इटली के खिलाड़ी की इस सत्र में यह 50वीं जीत है। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से होगा, लेकिन अल्कराज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में चले आ रहे 15 मैचों के विजय अभियान को आगे नहीं बढ़ा सके। उन्हें दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी जैंडस्चुल्प से 6–1, 7–5, 6–4 से हार का सामना करना पड़ा। अल्कराज ने जून में फ्रेंच ओपन और जुलाई में विंबलडन जीता था।

### ओसाका बाहर



अमेरिकी ओपन में दो बार की चैंपियन ओसाका भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्होंने मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर फोरहैंड से गलतियां की और आखिर में उन्हें कैरोलिना मुचोवा ने 6–3, 7–6 (5) से हरा दिया।

5वीं वरीयता प्राप्त और 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, अन्ना कलिंस्काया, ल्यूडमिला सैमसोनोवा और डायना श्नाइडर भी तीसरे दौर में पहुंचने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं। पेगुला ने अमेरिका की अपनी साथी सोफिया केनिन को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त और 2022 की विंबलडन चैंपियन ऐलेना रयबाकिना पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से पहले टूर्नामेंट से हट गईं।

### प्वाइंट कार्ड

| स्वियातेक | | शिबहारा |
|---|---|---|
| 04 | एस | 01 |
| 00 | डब्ल फॉल्ट | 04 |
| 71% | पहली सर्व | 67% |
| 83% | पहली सर्व जीती | 51% |
| 80% | दूसरी सर्व जीती | 29% |
| 5/9 | ब्रेक प्वाइंट | 0/0 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 60 | प्वाइंट जीते | 29 |



### रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दूसरे दौर में



**भारत** के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को 6-3, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया की यह जोड़ी पिछले तीन मैच में हार के बाद अमेरिकी ओपन में उतरी थी, लेकिन यहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। बोपन्ना और एबडेन को शुरू में संघर्ष करना पड़ा और तीसरे गेम में उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने हालांकि जल्द ही वापसी कर दी तथा नीदरलैंड की जोड़ी की दो बार सर्विस तोड़कर लगातार चार गेम जीते।

## सचिन से मिली मनु भाकर



नई दिल्ली । पेरिस ओलंपिक में भारत का नाम रोशन करने वालीं भारतीय शूटर मनु भाकर इन दिनों काफी ज्यादा चर्चा में हैं। मनु ने ओलंपिक में इस बार दो ब्रॉन्ज मेडल जीते, जो पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल रहा।

भारत आने के बाद से ही मनु आए दिन किसी न किसी बड़े खिलाड़ी से मिलती हुईं नजर आ रही हैं। इस बीच उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की।

## गोल्डन टेंपल पहुंची विनेश फोगाट



**अमृतसर ।** ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट, जिन्हें पेरिस खेलों में 50 किग्रा के फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, ने शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर के नाम से मशहूर सिखों के सबसे पवित्र स्थल हरमंदिर साहिब का दौरा किया और कहा कि उन्होंने ताकत और साहस के लिए प्रार्थना की।

# यूरो 2024 में गोल करने में विफल रहने के बावजूद रोनाल्डो का नाम पुर्तगाल की शुरुआती टीम में

**एजेंसी, लिस्बन**

पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने यूरोपीय चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद नेशंस लीग के शुरुआती दो मैचों के लिए दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अपनी शुरुआती टीम में शामिल किया है।

मार्टिनेज ने पांच सितंबर को क्रोएशिया और आठ सितंबर को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने घरेलू मैचों के लिए शुक्रवार को टीम की घोषणा की। इस 39 साल के खिलाड़ी के नाम अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में 130 गोल का रिकॉर्ड है। यूरो में क्वार्टर फाइनल में फ्रांस द्वारा पेनल्टी शूटआउट में बाहर होने से पहले वह पुर्तगाल के सभी पांच मैचों में गोल करने में विफल रहे थे।



मार्टिनेज ने कहा कि यूरो 2024 के बाद उनकी टीम '2026 विश्व कप के लिए एक नया चक्र' शुरू कर रही है। उत्तरी अमेरिका में टूर्नामेंट शुरू होने के समय रोनाल्डो 41 वर्ष के हो जाएंगे। मार्टिनेज ने रोनाल्डो को शुरुआती टीम में शामिल किया है जबकि उनके पूर्ववर्ती फर्नांडो सैंटोस ने उन्हें 2022 विश्व कप के बीच में बेंच पर बिठाकर अपनी टीम और देश को चौंका दिया था।

# पूजा सिंह विश्व अंडर–20 चैंपियनशिप के फाइनल में

**एजेंसी, लीमा ( पेरू )**

भारत की पूजा सिंह ने विश्व एथलेटिक्स अंडर–20 चैंपियनशिप में महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 9वें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हरियाणा के फतेहबाद जिले की रहने वाले 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप–बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान हासिल किया और 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूजा ने पिछले साल कोरिया में एशियाई अंडर–20 चैंपियनशिप में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। ग्रुप–ए से 9 और ग्रुप–बी से 3 एथलीटों ने फाइनल में जगह बनाई।




# पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**एजेंसी, रावलपिंडी**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया।

बांग्लादेश दो मैचों की सीरीज में 1–0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी।

तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है।

दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर हैं। इसमें बांग्लादेश सातवें स्थान पर और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हार चुके पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से एक भी घरेलू टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए चार टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटे थे।

पाकिस्तान ने अपनी 12 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को बाहर कर दिया और लेग स्पिनर अबरार अहमद के साथ एक और बाएं हाथ के स्पिनर मीर हमजा को इसमें शामिल किया है।



**गोल्फ**

## दीक्षा डागर ने तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से 1 अंडर 72 का कार्ड खेला

# प्रणवी उर्स अच्छी शुरुआत के बाद फिसली

**एजेंसी, डबलिन**

भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में पार 73 के कार्ड के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर है।

हमवतन दीक्षा डागर ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी और तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से एक अंडर 72 का कार्ड खेला। वह संयुक्त 29वें स्थान पर है। प्रणवी ने 10वें होल से खेल शुरू करने के बाद 11वें, 12वें और 13वें होल में बर्डी लगाई। वह शुरुआती चार होल के बाद तीन अंडर के स्कोर के साथ शानदार स्थिति में थी। उन्होंने इसके बाद 15वें होल पर बोगी और 17वें होल पर बर्डी लगाई। वह इसके बाद चौथे, आठवें और नौवें होल में भी बर्डी कर बैठी।



प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (76) संयुक्त 93वें और रिद्धिमा दिलावरी (79) संयुक्त 128वें स्थान पर हैं। इन दोनों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा।

### शर्मा और चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंगलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। इंगलैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की। इन दोनों ने पहले दौर में समान 67 का कार्ड खेला जिससे वे दक्षिण अफ्रीका के थ्रिस्टन लॉरेंस और स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो से एक स्ट्रोक आगे हैं। लॉरेंस और कैंपिलो चार अंडर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### अहलावत इंडोनेशिया ओपन में संयुक्त 10वें स्थान पर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 5,00,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की। वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं। विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया। भारतीय खिलाड़ियों में अहलावत के बाद सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी का नंबर आता है।

